सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
27.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SANATAN DHARAM

khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 105

06 सनातन संस्कृति का विस्तार समाज ही करेगा



# राज्य में एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का आज होगा प्रकाशन : के रवि कुमार

- 9 दिसंबर तक दिये जा सकेंगे दावा एवं आपत्ति संबंधी आवेदन
- 28, 29 अक्टूबर के अलावा 4 और 5 नवंबर को विशेष अभियान
- लोकसभा में वोट करना है, तो 5 नवंबर तक बन सकते हैं नये वोटर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड (सीईओ) के रवि कुमार ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 1 जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संचालन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गये हैं। इसी के आलोक में राज्य में 27 अक्टूबर को एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक दावा एवं आपत्ति संबंधी आवेदन दिए जा सकेंगे। 28, 29 अक्टूबर के अलावा 4 और 5 नवंबर को विशेष अभियान दिवस चलाया जायेगा। इस दौरान सभी बीएलओ अपने बूथों पर रहेंगे और वोटर आईडी बनाने और दूसरे कार्यों में सहयोग देंगे। सारी प्रक्रियाओं के बाद अंततः 5 जनवरी, 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसी आधार पर वोटर लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मौके पर निर्वाचन विभाग के पदाधिकारी संजय पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**बनाये जायेंगे नये वोटर्स**

अगले वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग अपने स्तर से तैयारियों को अंतिम रुप देने में लगा है। इसी क्रम में आयोग की नजर ऐसे वोटरों पर विशेष तौर पर है जो 18 वर्ष या इससे उपर के हैं और वोटर कार्ड उनका नहीं बन सका है। इसके लिए तीन दिनों तक विशेष अभियान दिवस चलाया जायेगा।

**28 नवंबर से समावेशी सप्ताह**

सीईओ के रवि कुमार ने बताया कि 28 स्वच्छ, समावेशी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने को 28 नवंबर से समावेशी सप्ताह मनाया जायेगा। इस दौरान सभी पात्र नागरिकों का निबंधन और मतदाता सूची का शुद्धिकरण किए जाने पर जोर रहेगा। ट्रांसजेंडर, आदिम जनजाति ग्रुप, सेक्स वर्कर्स, 80 वर्ष से अधिक आयु के सीनियर सिटीजन, आश्रयविहीन लोग और आश्रयगृहों में निवास करने वाले लोगों का वोटर कार्ड बनाने का प्रयास विशेष तौर पर होगा। 28 नवंबर को आदिम जनजाति बहुल और दुरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अभियान के तहत मतदाता सूची में निबंधन का प्रयास होगा। 29 नवंबर को सभी जिलों में रैन बसेरा, आश्रय गृहों में रहने वालों तथा आवास विहीन लोगों का निबंधन के लिए अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए स्थानीय नगर निकायों, नगर निगमों की भी मदद ली जायेगी। 30 नवंबर और 1 दिसंबर को 80 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग के लोगों, दिव्यांगजनों का मतदाता सूची में मार्किंग के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। 2 दिसंबर को सभी ट्रांसजेंडर, सेक्स वर्कर्स वगैरह के लिए अभियान होगा, जिसमें झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाईटी की भी मदद ली जायेगी। 3 दिसंबर को दिव्यांगजनों के पंजीकरण के लिए आवश्यक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### बनाये गये 95 नये मतदान केंद्र

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की संख्या और सुविधाओं के लिहाज से अलग अलग जिलों में नए मतदान केंद्रों का गठन किया गया है। इस आधार पर 95 नए मतदान केंद्र बनाये गये हैं। अलग अलग जिलों में ऐसे 38 मतदान केंद्र जहां वोटरों की संख्या बेहद कम थी, उसे निकटवर्ती पोलिंग स्टेशन लोकेशन पर स्थित मतदान केंद्र के साथ मर्ज कर दिया गया है। मतदान केंद्रों के मर्जिंग (विलय, विलोपन) तथा नए मतदान केंद्रों के गठन के फलस्वरुप राज्य में आयोग द्वारा पूर्व में अनुमोदित 29464 मतदान केंद्रों के स्थान पर मतदान केंद्रों की कुल संख्या अब 29521 हो गयी है। इस प्रकार रेशनलाइजेशन के बाद राज्य में कुल 57 मतदान केंद्र अधिक हो गये।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संचालन से संबंधित विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक दावा एवं आपत्तियों संबंधी आवेदन देने की अवधि निर्धारित की गई है। 28 व 29 अक्टूबर को सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठेंगे। लोग चाहें तो इसका लाभ उठा सकते हैं. उन्होंने बताया कि कई जिलों में जरूरत के अनुरूप मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन भी किया गया है। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की कि वे सभी मतदान केंद्रों के लिए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति जरूर कर लें ताकि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ, त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची के निर्माण में उनका भी सहयोग प्राप्त हो सके।

के रवि कुमार ने बताया कि राज्य के सभी बीएलओ के उत्साहवर्धन और सम्मान में 27 अक्टूबर की सुबह 11 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक 1 घंटे का सोशल मीडिया अभियान चलाया जाना है। इस अभियान में राजनीतिक दलों के लोग भी सहभागिता निभाते हुए अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच कर बीएलओ की मौजूदगी में सेल्फी/फोटो लेकर सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर हैशटैग प्राउड ऑफ माय बीएलओ का उपयोग करते हुए पोस्ट करें। सभी से अपील की गई कि वे वोटर हेल्पलाइन एप का भी अपने स्तर से प्रचार प्रसार करें। साथ ही किसी प्रकार की नागरिक सहायता के लिए आम जनों के लिए निर्धारित टोल फ्री नंबर 1950 का भी प्रचार प्रसार करें। उन्होंने दिव्यांगजनों, ट्रांसजेंडर, वरिष्ठ नागरिकों, आदिम जनजाति के सदस्यों आदि के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया। मौके पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के अवर सचिव देवदास दत्ता तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की वाणिज्यकर आयुक्त से वैट कम करने की मांग

## आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, कहा- घट गयी डीजल की बिक्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का शिष्टमंडल गुरुवार को वाणिज्यकर आयुक्त से मिला। उन्हें ज्ञापन सौंपकर पेट्रोल-डीजल पर वैट घटाने की मांग की। शिष्टमंडल का नेतृत्व संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने किया। शिष्टमंडल में शरत दुदानी, नीरज भटाचार्य, संजीव राणा शामिल थे। शिष्टमंडल ने कहा कि वैट कम करने की मांग लंबे समय से हो रही है। लंबित मांग पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसके कारण झारखंड में डीजल की बिक्री घट गई है। विक्रेता परेशान रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड सरकार ने 24 फरवरी, 2015 को वैट 22% लगाया था। इसके बाद से ही संगठन लगातार वैट की दर को 22% से घटाकर 17% करने की मांग कर रहा है।

**दूसरे प्रदेशों की बिक्री बढ़ गई**

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पिछले साल अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत में लगभग 25% तक की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद भी केंद्र सरकार के हस्तक्षेप से खुदरा दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के मूल्य में आई स्थिरता के बावजूद पेट्रोलियम पदार्थों का कमर्शियल रेट, रिटेल प्राइस के लगभग बराबर हो गया है। यह सब मार्च, 2023 से हुआ है। इससे इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में झारखंड में डीजल की बिक्री घट गई है। दूसरे प्रदेशों की बिक्री बढ़ गई है।

### पड़ोसी राज्यों से अधिक है वैट

झारखंड में पड़ोसी राज्यों से अधिक वैट है। यहां वैट की दर 22% है। यह बिहार में 16.37 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 17.8 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 17% है। वैट कम होने के कारण इन राज्यों में डीजल की कीमत झारखंड से कम है। इसके कारण यहां के बड़े खिलाड़ी अगल-बगल के राज्यों की ओर रुख करते है।



### वैट घटने से प्रदेश को फायदा होगा

एसोसिएशन के मुताबिक वैट 17% कर दिये जाने से सरकार को प्रत्येक महीना 57 करोड़ रुपए का नुकसान जरूर दिखेगा। हालांकि बिक्री इतनी अधिक बढ़ जाएगी कि सरकार को हर महीने करीब 17 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होगी। एसोसिएशन ने कहा है कि सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करे। ऐसा नहीं करने से सरकार के साथ झारखंड के लोगों का भी नुकसान हो रहा है।

## गीताश्री उरांव कल फिर थामेंगी कांग्रेस का दामन



**रांची।** पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव एक बार फिर कांग्रेस का दामन थामेंगी। झारखंड प्रदेश कमेटी द्वारा चलाये जा रहे अभियान आ अब लौट चले के तहत उनकी यह घर वापसी हो रही है। एक प्रेस वक्तव्य के माध्यम से गीताश्री उरांव ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि 28 अक्टूबर को वह कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की उपस्थिति में फिर कांग्रेस का दामन थामेंगी। घर वापसी का यह कार्यक्रम आगामी 28 अक्टूबर को इटकी रोड स्थित मेजर कोठी के समीप आगमन बैंक्वेट हॉल में दोपहर तीन बजे आयोजित होगा। इस दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित रहेंगे। मालूम हो कि गीताश्री उरांव ने हाल के दिनों में व्यक्तिगत कारणों से कांग्रेस से किनारा कर लिया था।

# सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक की बदलेंगी किताबें, जुड़ेंगे नये चैप्टर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 की किताबें अगले साल से बदल जाएंगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बच्चों को नई किताबें मिलेंगी। नई किताबों में कई बदलाव किये जा रहे हैं। कई नए चैप्टर भी जोड़े जाएंगे। एनसीईआरटी की अंग्रेजी में छपी किताबों (अंग्रेजी को छोड़कर) का हिंदी में अनुवाद करके बच्चों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि बच्चे हिंदी में पढ़ाई कर आसानी से विषय के बारे में समझ विकसित कर सकें। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के. रवि कुमार ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पाठ्यक्रम निर्माण और किताबों के अनुवाद का काम शुरू हो गया है।



कक्षा 1 से 8 तक की किताबों की डिजाइन और निर्माण जेसीआईआरटी के द्वारा कराया जाता है। हर साल 1 से 8 तक की 42 किताबें प्रकाशित की जाती हैं। इन सभी किताबों में इस बार कुछ न कुछ संशोधन किया जाएगा। जेसीआईआरटी नए सत्र (2024-25) के लिए छपने वाली किताबों की प्रिंटिंग और पेपर की गुणवत्ता में भी सुधार करेगा। नए सत्र से आने वाली किताबों में जोड़े जाने वाले नये चैप्टरों से छात्रों को कई नई जानकारी मिलेगी। बच्चों को स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा और कृषि जैसे कई क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। साथ ही किताबों में पहले से हाथ से बनाई गई पेंटिंग वाली चित्रों को हटाकर डिजिटल इलस्ट्रेशन से बनी चित्रों को लगाया जाएगा।

### नयी किताबों में जोड़े जायेंगे ये नये चैप्टर

- झारखंड का इतिहास।
- झारखंड की कला-संस्कृति।
- हेल्थ और वेलनेस।
- सड़क सुरक्षा।
- जल संरक्षण।
- ऊर्जा संरक्षण।
- कृषि।

## यशस्वी मुखिया सम्मान से सम्मानित होंगे निवर्तमान मुखिया

**रांची।** लोकतंत्र 19 और मिशन बदलाव संगठन यशस्वी मुखिया सम्मान से निर्वतमान मुखिया को सम्मनित करेगा। यह जानकारी बदलाव संगठन के भूषण भगत ने गुरूवार को संवाददाता सम्मेलन में अपनी बातों को साझा करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन 30 दिसंबर को खेलगांव में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हर वो मुखिया शामिल होने के लिए आवेदन कर सकता है। इस समारोह में 24 जिलों के लगभग 4345 पंचायत में से 1100 पंचायत के निर्वतमान मुख्यिा भाग लेंगे जिसमें 20 यशस्वी मुखिया का चयन किया जाएगा। इस मौके पर अजीत लकड़ा ने कहा कि नगर निगम, नगर परिषद के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जो सम्मान मिलता है वो सम्मान पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों को वो सम्मान नहीं मिल पाता है।

## दिल्ली पहुंचे रघुवर दास, भाजपा के सभी पदों से सौंपेंगे इस्तीफा

### 31 को ओड़िशा के राज्यपाल पद की लेंगे शपथ

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को दिल्ली पहुंच गये। दिल्ली में वो बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। उन्हें पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा सौंपेंगे। बताते चलें कि रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है। 31 अक्टूबर को वो ओडिशा के राज्यपाल के रुप में शपथ ग्रहण करेंगे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास वर्तमान में बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। राज्यपाल बनाए जाने के बाद वो पार्टी से इस्तीफा देने के लिए दिल्ली गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि दिल्ली में रघुवर दास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा अन्य बड़े नेताओं से भी मुलाकात कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात होने की संभावना जताई जा रही है।



मालूम हो कि रघुवर दास झारखंड बीजेपी के कद्दावर नेता रहे हैं, कोल्हान की राजनीति में उनका खासा दबदबा रहा है। मजदूर नेता के रूप में उन्होंने अपनी पहचान बनाई। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से 1995 से वो लगातार विधायक बनते रहे हैं। बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा सरकार में वो मंत्री भी रहे थे। वहीं शिबू सोरेन की सरकार में रघुवर दास उपमुख्यमंत्री थे। 2004 में उन्हें बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया गया था। 2014 में झारखंड में एनडीए की सरकार बनने पर बीजेपी ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया। वो झारखंड के पहले गैर आदिवासी मुख्यमंत्री बने थे। 2019 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद, उन्हे पार्टी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी। फिलहाल उन्हें ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है।

## झारखंड के 36 अंचल को मिले नये अंचलाधिकारी

**रांची।** राज्य सरकार ने 36 अंचल अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इस संबंध में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इनमें 25 की पोस्टिंग की गई है, जो प्रतीक्षारत थे। वहीं 11 अंचल अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन हुआ है।

**कौन कहां गये**

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक विकास आनंद को पुटकी का नया सीओ बनाया गया है। वहीं, मनोज कुमार को जमशेदपुर, दीपक प्रसाद को इचागढ़, रवि कुमार को टुंडी, खगेन महतो को महगामा, तृप्ति विजय कुजूर को बालूमाथ, शशि भूषण सिंह को हजारीबाग सदर, अनूप कच्छप को कोलेबिरा, पुष्पक रजक को पोड़ैयाहाट, आलोक वरण केसरी को ठाकुरगंगटी, राजेश डुंगडुंग को बेंगाबाद, सुनील कुमार को नगर उंटारी, यामुन रविदास को हरिहरगंज, रविंद्र कुमार पांडे को डोमचांच, शंभू राम को कुंदा, संजय पांडेय को जमुआ, राकेश भूषण सिंह को भंडारिया, कमल किशोर सिंह को कोडरमा सदर, अमृता कुमारी को मोहनपुर, कृष्ण मुरारी तिर्की को सतबरवा, प्रताप मिंज को बेड़ो, सुनील कुमार को खरौंधी, पंकज कुमार को पेशरार, मधुश्री मिश्रा को जलडेगा, राकेश सहाय को गिढ्ढौर, धनंजय गुप्ता को हुसैनाबाद, संतोष शुक्ला को लिप्तीपाड़ा, अशोक कुमार सिंह को राजमहल, विकास कुमार को काठीकुंड. सुदीप एक्का को बलियापुर, रणवीर कुमार को मोहम्मदगंज, आफताब आलम को कांडी, केदारनाथ को बोआरीजोर, कमलेश उरांव को ठेठईटांगर और समीर कच्छप को बांसजोर सिमडेगा का अंचल अधिकारी बनाया गया है।

## अलग-अलग जिले में पदस्थापित इंस्पेक्टर का एसीबी में तबादला

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने अलग-अलग जिले में पदस्थापित इंस्पेक्टर का एसीबी में तबादला किया है। इससे संबंधित अधिसूचना गुरुवार की देर शाम जारी कर दी गयी है। जमशेदपुर जिला बल के राकेश कुमार और कमल नारायण सिंह, हजारीबाग जिला बल के अमित कुमार लकड़ा, पाकुड़ जिला बल के सुनीत कुमार, सरायकेला जिला बल के सुषमा कुमारी और धनबाद जिला बल के रासबिहारी लाल का तबादला एसीबी में किया गया है।


## पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची

**-: आवश्यक सूचना :-**

पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा Jharkhand Women's Asian Champions Trophy-2023 का आयोजन दिनांक–27.10.2023 से 05.11.2023 तक मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित है, इस अवसर पर सुगम यातायात हेतु यातायात एवं पार्किंग की निम्नवत् व्यवस्था की गई है :–

1. उपायुक्त आवास मोड़ से माननीय सांसद श्री शिबू सोरेन आवास होकर मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम तक सिर्फ टीम बसें/मीडियाकर्मी एवं पासधारी वाहन प्रवेश कर सकेंगे, सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।
2. पार्किंग व्यवस्था –
   - टीम बस/हॉकी इंडिया एवं अति महत्वपूर्ण वाहनों की पार्किंग मोरहाबादी टी.ओ.पी. परिसर के अन्दर बने पार्किंग स्थल में होगी।
   - लाल पासयुक्त वाहन (वी.वी.आई.पी. वाहन पास) – मोरहाबादी मैदान अवस्थित मुख्य मंच के पीछे वाहन पार्क कर सकेंगे।
   - वेस्ट स्टैण्ड 1st फ्लोर एवं 2nd फ्लोर के दर्शक तथा मीडियाकर्मी जिन्हें क्रमशः नारंगी/नीला/हरा वाहन पास निर्गत किया गया है, अपने वाहन मोरहाबादी मैदान अवस्थित मुख्य मंच के आगे/पीछे निर्धारित क्षेत्र में वाहन पार्क करेंगे।
   - गेट नम्बर–03 से प्रवेश करने वाले दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग मोरहाबादी बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम के दक्षिण मोरहाबादी मैदान में कर सकेंगे।
   - गेट नम्बर–04 से प्रवेश करने वाले दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग करमटोली धुमकुड़िया परिसर/आई.एम.ए. परिसर/माननीय श्री शिबू सोरेन आवास के बगल मार्ग में कर सकेंगे।
   - यातायात पुलिस राँची का – Twitter - @TrafficRanchi
     Facebook - Ranchi Traffic Police
     Whatsapp - 8987890772




पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची।

PR : 309948(Police)23-24


# झारखंड में वोटरों की संख्या पहुंची ढाई करोड़ के पार

- पहली बार वोटिंग करने वालों में लड़कों से अधिक होंगी लड़कियां

सुधीर

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गुरुवार को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दिया है। इसके अनुसार झारखंड में मतदाताओं की संख्या 2.50 करोड़ के पार हो गई है। पहली बार वोटिंग करने वालों में लड़कों से अधिक लड़कियां होंगी। सीईओ के अनुसार महज 10 महीने में 5,29,905 वोटर्स जुड़े हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के आंकड़े जारी करते हुए झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रदेश की जनसंख्या 4,23,96,021 है। इसमें 2,50,59,746 लोग मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं। इनमें 1,28,24,009 पुरुष वोटर हैं, जबकि 1,22,35,359 महिला मतदाता हैं।



**4,28,165 मृत वोटर चिन्हित**

निवार्ची पदाधिकारी के मुताबिक बीएलओ ने घर-घर जाकर सत्यापन किया है। इसमें 4,80,352 वोटर अनुपस्थित थे। 5,12,132 वोटर अन्यत्र चले गये, जबकि 4,28,165 वोटर की मृत्यु हो चुकी है। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया है कि बीएलओ ने कुल 2,50,59,746 वोटरों में से 2,48,68,375 मतदाताओं का सत्यापन किया, जो कुल वोटर्स का लगभग 99.24 फीसदी है। यह भी बताया कि सत्यापन के दौरान बीएलओ ने 3,58,663 ब्लैक एंड व्हाइट फोटो की पहचान की, जबकि 85,408 रिपीटेड इलेक्टर्स की भी पहचान हुई।

**2.16 फीसदी बढ़े वोटर**

झारखंड में मतदाताओं की अब तक की यह सर्वाधिक संख्या है। हालांकि, यह ड्राफ्ट मतदाता सूची है। अंतिम मतदाता सूची 1 जनवरी 2024 को प्रकाशित की जाएगी। पिछले पांच पुनरीक्षण कार्यक्रमों पर गौर करेंगे, तो पाएंगे कि इस बार अब तक 2.16 फीसदी वोटर बढ़े हैं। वर्ष 2022 में सबसे ज्यादा 2.70 फीसदी वोटर बढ़े थे। वर्ष 2018 (10 जनवरी 2018) में अंतिम मतदाता सूची में वोटर्स की कुल संख्या 2,18,35,434, वर्ष 2019 (30 जनवरी 2019) में 2,19,81,479, वर्ष 2019 (12 जनवरी) में 2,26,17,612, वर्ष 2021 (15 जनवरी) में 2,35,39,328, वर्ष 2022 (5 जनवरी) में 2,44,73,937 और वर्ष 2023 (5 जनवरी) में 2,45,29,841 हो गई. 27 अक्टूबर 2023 के ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल 2,50,59,746 वोटर हैं।

### 378 थर्ड जेंडर और 4,01,105 फर्स्ट टाइमर

थर्ड जेंडर के वोटरों की संख्या 378 है। फर्स्ट टाइम वोटर्स की बात करें, तो इनकी संख्या 4,01,105 है। युवा वोटर्स में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,73,539 और महिला वोटर्स की संख्या 2,27,542 है। 18 से 19 वर्ष की आयु के थर्ड जेंडर वोटर्स की संख्या 24 है। झारखंड में मतदाता लिंगानुपात 954 है, जबकि मतदाता जनसंख्या अनुपात 59.11 है। के रवि कुमार ने बताया है कि झारखंड में कुल 3,32,564 दिव्यांग मतदाता हैं। इनमें 65,037 दृष्टिबाधित, 48,493 मूक–बधिर, 1,68,780 चलने–फिरने में अक्षम और अन्य दिव्यांगता वाले 74,147 वोटर हैं।

नगर संस्करण । पेज : 12 | 27.10.2023 | शुक्रवार | आश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 105 | khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023



## न्यूज डायरी

### श्रीलंका ने इंग्लैंड को आठ विकेट से धो डाला

**बेंगलुरु।** श्रीलंका ने डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को 8 विकेट से हरा दिया है। टॉस जीत कर पहले खेलते हुए इंग्लैंड ने श्रीलंका को 157 रन का लक्ष्य दिया। निसंका के 77 और सदीरा के नाबाद 65 रन की बदौलत श्रीलंका ने 25.4 ओवर में ही जीत हासिल कर ली।

### टाटा निवासी बीआइटी के छात्र ने की खुदकुशी

**रांची।** बीआइटी मेसरा के एक छात्र सौरभ सुमन(22) ने हॉस्टल के अपने कमरे में गुरुवार की रात खुदकुशी कर ली। वह जमशेदपुर के टेल्को इलाके का रहने वाला था। बीआइटी ओपी पुलिस ने खबर मिलने पर हॉस्टल जा कर छात्र का शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। मामले की छानबीन में जुट गयी है। सौरभ के पिता बलिराम बैठा को घटना की जानकारी पर देर रात देर रांची पहुंचे। सौरभ के दोस्तों ने पुलिस को बताया कि पूरे दिन सौरभ को देखकर यह कहीं से भी नहीं लगा कि वह किसी तरह से परेशान है। (पेज 5 भी देखें)

### चाईबासा: फिर एक जवान घायल रांची एयरलिफ्ट

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान जंगल में नक्सलियों के स्पाइक होल की चपेट में आकर सीआरपीएफ के एक सब इंस्पेक्टर परविंदर सिंह घायल हो गये हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया है।

### इंडियन नेवी के आठ पूर्व जवानों को फांसी की सजा

**नयी दिल्ली।** नौसेना के जवान रहे आठ लोगों को कतर की कोर्ट के जासूसी के मामले में फांसी की सजा सुनायी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस फैसला से हैरान है। मंत्रालय कानूनी टीम के संपर्क में और हर संभव मदद करेंगे।

### दुर्घटनाग्रस्त होने से बची हावड़ा एक्सप्रेस

**चक्रधरपुर।** टुनिया स्टेशन के पास ट्रैक मेंटेनर की सूझबूझ से एक बड़ा रेल हादसा टल गया। निरीक्षण के क्रम में टीम को दरार दिखी। किसी तरह ट्रेन को रोक कर हादसा टाला।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## रांची में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी आज से, उद्घाटन मैच जापान और मलेशिया के बीच

# सभी टीमें अहम, किसी को हल्के में नहीं लेंगे : सविता

- पहली बार झारखंड को मिली है वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी
- भारतीय टीम में झारखंड की निक्की प्रधान और संगीता भी हैं शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ियों का शुक्रवार से जलवा देखने को मिलेगा। झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का उदघाटन मैच शुक्रवार को जापान और मलेशिया के बीच होना है। उद्घाटन समारोह में झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के भी शामिल होने की उम्मीद है। मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कैप्टन सविता पुनिया ने कहा कि भारत में पहली बार वुमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी झारखंड को मिली है। भारतीय टीम की कप्तान ने कहा कि इस चैंपियनशिप में हमारी पूरी कोशिश होगी कि हम परफॉर्मेंस से आपको संतुष्ट कर सकें। उन्होंने कहा कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में शामिल सभी टीमें महत्वपूर्ण है। हम किसी भी टीम को अंडरस्टीमेट नहीं कर सकते है। वह गुरुवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं। मौके पर वाइस कैप्टन ग्रेस एक्का, कोच जेनेक शोपमैन भी मौजूद थीं। भारतीय टीम में झारखंड की निक्की प्रधान और संगीता शामिल हैं। प्रतियोगिता को ले कर हर स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

**2016 की जीत दोहराने उतरेगा भारत :** प्रतियोगिता का आगाज 27 अक्टूबर से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड में होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम 2016 की जीत को दोहराने के लिए उतरेगी। बताया कि इस प्रतियोगिता को लेकर पूरी टीम एक्साइटेड है। हम पूरी तरह तैयार हैं। इसमें शामिल हर टीम चाहे वह चीन हो, जापान, कोरिया, थाईलैंड या मलेशिया, सभी अच्छी टीम हैं। ऐसे में हर मैच महत्वपूर्ण होगा। भारतीय टीम में शामिल हर प्लेयर्स भी इस टूर्नामेंट के लिए महत्वपूर्ण हैं। झारखंड की निक्की प्रधान और संगीता सहित हर प्लेयर्स की विशिष्ट भूमिका है। ब्यूटी फिलहाल टीम में नहीं हैं, क्योंकि वह इंज्यूरी से जूझ रही हैं। हम सभी 18 खिलाड़ी और अपना बेस्ट देने को तैयार है। उम्मीद है इस मैदान में आपको कुछ बेहतर ही देखने को मिलेगा। हम किस टीम के साथ खेल रहे हैं, इसे महत्वपूर्ण मानने से बेहतर खेल को महत्वपूर्ण मानें, हमारे लिए मैच महत्वपूर्ण है। (शेष पेज 11 पर)



मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करतीं भारतीय टीम की कोच, कप्तान और उप कप्तान।

### सीएम हेमंत सोरेन ने कहा- जोहार एशिया...



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर भी जोहार-एशिया के जरिये लोगों से प्रतियोगिता में आने की अपील भी की है। उन्होंने कहा झारखंड को मेजवानी मिलना हमारे लिए गौरव की बात है। अधिक से अधिक संख्या में स्टेडियम पहुंच कर खिलाड़ियों को हौसला और झारखंड का मान बढ़ायें। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए राजधानी रांची पूरी तरह से तैयार हो चुका है। झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड ने खेलप्रेमियों के लिए निशुल्क प्रवेश की घोषणा की है, ताकि, प्रतियोगिता का आनंद ज्यादा से ज्यादा लोग ले सकें।

**झारखंड के लोगों में हॉकी का क्रेज :** सविता ने कहा कि झारखंड में इंटरनेशनल टूर्नामेंट पहली बार खेल रहे हैं, लेकिन घरेलू प्रतियोगिता में पहले भी खेल चुके हैं। रांची में 2011 में जब नेशनल गेम्स खेला था, तब से पता है कि झारखंड के लोगों में हॉकी का क्रेज है। यहां के लोग इस गेम को काफी सपोर्ट करते हैं। रांची में इस तरह का टूर्नामेंट किया जा रहा है, यह हम भारतीय टीम के लिए अवसर की तरह है।

**बेहतरीन होगा प्रदर्शन : दीप ग्रेस एक्का** उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा कि तैयारी अच्छी है। पेनाल्टी कॉर्नर को लेकर भी तैयारी की जा रही है। टीम बेहतरीन प्रदर्शन दिखायेगी। झारखंड में हॉकी को काफी सपोर्ट मिल रहा है, यह खुशी की बात है।

**घरेलू दर्शकों के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें - कोच:** भारतीय टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा कि एक टीम के रूप में हमारी गति और हमारे निरंतर सुधार को जारी रखने के लिए यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमने कांस्य पदक का दावा करने के लिए एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया था। आगामी टूर्नामेंट हमें अपने एशियाई चैलेंजर्स के खिलाफ अपनी स्थिति में और सुधार करने का मौका देगा। रांची में होने वाले टूर्नामेंट के साथ हम इसके लिए उत्सुक हैं। घरेलू प्रशंसकों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और एक टीम के रूप में अपने विकास को प्रदर्शित करें।

## बिरसा मुंडा की जयंती पर विकसित भारत संकल्प यात्रा की करेंगे लांचिंग

# 15 को आयेंगे मोदी, देंगे कई सौगात

- उलिहातू जा कर बिरसा मुंडा को करेंगे नमन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पीएम मोदी 15 नवंबर को झारखंड दौरे रांची आयेंगे। यहां से वे भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने खूंटी के उलिहातू जायेंगे। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। आदिवासी बहुल इलाकों से यात्रा की शुरुआत होगी, जो दो महीने तक चलेगी। इस यात्रा के तहत देशभर के लिए 2500 आइइसी वैन रवाना किये जायेंगे। ये वैन ढाई लाख ग्राम पंचायतों और 3700 शहरी निकायों में पहुंचेगी।

संकल्प यात्रा के दौरान नुक्कड़ नाटक और क्विज के जरिये केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जायेगा और योजनाओं के लाभुकों की कहानी भी बतायी जायेगी। यात्रा के दौरान लाभुक अपने अनुभव भी शेयर करेंगे। इस मौके पर पीएम द्वारा जनजातीय समुदाय के लिए कई योजनाएं भी शुरू की जा सकती हैं। इसके अलावा कई योजनाओं की घोषणा भी पीएम कर सकते हैं।

**इन राज्यों में नहीं निकलेगी यात्रा :** छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत नहीं होगी। इन राज्यों में चुनाव की घोषणा से आदर्श आचार संहिता लागू है। चुनाव खत्म होने के बाद यहां इस यात्रा की शुरुआत होगी।

**पिछले साल राष्ट्रपति गयीं थी उलिहातू :** पिछले वर्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 15 नवंबर को उलिहातू का दौरा किया था। यहां उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश की थी। पीएम मोदी अपने किसी भी संबोधन में भगवान बिरसा मुंडा को याद करना नहीं भूलते हैं। कुछ वर्षों से लगातार उनके जन्मदिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके अलावा 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस भी है, जहां हर साल कई कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कल आयेंगे रांची

इधर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 28 को रांची आ रहे हैं। वह झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। हरमू मैदान में संकल्प यात्रा का समापन समारोह प्रस्तावित है। हालांकि, झारखंड बीजेपी का कहना है कि जेपी नड्डा के रांची दौरे का पूरा शेड्यूल अभी नहीं आया है।

# सेना ने फिर मार गिराये लश्कर के पांच आतंकी

- सीमा पार से घुसपैठ विपल पाकिस्तान की खुली पोल

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** कश्मीर में सुरक्षा बलों हाथ गुरुवार को बड़ी कामयाबी लगी। सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक बड़े ऑपरेशन में लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की चिनार कोर ने कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया और उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस नाकाम घुसपैठ के साथ ही पाकिस्तान एक बार फिर से बेनकाब हो गया है। कश्मीर जोन के एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि मारे गये लश्कर के आतंकियों की पहचान की जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

**पाक प्रायोजित घुसपैठ :** ऑपरेशन की जानकारी देते हुए जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि इस बेल्ट के सामने का क्षेत्र लंबे समय से कुख्यात है। वहां अच्छी संख्या में कैंप, लॉन्चिंग पैड और ट्रेनिंग सेंटर हैं। पीओके में कम से कम 16 लॉन्चिंग पैड मौजूद हैं। घुसपैठियों को भेजने के लिए उनकी ओर से ये गतिविधियां जारी रहती हैं। कभी-कभी हथियार और नार्को तस्करी के प्रयास होते हैं। डीजीपी ने कहा कि घुसपैठ की कोशिशें होती रहती हैं और वे उनमें से अधिकांश को विफल करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, पुलिस और सेना सहित हमारा प्रयास पाकिस्तान और उसकी एजेंसियों द्वारा इस प्रकार के प्रयासों को विफल करना है। आज का ऑपरेशन भी उसी प्रयास का एक हिस्सा है।

# चुनावी तैयारी में जुट जायें पार्टी कार्यकर्ता: हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोहराय भवन में झामुमो की बैठक**

**रांची।** सत्तारूढ़ झामुमो की राज्य संगठनात्मक बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह सीएम हेमंत सोरेन ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ चुनावी तैयारियों में जुट जायें। सोहराय भवन में हुई इस बैठक में सभी जिला अध्यक्षों, जिला सचिवों, ब्लॉक अध्यक्षों और ब्लॉक सचिव मौजूद थे। श्री सोरेन ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच ले जाने के निर्देश भी दिया। श्री सोरेन ने कहा कि राजनीतिक दल अक्सर चुनाव के लिए तैयार रहते हैं। यह बैठक पहले होनी थी लेकिन किसी न किसी कारण से नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि राजनीति में पाठशालाएं चलती रहती हैं। हमें संगठन को मजबूत करना है। इसके साथ ही झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने सवालों के जवाब दिये। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान अगर सहयोगी दल चुनावी सभा का आग्रह करेंगे तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उसमें जरूर शामिल होंगे। वहीं उन्होंने कहा कि चुनाव में कौन छोटा भाई होगा और कौन बड़ा भाई, इसका फैसला इंडिया दल की बैठक में तय हो जायेगा। पार्टी की ओर से कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया गया कि पदाधिकारी उनकी बात जरूर सुनेंगे। साथ ही उन्हें कहा गया कि वे आम जनता की बात सुनें।

# पीटीआर में दिखा बाघ, मवेशी का किया शिकार

- इलाके में अलर्ट जारी, बाघ की गतिविधियों पर नजर

**खबर मन्त्र समवाददाता**

**बेतला।** झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में एक बार फिर बाघ देखा गया है। पीटीआर के उत्तरी प्रमंडल में ट्रैकर गार्ड व ग्रामीणों ने बाघ को देखा। बाघ देखे जाने की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम वहां पहुंची और बाघ के पग मार्क, स्टेट (मल) व बाघ के बाल बरामद किये। वन विभाग की टीम को अलग-अलग जगहों पर गायों के अवशेष भी मिले हैं। माना जा रहा है कि उसी बाघ ने इन गायों का शिकार किया है।

पीटीआर के डायरेक्टर कुमार आशुतोष ने बाघ को देखे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि बाघ की सभी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। बाघ दिखने के साथ ही एक बार फिर से पलामू टाइगर रिजर्व के पदाधिकारियों में खुशी की लहर है। करीब छह माह पहले भी बाघ को पलामू टाइगर रिजर्व के कुटकू प्रक्षेत्र में देखा गया था। इस बार सुरक्षा सहित अन्य कारणों को देखते हुए बाघ के देखे जाने वाले स्थान का खुलासा नहीं किया जा रहा है। बेतला के जंगल में विचरण कर रहे बाघ की तस्वीर लेने के लिए एक दर्जन से अधिक कैमरा ट्रैप लगाये गये हैं।

**उपनिदेशक ने भी की है पुष्टि :** इलाके में हाई अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अधिकारी इलाके में कैम्प कर रहे हैं। पीटीआर के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने भी बाघ के मिलने की पुष्टि की है। (शेष पेज 11 पर)

### बाघ के बाल की देहरादून में होगी जांच



विभागीय पदाधिकारी का कहना है कि स्केट व बाल को जांच के लिए वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ देहरादून भेज दिया गया है। प्लास्टर ऑफ पेरिस के जरिये पागमार्क को अंकित किया गया। बाघ के पग मार्क खोजने के लिए टीम के लोगों को पूरी सतर्कता के साथ काम करने का निर्देश दिया गया था। अधिकारियों ने उम्मीद जतायी है कि बाघ आसपास के ही इलाके में मौजूद है।



स्पीड न्यूज

## गेतलसूद पूजा समिति ने की मेला परिसर की सफाई

**सिकिदिरी।** दुर्गा पूजा समिति गेतलसूद के सदस्यों ने गुरुवार को समिति के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में श्रमदान करके गेतलसूद मैदान की साफ-सफाई की। बुधवार को रावण दहण कार्यक्रम को लेकर पूरे मैदान में जगह-जगह गंदगी फैली हुई थी। मेला में लगाये गये अधिकांश दुकानदारों ने गंदगी को मैदान में ही छोड़ दिया था। श्रमदान करनेवालों में मुख्य रूप से बिगेश्वर महतो, मंगल भोगता, राजकुमार बैठा, धर्मवीर नायक, रंजीत उरांव, सोनू उरांव आदि शामिल थे।

## सोनाहातू : किसानों के बीच कृषि उपकरण का वितरण

**सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखंड परिसर में कृषि विभाग के द्वारा एनएफएसएम योजना के तहत प्रगतिशील किसानों के बीच 80 प्रतिशत अनुदान पर 10 पावर स्प्रेयर 5 मेनवल स्प्रेयर 3 पानी मशीन पंप का वितरण किया गया। कृषि उपकरण का वितरण बीडीओ खगेश कुमार, बीएओ विष्णु खंडित और बीटीएम दीनानाथ भगत ने संयुक्त रूप में किया। किसान कृषि उपकरण का उपयोग सूखा की स्थिति से निपटने के लिए करेंगे।

## बेड़ो के नये सीओ ने दिया योगदान



**बेड़ो।** बेड़ो अंचल के नए सीओ प्रताप मिंज ने गुरुवार को योगदान दिया। इधर पूर्व बीडीओ सह सीओ सुमंत तिर्की ने उन्हें पदभार सौंपा। सीओ सुमंत तिर्की का स्थानांतरण कोडरमा जिला में एलआरडीसी के पद पर हो गया है। वहीं मौके पर पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## बालेश्वर बेदिया बने सोहराय जतरा समिति के अध्यक्ष

**सिकिदिरी।** बदरी के ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया को कुच्चू पंचायत के अंबाटुंगरी में 15 नवंबर को होनेवाले सोहराय जतरा समिति का अध्यक्ष चुना गया। जतरा टांढ़ में गुरुवार को आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक सोहरैया बेदिया की अध्यक्षता में हुई। समिति के अन्य सदस्यों में मुख्य संरक्षक जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, सचिव- सोहरैया बेदिया, कोषाध्यक्ष महेंद्र बेदिया, संरक्षक कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, पंसस जोन तिग्गा, डॉ सचिमोहन कुमार, जयदेव बेदिया, जयशंकर पाहन, उपाध्यक्ष- संतोष बेदिया, शनिचरवा बेदिया, जीतराम बेदिया, सहसचिव- शंकर बेदिया, शंभू लोहरा, मुचीराम बेदिया को बनाया गया। इस अवसर पर अनिल बेदिया, गिलू बेदिया सोमरा बेदिया, सुखराम बेदिया, सोनाराम बेदिया, रामेश्वर बेदिया, सुकरा लोहरा, विजय लोहरा शामिल हैं।

# नामकुम : देसी पिस्तौल और गोली के साथ चार गिरफ्तार

**● सदाबहार चौक के हिंद मोटर गैरेज से हुई गिरफ्तारी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नामकुम पुलिस ने थाना क्षेत्र के सदाबहार चौक स्थित हिंद मोटर गैरेज से चार लोगों को एक लोडेड देशी पिस्तौल और दस गोलियों के साथ पकड़ कर जेल भेज दिया। इस मामले में ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि एएसपी मूमल राजपुरोहित के नेतृत्व में बनायी गयी टीम जब मौके पर पहुंची तो हिंद मोटर गैरेज में बैठे सभी लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। सभी को पुलिस टीम द्वारा खदेड कर पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान गैरेज के अलमीरा में रखे एक आठ चक्रीय देशी पिस्तौल, चार 3.15 और 7.65 बोर की छह जिंदा गोली भी बरामद की गयी, जिसके बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गए लोगों में लाल साहब कंपाउंड के मोना घोष उर्फ अमरकांत घोष, डोरंडा के रहनेवाले शहबाज अंसारी और मोहम्मद ईब्राहिम तथा दिलीप रजक शामिल हैं। पुलिस पकड़े गए लोगों के अपराधिक इतिहास को खंगाल रही है।

**टीम में थे शामिल**

ग्रामीण एसपी ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने वाली टीम में थानेदार सुनील तिवारी, एसआई बोएस मुंडू, अविनास राज, बबलू कुमार, एएसआई राजेश राय और पुलिस बल शामिल थे।

## अमन गिरोह का कुख्यात नेपाली गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**एटीएस पर हमले का है आरोपी,कई मामले हैं दर्ज**



**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने अमन श्रीवास्तव गिरोह के कुख्यात अपराधी मोहम्मद उर्फ नेपाली को रांची से धर दबोचा है। साल 2022 में भी नेपाली को एटीएस की टीम के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन उस दौरान भीड़ ने एटीएस पर हमला कर नेपाली को मौके से भगा दिया था। मोहम्मद उर्फ नेपाली अमन श्रीवास्तव गिरोह का कुख्यात अपराधी है। नेपाली पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। एटीएस के चंगुल से फरार होने के बाद वह अपना ठिकाना लगातार बदलकर रह रहा था। इसी बीच एटीएस की टीम को यह सूचना मिली कि वह अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास देखा गया है। एटीएस ने अरगोड़ा इलाके में नजर रखनी शुरू की, इस दौरान अरगोड़ा में उसके कुछ रिश्तेदार भी देखे गये तब एटीएस को यह पक्का विश्वास हो गया कि जरूर नेपाली भी इलाके में भी है। तलाशी के दौरान एटीएस की टीम को नेपाली अरगोड़ा स्टेशन के पास दिखा एटीएस ने उसे घेर कर धर दबोचा। गिरफ्तार नेपाली, श्रीवास्तव गिरोह के पास से मिले 50 लाख रुपये केस में भी नामजद है। इसके अलावा रांची और राज्य के दूसरे जिलों के थानों में भी उस पर कई मामले दर्ज हैं।

**एटीएस पर हुआ था हमला :** नेपाली रांची के खलारी थाना क्षेत्र के राय का रहने वाला है। 17 जनवरी 2022 को एटीएस की टीम ने राज्य भर में अमन श्रीवास्तव गिरोह के अपराधियों के खिलाफ बड़ी रेड की थी। नेपाली को दबोने एटीएस की टीम सादे लिबास में उसके ठिकाने तक पहुंची थी। एटीएस ने उसे गिरफ्तार भी कर लिया था, लेकिन जैसे ही एटीएस की टीम मोहम्मद और नेपाली को अपने साथ लेकर जाने लगी उसने शोर मचा दिया कि उसका अपहरण हो रहा है। ग्रामीणों ने एटीएस की टीम पर हमला कर टीम का हथियार तक छीन लिए थे। इस हमले में कई एटीएस अफसर को चोट आई थी, जिसके बाद एटीएस के द्वारा खलारी थाने में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई थी। भीड़ का फायदा उठाकर नेपाली फरार होने में कामयाब हो गया था। उस समय से ही नेपाली अपने ठिकाने बदलकर एटीएस से बचता रहा था।

## बिरसा मुंडा जयंती पर लगेगा जतरा खोड़हा नृत्य होगा आकर्षण का केंद्र

**● भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति की बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पड़हा भवन सदमा मैदान में गुरुवार को बिरसा मुंडा जयंती सह आदिवासी 22 पड़हा जतरा को लेकर एक बैठक हुई। भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति सदमा के अध्यक्ष हरिलाल मुंडा की अध्यक्षता में हुई बैठक में बिरसा मुंडा जयंती पर 15 नवंबर को धूमधाम से जतरा लगाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि 14 नवंबर को संध्या सात बजे झिरगा पाहन के नेतृत्व में जतरा खूंटा में रंगुवा मुर्गा की बलि देकर जतरा का शुभारंभ की जाएगी। वहीं 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पारंपरिक वेश- भूषा में खोड़हा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं जतरा में बच्चे-बच्चियों के नृत्य के साथ नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन की जाएगी। बैठक में जतरा अध्यक्ष रवि मुंडा, जिप सदस्य कमिसनर मुंडा, 22 पड़हा अध्यक्ष बाबूलाल महली, रितेश मुंडा, लक्ष्मन मुंडा बुद्धेश्वर मुंडा, लोकन मुंडा, फुलेश्वर मुंडा, भगत उरांव, शिबू उरांव, सनजय लोहरा, जमुना मुंडा, नागेश्वर कोटवार, खुदन मुंडा, लहसन मुंडा, इंदु मुंडा, बिटलेश उरांव, आनद उरांव, बीरन उरांव, रमेश मुंडा राजू उरांव व स्मारक सह जतरा समिति के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

## रमेश साहू अध्यक्ष और सुजीत बने सचिव

**मुरगू चौक दुकानदार संघ का हुआ गठन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** मुरगू चौक के दुकानदारों की बैठक लखन गोप की अध्यक्षता में हुई। इसमें संघ के गठन पर चर्चा की गयी। करीब 3 घंटे चली बैठक के बाद रमेश साहू सर्वसम्मति से अध्यक्ष, मजलूम अंसारी उपाध्यक्ष, सुजीत सिंह सचिव और पंकज साहू कोषाध्यक्ष चुने गये। 17 कार्यकारिणी सदस्यों का भी चुनाव किया गया। इसमें अच्छू सिंह, विवेक साहू, काली साहू, अजय प्रसाद, तारिक अंसारी, मुकेश साहू, दीपक साहू, रवि प्रसाद, बसंत साहू, प्रदीप साहू, कमल लकड़ा, बिगल उरांव, प्रदीप प्रसाद, कलाम अंसारी, फैयाज अंसारी, राजू वर्मा व शफीक अंसारी शामिल हैं। वहीं लखन गोप और महावीर विश्वकर्मा संरक्षक बनाये गये हैं।

**दो साल का होगा कार्यकाल**

नवगठित संघ के अध्यक्ष रमेश साहू ने बताया कि कार्यकाल 2 साल का होगा। प्रत्येक 15 दिन में बैठक होगी। संघ की पहली बैठक 5 नवंबर को दिन के 11 बजे निर्धारित की गयी है। सदस्यों से प्रतिमाह 50 रुपये शुल्क लिये जायेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि अगली बैठक में दुकानों में सीसीटीवी लगाने का निर्णय लिया जायेगा। स्थानीय विधायक नवीन जायसवाल से चौक में हाई मास्ट लाइट की मांग की जायेगी, ताकि प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हो सके।

## एक नजर में

### संत अलोसियस स्कूल अनगड़ा की छात्रा ने तीरंदाजी में जीता सिल्वर मेडल



**सिकिदिरी।** संत अलोसियस सेकेंड्री स्कूल अनगड़ा की कक्षा आठ की छात्रा आर्यना कुमारी ने सीबीएसई जोनल ईस्ट जोन (अंडर-14) कंपाउंड इवेंट तीरंदाजी प्रतियोगिता में बुधवार को सिल्वर मेडल जीता। प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 अक्टूबर तक एसडीएम स्कूल जमशेदपुर में किया जा रहा है। आर्यना कुमारी जोन्हा आर्चरी सेंटर में प्रैक्टिस करती है। इस टूर्नामेंट को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन सीबीएसई करा रही है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से सीबीएसई नेशनल टीम का सेलेक्शन किया जाएगा। जोन्हा तीरंदाजी सेंटर के कोच रोहित कोयरी, जिला परिषद सद्स्य राजेंद्र शाही मुंडा व स्कूल की प्राचार्या सिस्टर मर्सी मेथ्यू ने आर्यना को इस सफलता पर बधाई दी है।

### मुजफ्फरपुर बना अंतर क्षेत्रक बैडमिंटन टूर्नामेंट चैंपियन



**अनगड़ा।** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित ठाकुर विश्वनाथ सहदेव इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम खेलगांव में चल रहे अंतर क्षेत्रक बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को हो गया। फाइनल मैच क्षेत्रक मुजफ्फरपुर और क्षेत्रक पूर्णिया के बीच खेला गया, जिसमें क्षेत्रक मुजफ्फरपुर ने 2-0 से विजय हासिल कर इस टूर्नामेंट का चैंपियन बना। मुख्य अथिति गिरीश कुमार राठौर ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी देकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी सचिन कुमार, उप कमांडेंट सुनील कुमार, अनुराग सिंह, संजीव कुमार, सहायक कमांडेंट संचार सहित बलकर्मी व खिलाड़ी उपस्थित थे।

### सिल्ली : प्रेम वाटिका मैरेज हॉल का उद्घाटन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार के दिन सिल्ली थाना के समीप प्रेम वाटिका मैरिज हॉल का उद्घाटन स्थानीय विधायक सुदश कुमार महतो ने फीता काटकर किया। मैरिज हॉल के संचालक मनोज कुमार ने बताया कि यह मैरिज हॉल सभी सुख सुविधाओं का ध्यान रखते हुए बनाया गया है एवं लोगों की मूलभूत आवश्यकता बिजली और पानी की व्यवस्था 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। कमल किशोर कुशवाहा ने बताया कि यह हाल ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु बाला उप प्रमुख आरती देवी अरविंद कुमार कुशवाहा धीरज कुमार कुशवाहा अंबुज कुमार कुशवाहा आजसू के संजय सिद्धार्थ लक्ष्मण महतो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने अनवार अहमद, दी बधाई



**ओरमांझी।** झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष इरबा निवासी अनवार अहमद अंसारी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्याक विभाग) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के कांग्रेसी व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। अनवार अहमद अंसारी दी छोटानागपुर रिजनल हैंडलूम इरबा के अध्यक्ष भी हैं। गुरुवार को अंजुमन कमेटी के सदर व पूर्व पंसस इंम्तियाज ओहदार व समाज सेवी अब्दुल सतार अंसारी सहित कई लोगों ने अनवार अहमद को बूके देकर बधाई दी। कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा अनवार अहमद को राष्ट्रीय टीम में स्थान देकर झारखंड को राजनीतिक महत्व दिया गया है। इससे आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी को लाभ मिलेगा। बधाई देने वालों में पूर्व उप प्रमुखा मुंतजीर अहमद रजा, खुर्शीद अनवर, छोटे सरकार, रइस अंसारी, इस्तियाक अंसारी, फिरोज अंसारी, समीम अंसारी सहित कई शामिल थे।

### संकल्प यात्रा को बनायेंगे यादगार : संजय सेठ

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के पतराहातू स्कूल मैदान में संकल्प यात्रा को लेकर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। मौके रांची सांसद संजय सेठ ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों से कहा कि हेमंत सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल की संकल्प यात्रा सिल्ली प्रखंड में यादगार रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में दिन-प्रतिदिन महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। राज्य में आधारभूत संरचना का काम रुक गया है। बिजली-पानी को लेकर ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है। वहीं बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। भाजपा नेता डॉ राजाराम महतो ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं जबरदस्त उत्साह है।

## पत्नी की हत्या के आरोप में पति को जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव में एक विवाहिता मालती देवी की हत्या करने का आरोप स्थानीय अखबार के पत्रकार पति अनिल महतो पर लगा है। घटना बुधवार की रात दस बजे की है। सूचना पर सिकिदिरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर पुलिस ने हत्यारोपित पति अनिल महतो को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू निवासी मृतका मालती देवी के भाई अनुज महतो ने सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव निवासी अपने जीजा अनिल महतो समेत अनिल महतो की कथित प्रेमिका गांव की ही गुड़िया देवी व ओरमांझी थाना क्षेत्र के कुच्चू गांव निवासी अनिल के जीजा विष्णु महतो पर हत्या का आरोप लगाते हुए सिकिदिरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार वर्ष 2010 में मालती देवी का विवाह कुटे निवासी सुखदेव महतो के पुत्र अनिल महतो से हुआ था। विवाह में अपनी हैसियत से भी अधिक खर्च किया था। विवाह के बाद से ही अनिल अपनी पत्नी मालती देवी के साथ मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहता था। प्राथमिकी के अनुसार अनिल के गांव की ही एक विवाहित महिला गुड़िया देवी के साथ नाजायज संबंध था। मालती के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। आरोप है कि बुधवार को अनिल की कथित प्रेमिका गुड़िया देवी का मृतका के साथ इसी बात को लेकर झगड़ा भी हुआ था। मृतका के साथ गाली-गलौज की गई थी। आशंका जताई गई है कि बुधवार की रात उक्त तीनों ने मिलकर मालती की गला दबाकर हत्या कर दी है।

## नगड़ी : स्थानीय लोगों के निजी वाहनों का नहीं लगेगा टोल टैक्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के चौली पतरा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर टोल प्लाजा बन कर तैयार है। 25 अक्टूबर से टोल टैक्स वसूली शुरू हो चुकी है। इससे नगड़ी और इटकी के लोगों में भारी आक्रोश है। आसपास के लोग कुछ देर के लिए टोल प्लाजा परिसर में सड़क पर बैठ गये। काफी समझाने के बाद वे वहां से हटे। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि टोल टैक्स वसूली से पूर्व स्थानीय लोगों की जो समस्या है, उसे भी सुना जाना चाहिये। ऐसा नहीं करके एनएचआई के अधिकारियों ने टोल टैक्स की वसूली शुरू कर दी। इससे गुस्साये लोगों ने टोल प्लाजा पर पहुंच कर खूब हंगामा किया। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और अजय नाथ शाहदेव, नगड़ी के जिप सदस्य बजरंग महतो, शाहिद अहमद ने एनएचआई के वरीय अधिकारियों से वार्ता के बाद बताया कि नगड़ी और इटकी के दोपहिया, तीन पहिया और चार चक्का वाहन का टैक्स नहीं लगेगा। लेकिन ग्रामीणों का मांग थी कि नगड़ी और इटकी से चलने वाली सभी प्रकार के वाहन का टोल टैक्स फ्री हो।

## ऐतिहासिक गुतरु मेला में कई जिलों से पहुंचे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक गुतरु मेला गुरुवार को संपन्न हो गया। मेला का उदघाटन बीडीओ धीरज कुमार, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहु, जिप सदस्य रामजीत गंझु, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने किया। मेला में बुढ़मू समेत खलारी, चतरा, लातेहार, रामगढ़, हजारीबाग, लोहरदगा समेत अन्य जगहों से हजारों मेलार्थी शामिल हुए। मेला में मेलार्थियों ने कृषि उपकरण, मिठाई, ईख समेत घरेलू समान की जमकर खरीदारी किये। मेला में आयोजन समिति द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसका दर्शकों ने देर शाम तक लुत्फ उठाया।

**अब शुरू होंगे मांगलिक कार्य**



क्षेत्र में गुतरु मेला के बाद ही शादी समेत अन्य कार्य आरंभ होते हैं। क्षेत्र में परंपरा है कि गुतरु मेला में ही लड़का व लड़की को शादी के लिए देखने की परंपरा होती है। आज के समय में भी यह परंपरा चलती आ रही है। मेला में विधि व्यवस्था की कमान थाना प्रभारी कमलेश राय संभाले हुए थे। मेला के सफल आयोजन में समिति के राहुल कुमार, संदीप कुमार, मधुसुदन पाहन, शिवचरण महतो, नागेश्वर महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### सन्नी टोप्पो ने मृतक के परिवार को किया आर्थिक सहयोग

**बेड़ो।** गुरुवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि महादेव कुजूर, रंजन गुप्ता, रमेश भगत, बुदू उरांव व बिमल भगत ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर मृतक सूरज बड़ाईक के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। महादेव कुजुर ने कहा कि आप के हर सुख-दुख में सदैव आपके साथ खड़ा हूं। मौके पर मृतक की मां लीलवा देवी, पूनम देवी, सरिता देवी, प्रतिमा देवी, संगीता देवी, विनय टोप्पो, राहुल गोप मौजूद थे।

# मुड़मा जतरा स्थल से 25 किमी तक रहेगी शराबबंदी

**● मुड़मा जतरा को लेकर मेला समिति की प्रशासन के साथ हुई बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**30 और 31 अक्टूबर को लगेगा ऐतिहासिक मुड़मा जतरा, उमड़ेंगे लोग**



**मांडर।** आगामी 30 एवं 31 अक्टूबर को लगने वाले ऐतिहासिक मुड़मा जतरा की विधि व्यवस्था को लेकर गुरुवार को जतरा समिति और प्रशासन के बीच पड़हा भवन मुड़मा सभागार में धर्मगुरु बंधन तिग्गा की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य रूप से मेला संचालन को लेकर विचार- विमर्श किया गया। जिसमें बिजली की समुचित व्यवस्था, पानी की समुचित व्यवस्था, खराब पड़े चापा नलों की मरम्मत, मेला परिसर में घुसने वाले सहायक सड़कों में ट्रैफिक की व्यवस्था, जतरा स्थल में पुलिस कैंप की व्यवस्था, बिजली, पानी, चापानल मरम्मत, ब्लीचिंग छिड़काव, ट्रैफिफ व्यवस्था, गड्ढों की भराई, स्वंसेवकों के खाने की व्यवस्था, असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस बल, जतरा स्थल से 25 किलोमीटर तक शराबबंदी, सीसी टीवी एवं ड्रोन कैमरा, वॉच टॉवर समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही फायर ब्रिगेड की सुविधा, स्वास्थ्य शिविर समेत पाड़के पाहन, 500 सेट धोती की व्यवस्था की मांग और प्रत्येक धर्मगुरु को 1000 हजार रुपए की मांग की गई। पड़हा कार्यकर्ताओं के लिए पुलिस मित्र अंकित 1000 टी शर्ट की भी व्यवस्था करने की आग्रह किया गया। एसडीओ दीपक दुबे ने जतरा संचालन के लिए सभी जरूरतों को पूरा कराने की बात कही और विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला से पहले अभी आवश्यक चीजें पूरी की जाये। इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा के लिए गर्व की बात है कि यहां पर दो राजकीय मेला का आयोजन किया जाता है। इसे सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में पहचान मिला हुआ है। ये देखकर और खुशी होती है कि मेला के संचालन में सभी संप्रदाय के लोग सहयोग देते हैं। यह काफी सराहनीय है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगले वर्ष पहले से तैयारी की जाये। साथ ही सरकारी सहायता को बढ़ाने की जरुरत की भी बात कही। समापन समारोह में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। बैठक का संचालन मांडर अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो ने किया।

**बैठक में ये लोग थे मौजूद**

बैठक में ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, डीएसपी अंकिता राय, इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, जिपस बिनोदित तिग्गा, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, चिकित्सा प्रभारी डा किशोर कुल्लू, थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, पेय जल एसडीओ देवानंद सिंह, बिनोद लकड़ा, सुरसा मुखिया फुलमनी मिंज, मुड़मा मुखिया बंधन उरांव, मांडर मुखिया प्रकाश खलखो, बाबू पाठक, आबिद अंसारी, समीम अख्तर आजाद, शंकर अचार्य, रंथू उरांव, अनिल उरांव, बिहारी उरांवए कमले किशपोट्टा सहित अन्य मौजूद थे।

# शौक और मौत

झारखंड के देवघर जिले में एक कार के पुल से गिर जाने के कारण एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। दुर्घटना उस वक्त हुई जब वाहन पुल से सिकटिया बैराज में गिर गया। कार देवघर के सारठ स्थित आसनसोल संकुल गांव से गिरिडीह जा रही थी। पुलिस ने कहा, हादसा तब हुआ जब परिवार का एक सदस्य, जो पेशे से इंजीनियर था, वाहन चलाते समय सेल्फी लेने लगा और वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। जब लोगों के शौक उनके जीवन को खतरा में डाल रहा है और कई दर्दनाक हादसे लगातार घट रहें हैं ऐसे में यह घटना उन लोगों के लिये सीख है जो मोबाइल से सेल्फी लेने के क्रम में सुरक्षा की चिंता नहीं करते हैं। देश में हालत इतनी खराब हो गयी है कि हर दिन कम से कम दस व्यक्ति की जान मोबाइस से सेल्फी लेने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात करने, सड़क पर चलते हुए और सड़क पार करते समय मोबाइल पर बात करते रहने से हो रही है। यही नहीं तेज वाहनों पर स्टंट करते हुए रील बनाने, किसी भी फॉल या नदी सहित रेलगाड़ियों के गेट से लटककर विडियो बनाने की आदत लगातार खतरनाक होती जा रही है। मोबाइल का लगातार प्रयोग और इसके व्हाट्सअप, फेसबुक सहित विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों पर जिस प्रकार की स्थितियां बन रही है वह मौत का कारण बन रही है। कई ऐसे जॉब्स है जिनके कारण दर्जनों मौत की घटना भी सामने आ रही है। सामान्य तौर पर वाहन चलाने वाले चालक भी ऐसे बात करने की शौक के कारण दुर्धटनाग्रस्त हो रहें हैं। विगत दिनों एक रेल दुर्धटना का कारण भी लोको पॉयलट के मोबाइल पर बातचीन ही बनी। देश का कानून भी इसे गैर कानूनी मानता है लेकिन शौक लगातार मौत का कारण बन रहीं है।

# कृषि उत्पाद के मूल्य

देश में ऐसे वक्त में जब पांच राज्यों में चुनाव सिर पर हैं और आम चुनाव भी दूर नहीं हैं, सरकारें और राजनीतिक दल लक्षित समूहों को लाभ पहुंचाने का श्रेय ले रहे हैं। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन वर्ष 2024-25 में छह रबी फसलों के लिये एमएसपी वृद्धि का फैसला लिया है। राजनीतिक व धार्मिक त्योहारों की बयार में केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि गेहूं समेत छह रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी में दो से लेकर छह प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। कहा जा रहा है कि केंद्र में राजग सरकार बनने के बाद एमएसपी में यह सबसे बड़ी वृद्धि है। सबसे ज्यादा वृद्धि मसूर की दाल की एमएसपी में 425 रुपये की गई है। सरकार का कहना है कि इस कदम से फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा। यह भी कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की सिफारिश पर मसूर की दाल के समर्थन मूल्य में सबसे ज्यादा वृद्धि की गई है। इसके बाद राई व सरसों के लिये दो सौ रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। साथ ही जौ व चने की एमएसपी में भी वृद्धि हुई है। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या लागत से दोगुनी मूल्य की जो बात कही जा रही थी उस दिशा में कोई काम हुआ है। साथ ही बाजार मूल्य से कम मूल्य पर जो फसल विशेषकर गेंहू सरकार द्वारा खरीदे जाते हैं उस गणित को सही समझें। वैसे केन्द्र सरकार देश भर के उत्पादन का 14 प्रतिशत से अधिक नहीं खरीदती है। किसान के उत्पादों के मूल्य राजनीति के भेंट चढ़ जाते हैं। यह अलग बात है कि विगत दशक में किसान एक बड़ा वोट बैंक बन कर उभरा है और देश के 60 करोड़ किसान परिवार का ख्याल सरकार कैसे करती है क्योंकि सत्ता की चाभी उनके पास ही है।

# पुत्र बने भगवान

विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** हरण के बाद राम ने रास्ते में रक्त देखकर कहा लक्ष्मण लगता है कि लड़ाई भी हुई है क्योंकि खून नजर आ रहा है। आगे बढ़ने पर मांस के टुकड़ें भी नजर आ रहें हैं। फिर आगे जाने पर गिद्धराज जटायु घायल गिरे हुए मिले। श्रीराम ने कहा आपकी यह दशा। जटायु ने कहा रावण ने यह दशा कर दिया है। वह अक्सर ही इधर आता था। जब आज आपलोगों के निवास के निकट जा रहा था तब मैं सचेत हो गया। थोड़ी देर बाद जब वह सीता का हरण करके लौटा तब मैंने उसके रथ को रोका और कहा कि मेरे रहते हुए तुम सीता को लेकर नहीं जा सकते हो। मुझे इतना ही दुख है कि वह मुझसे तलवार का धनी निकला। मुझे घायल करके गिरा दिया औरमेरी आंखों के सामने सीता को लेकर चला गया। ये प्राण निकलना चाहते थे लेकिन मैंने रोककर रखा था इसलिये कि मैं यह खबर आपको कर दूं तब मरूं। श्रीराम दौड़कर जटायु के देह को स्पर्श किये और कहा कि मैं आपके प्राण को रोक दूं। जटायु ने कहा प्रभु मुझे मरने दीजिए, मत रोकिए। क्योंकि एक न एक दिन इस शरीर को मरना ही है और मरने के लिये ऐसा बहाना नहीं मिलेगा कि सीता के लिये लड़कर और कटकर मर जांए। दूसरी बात यह कि मेरी मुक्ति हो रही है। जिस मुक्ति के लिये मुनि लोग जन्म साधन करते हैं और अंत तक नहीं मिलती। वो मुक्ति मुझे हासिल हो रही है। मेरी आंखों के सन्मुख आप है। मेरा ध्यान आपमें लगा हुआ है और आपको देखते-देखते मैं प्राण छोड़ रहा हूं। अतः मुझे मरने दीजिए। गीधराज ने प्राण छोड़ दिया। राम ने कहा लक्ष्मण पिता के मित्र थे इसलिये पिता तुल्य हैं। लकड़ियां इकट्टा करो।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड



साभार:कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### संकीर्ण सोच

**सेंटर** फॉर केटलाइजिंग चेंज (सी) के सर्वेक्षण के अनुसार समाज की स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण मानसिकता बरकरार है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लड़कों के तुलना में लड़कियों की मोबाइल उपयोगिता बहुत ही कम है जो तकनीक और शिक्षा को लेकर स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण विचार और नकारात्मक वृत्ति सिर्फ मानसिक पराभव की राह दशार्ते हैं। यह एक गंभीर खतरा है।

**-पुलकित जैन,रांची**

### नस्लवाद से नुकसान

**नस्लवाद** या प्रजातिवाद की अवधारणा को किसी भी हाल में सही नहीं ठहराया जा सकता। अश्वेतों की मात्र इसलिए खिल्ली नहीं उड़ाई जानी चाहिए कि वे अश्वेत हैं, क्योंकि ऐसा करना वसुधैव कुटुंबकम की भावना के विपरीत है। इस संकीर्ण मानसिकता का खात्मा तभी संभव हो सकता है जब हम सभी में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का विकास होगा।

**– सुनील कुमार, हजारीबाग**

# सनातन संस्कृति का विस्तार समाज ही करेगा






**- प्रह्लाद सबनानी**

> कलियुग में हिंदू समाज में संगठन शक्ति के जागरण के उद्देश्य से वर्ष 1925 में विजय दशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार ने की थी। जो आज अपने 98 वर्ष पूर्ण कर एक विशाल वट वृक्ष के रूप में हमारे सामने खड़ा है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज पूरे विश्व में सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन माना जाता है।

**भारत** के वेद एवं पुराणों में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को हल करने के उपाय बताए गए हैं। विभिन्न युगों में अलग अलग शक्तियों को प्रधानता दी गई है, इन शक्तियों के माध्यम से ही विभिन्न समस्याओं पर विजय प्राप्त की जा सकती है।

प्राचीनकाल में भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस खंडकाल में समस्त प्रकार की गतिविधियां चाहे वह सामाजिक क्षेत्र में हों, सांस्कृतिक क्षेत्र में हों, आर्थिक क्षेत्र में हों अथवा किसी भी अन्य क्षेत्र में हों वह भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करते हुए ही सम्पन्न की जाती थीं। समाज में किसी भी प्रकार के कर्म को धर्म से जोड़कर ही किया जाता था एवं अर्थ को भी धर्म से जोड़ दिया गया था। कर्म, अर्थ एवं धर्म मिलकर मानव को मोक्ष प्राप्त करने की ओर प्रेरित करते थे। सामान्यतः राष्ट्र के नागरिकों में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं के बराबर ही रहती थी और समस्त नागरिक आपस में मिलकर हंसी खुशी अपना जीवन यापन करते थे।

भारत के वेद एवं पुराणों में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को हल करने के उपाय बताए गए हैं। विभिन्न युगों में अलग अलग शक्तियों को प्रधानता दी गई है, इन शक्तियों के माध्यम से ही विभिन्न समस्याओं पर विजय प्राप्त की जा सकती है।

ह्लत्रेतायां मंत्र-शक्तिश्च, ज्ञान शक्तिः कृत्ते-युगे। द्वापरे युद्ध शक्तिश्च, संघेशक्ति कलौयुगे।।

सतयुग में ज्ञान शक्ति, त्रेता युग में मंत्र शक्ति, द्वापर युग में युद्ध शक्ति एवं कलयुग में संगठन शक्ति को प्रधानता दी गई है। परंतु, त्रेता युग में भी भगवान राम ने वानर सेना सहित समाज को संगठित करते हुए असुरी शक्तियों पर विजय प्राप्त करने में सफलता हासिल की थी एवं रावण का संहार किया था। द्वापर युग में भी महाभारत का युद्ध पांडवों ने संगठन भाव के कारण एक उद्देश्य को सामने रखकर जीता था। जबकि, कौरवों की सेना के महारथी अपने व्यक्तिगत संकल्पों, प्रतिज्ञा एवं प्रतिशोधों के लिए लड़े और युद्ध हारे थे।

इसी प्रकार कलयुग में कालांतर में जब छोटे छोटे राज्य स्थापित होने लगे तब इन राज्यों के बीच आपस में संगठन का स्पष्ट तौर पर अभाव दृष्टिगोचर होने लगा और वे आपस में ही लड़ने लगे थे। संगठन का अभाव एवं सनातन संस्कृति के छूटने के कारण ही आक्रांता के रूप में मुगलों एवं अंग्रेजों को भारत के छोटे छोटे राज्यों पर अपना आधिपत्य स्थापित करने में कोई बहुत अधिक कठिनाई नहीं हुई थी।

कलियुग में हिंदू समाज में संगठन शक्ति के जागरण के उद्देश्य से वर्ष 1925 में विजय दशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार ने की थी। जो आज अपने 98 वर्ष पूर्ण कर एक विशाल वट वृक्ष के रूप में हमारे सामने खड़ा है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज पूरे विश्व में सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन माना जाता है। संघ का मुख्य कार्य स्वयंसेवकों में राष्ट्र भाव जागृत करना एवं समाज में सामाजिक समरसता स्थापित करना है। संघ द्वारा शाखाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों का शारीरिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास किया जाता है। इन शाखाओं में स्वयंसेवक तैयार किए जाते हैं जो समाज में जाकर सामाजिक समरसता का भाव विकसित करने का प्रयास करते हैं एवं देश के नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करते हैं। इस प्रकार भारतीय समाज को संगठित करने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शाखाओं एवं स्वयंसेवकों के माध्यम से किया जा रहा है। भारतीय समाज की एकजुटता के कारण ही आज भारत में रामसेतु का विध्वंस रुक सका है, जम्मू एवं कश्मीर में लागू धारा 370 एवं धारा 35ए हटाई जा सकी है, 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद श्री राम का भव्य मंदिर अयोध्या में निर्मित हो रहा है, जिसका उद्घाटन जनवरी 2024 में पूज्य संत महात्माओं के साथ भारत के प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेंद मोदी जी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होना प्रस्तावित है। जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता आज भारत के पास है और भारत इस समूह के समस्त देशों को एकजुट बनाए रखने में सफल रहा है। भारत ने चन्द्रयान को चन्द्रमा के दक्षिणी भाग पर सफलता पूर्वक उतारने में सफलता हासिल की है एवं चन्द्रमा की सतह पर ह्लशिवशक्तिह्व को अंकित करने में भी सफलता पाई है। भारत आज अपनी सीमाओं की मजबूती के साथ सुरक्षा करने में सफल हो रहा है। खेलों के क्षेत्र में भी नित नए झंडे गाड़े जा रहे हैं, हाल ही में चीन में सम्पन्न हुई एशियाई खेल प्रतियोगिताओं में भारत ने 106 पदकों को हासिल कर एक रिकार्ड बनाया है।

इस प्रकार वर्तमान में वैश्विक स्तर पर भारत एक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। विभिन्न क्षेत्रों में भारत आज पूरे विश्व को राह दिखा रहा है। एक ओर तो रूस-यूक्रेन युद्ध एवं इजराईल-हमास युद्ध अपने चरम पर है एवं विश्व के विकसित देश कई प्रकार की सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं एवं इन देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो चुका है वहीं दूसरी ओर भारत आर्थिक क्षेत्र में चंहुमुखी प्रगति कर रहा है एवं आज भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गई है। भारत की यह प्रगति कई देशों को नहीं सुहा रही हैं एवं कुछ देश भारत के नागरिकों में आपसी फूट पैदा करने एवं भारत की कुटुंब व्यवस्था को छिन्न भिन्न करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि न केवल भारत की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित हो सके बल्कि भारत का सामाजिक ताना बाना भी छिन्न भिन्न किया जा सके। यह देश भारतीय सनातन संस्कृति, हिंदुत्व, भारत एवं संघ पर प्रहार कर रहे हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच भारतीय नागरिकों पर आज महत्ती जिम्मेदारी आ जाती है कि कुछ देशों के भारतीय समाज को बांटने के कुत्सित प्रयासों को विफल करें।

भारतीय समाज आपस में सामाजिक समरसता का भाव विकसित करें एवं कोई भी कार्य करने के पहिले राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखें। आज की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारतीय समाज को आपस में एकता बनाए रखना भी अति आवश्यक है। सामाजिक बराईयों को दूर करने के प्रयास भी आज हम सभी को मिलकर करने चाहिए। भारतीय समाज को आज की विपरीत परिस्थितियों के बीच जागृत होना ही होगा।

## खास बात

### वक्त का हिसाब

**अरुणेंद्र नाथ वर्मा**

**अपने** समय की लोकप्रिय फिल्म वक्त के एक विख्यात गीत में साहिर लुधियानवी ने भी बड़ी गंभीरता से समझाया था- आदमी को चाहिए वक्त से डर कर रहे, कौन जाने किस घड़ी वक्त का बदले मिजाज। ऐसी सीखें हम भारतीयों के मन में इस रूप में घर कर गईं कि होनी होकर रहेगी।

पिछले दिनों देश के विभिन्न भागों में रेल के चक्के चार घंटों तक जाम कर दिए, लेकिन तमाम क्षेत्रीय रेल सेवाओं ने आधिकारिक रूप से घोषणा की कि इस अभियान से रेल सेवाओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पडा। पड़ता भी कैसे, रेलगाड़ियां चार क्या चौदह घंटे की देरी से भी चलें, रेल प्रशासन और यात्रियों का ध्यान केवल कुछ उच्च श्रेणी की राजधानी, शताब्दी या वंदे भारत जैसी गाड़ियों के समय से चलने पर केंद्रित रहता है। मुझे याद है वह दिन, जब पटना से कानपुर आने वाली महानंदा एक्सप्रेस के छह घंटे देर से आने की सूचना फोन पर मिल गई थी, लेकिन स्टेशन पहुंचने के बाद घोषणाएं होती रहीं और देरी छह से आठ, आठ से दस और दस से बारह घंटों में बदलती रही। मैंने जब भुनभुना कर अपनी भड़ास निकाली तो स्थानीय लोगों ने शांत स्वर में इसे मेरी मूर्खता घोषित कर दिया और कहा कि ह्मसब जानते हैं यह ट्रेन महागंदा एक्सप्रेस के नाम से कुख्यात है। इसे आपने चुना ही क्यों! हमारी सड़कों पर किसी न किसी कानून से क्षुब्ध लोग आए दिन प्रदर्शन और जुलूस के नाम पर चक्का जाम कर देते हैं।

उसके बिना भी बंगलुरु, दिल्ली आदि महानगरों में सड़कों पर कब कितना जाम लग जाएगा, कोई नहीं जानता। रेलवे स्टेशन, एअरपोर्ट आदि जाने के लिए लोग घंटों पहले घर से निकलते हैं और फिर भी आश्वस्त नहीं हो पाते कि समय से पहुंच पाएंगे।

इसी स्थिति का फायदा उठा कर दफ्तरों में देर से आने वाले कर्मचारी सारा इल्जाम यातायात की कठिनाइयों पर थोप पाते हैं। सरकारी दफ्तरों में और निजी संस्थाओं के दफ्तरों में इन बहानों का अलग-अलग तरीके से इलाज किया जाता है। खासतौर पर यह वहां आसानी से संभव हो पाता है, जहां उच्च अधिकारी खुद समय की पाबंदी में विश्वास रखते हों और सही मिसाल सामने रखते हों।

राहुल जी की मुख्य चिंता ये है कि सोशल मीडिया पर लाइक्स और कमेंट्स नहीं मिल पा रहे। राहुल जी, ट्विटर से ज्यादा जमीन की चिंता कीजिए। कब तक अमीर घर के बच्चों की तरह ट्वीटर को ही अपनी दुनिया मान बैठे रहेंगे? सोशल मीडिया से सिर्फ.लाइक्स ओर कॉमेंट्स मिलेंगे, चुनाव थोड़े न जीत पाइयेगा!

**– बाबूलाल मंराडी**

## आपके ट्वीट

**विपक्ष** की राजनीतिक जमीन दलदल भरी है। इनसे कुछ हो नहीं पा रहा इसलिए भाजपा के लोग अपने प्रचार प्रसार में हमारी वीर सेना को लगाने का काम कर रही है। देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। सरकारी संपत्तियों को बेचा जा रहा है। **– हेमंत सोरेन**





**जय सियाराम!**
अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी मुझसे मेरे निवास स्थान पर मिलने आए थे। उन्होंने मुझे श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रित किया है।

**– नरेन्द्र मोदी**

# विगत एक हजार साल से खड़ा है बृहदेश्वर मंदिर

**मनोज शर्मा**

पर्यटन

**कैसे** पैसे वाले भारतीय सैलानी तो इटली होकर भी आए होंगे। पीसा की मीनार के बारे में, वहां हमें बताया जाता है कि उस मीनार की ऊँचाई 180 फुट है और इसके निर्माण में 200 वर्ष लगे थे तथा सन 2010 में इस मीनार ने अपनी आयु के 630 वर्ष पूर्ण कर लिए। हमें और आपको बताया गया है कि यह बड़ी ही शानदार और अदभुत किस्म की वास्तुकला का नमूना है। यही हाल मिस्त्र के पिरामिडों के बारे में भी है। आज की पीढ़ी को यह जरूर पता होगा कि मिस्त्र के पिरामिड क्या हैं, कैसे बने, उसके अंदर क्या है आदि-आदि।

लेकिन क्या आपको तंजावूर स्थित बृहदीश्वर मंदिर के बारे में जानकारी है? बहरहाल बात हो रही थी बृहदीश्वर मंदिर की। दक्षिण भारत के तंजावूर शहर में स्थित बृहदीश्वर मंदिर भारत का सबसे बड़ा मंदिर कहा जा सकता है। यह मंदिर तंजावूर प्रिय कोविल के नाम से भी प्रसिद्ध है। सन 1010 में अर्थात आज से एक हजार वर्ष पूर्व राजराजा चोल ने इस विशाल शिव मंदिर का निर्माण करवाया था। कावेरी नदी के तट पर स्थित यह मंदिर पूरी तरह से ग्रेनाईट की बड़ी-बड़ी चट्टानों से निर्मित है। ये चट्टानें और भारी पत्थर पचास किमी दूर पहाड़ी से लाए गए थे। दसवीं शताब्दी में दक्षिण भारत में चोल वंश के अरुल मोझिवर्मन नाम से एक लोकप्रिय राजा थे जिन्हें राजराजा चोल भी कहा जाता था। इस मंदिर का नाम राजराजेश्वर रखा था और तत्कालीन शासन के सभी प्रमुख उत्सव इसी मंदिर में संचालित होते थे। उन दिनों तंजावूर चोलवंश की राजधानी था तथा समूचे दक्षिण भारत की व्यापारिक गतिविधियों का केन्द्र भी। बाद में जब पश्चिम से मराठाओं और नायकरों ने इस क्षेत्र को जीता तब इसे बृहदीश्वर मंदिर नाम दिया। तंजावुर प्रिय कोविल अपने समय के तत्कालीन सभी मंदिरों के मुकाबले चालीस गुना विशाल था। इसके 216 फुट के विराट और भव्य मुख्य इमारत को इसके आकार के कारण दक्षिण मेरु भी कहा जाता है। 216 फुट ऊँचे इस शिखर के निर्माण में किसी भी जुड़ाई मटेरियल का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इतना ऊँचा मंदिर सिर्फ पत्थरों को आपस में इंटर-लॉकिंग पद्धति से जोड़कर किया गया है। इसे सहारा देने के लिए इसमें बीच में कोई भी स्तंभ नहीं है, अर्थात यह पूरा शिखर अंदर से खोखला है। भगवान शिव के समक्ष सदैव स्थापित होने वाली नंदी की मूर्ति 16 फुट लंबी और 13 फुट ऊँची है तथा एक ही विशाल पत्थर से निर्मित है।. गर्भगृह दो मंजिला है तथा शिवलिंग की ऊँचाई तीन मीटर है। आगे आने वाले चोल राजाओं ने सुरक्षा की दृष्टि से 270 मीटर लंबी 130 चौड़ी बाहरी दीवार का भी निर्माण करवाया. सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी तक यह मंदिर कपड़ा, घी, तेल, सुगन्धित द्रव्यों आदि के क्रय-विक्रय का प्रमुख केन्द्र था. आसपास के से लोग सामान लेकर आते, मंदिर में श्रद्धा से अर्पण करते तथा बचा हुआ सामान बेचकर घर जाते. सबसे अधिक आश्चर्य की बात यह है कि यह मंदिर अभी तक छः भूकंप झेल चुका है, परन्तु अभी तक इसके शिखर अथवा मंडपम को कुछ भी नहीं हुआ। दुर्भाग्य से ऐसे अदभुत मंदिर की जानकारी भारत में कम ही लोगों को है. इस मंदिर के वास्तुशिल्पी कुंजारा मल्लन माने जाते हैं। सही तीन बटे आठ या 1-3/8 अर्थात, एक अंगुल) फामूर्ले का उपयोग किया. इसके अनुसार इस मात्रा के चौबीस यूनिट का माप 33 इंच होता है, जिसे उस समय हस्त, मुजमह्र अथवा किश्कु कहा जाता था। वास्तुकला की इसी माप यूनिट का उल्लेख चार से छह हजार वर्ष पहले के मंदिरों एवं सिंधु घाटी सभ्यता के निर्माण कार्यों में भी पाया गया है। कितने इंजीनियरों को आज इसके बारे में जानकारी है?(लेखक पत्रकारिता विभाग रांची विवि से जुड़ें हैं।)

# भारत किसे चुनेगा- नेपाल या बांग्लादेश

**संजीव**

आर्थिक

इस बार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय निदेशक का चुनाव दिलचस्प होने जा रहा है। भारत के सामने धर्मसंकट यह है कि इस पद के दोनों उम्मीदवार भारत के करीबी मित्र देश क्रमशः बांग्लादेश और नेपाल से हैं।

भारतीय मूल की पूनम खेत्रपाल सिंह इस समय डब्लूएचओ के दक्षिण-पूर्व एशिया (एसईएआरओ) की क्षेत्रीय निदेशक हैं, जो 2014 से इस पद पर हैं। वे इस पद को संभालने वाली पहली महिला हैं। 2018 में उन्हें सर्वसम्मति से दूसरे कार्यकाल के लिए चुना गया था। पांच साल के कार्यकाल वाले इस पद के चुनाव के लिए दिल्ली में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर को बंद कमरे में सदस्य देशों की बैठक होगी। इसमें भारत सहित 11 देश बांग्लादेश, भूटान, उत्तर कोरिया, इंडोनेशिया, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाइलैंड और ईस्ट तिमोर के स्वास्थ्य मंत्री मतदान करेंगे। यह मतदान गोपनीय होगा।

इस पद के लिए दो उम्मीदवार हैं- बांग्लादेश की सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ साइमा वाजेद और विश्व स्वास्थ्य संगठन के वरिष्ठ अधिकारी रहे नेपाल के शंभु प्रसाद आचार्य। दोनों ही उम्मीदवारों की तरफ से चुनाव में बहुमत जुटाने की पुरजोर कोशिशें लगातार जारी हैं। मतदान में हिस्सा लेने वाले देशों से संपर्क साधा जा रहा है।

साइमा वाजेद सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ के साथ बांग्लादेश की मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की बेटी हैं। साइकोलॉजी में मास्टर डिग्री हासिल करने वाली साइमा का ऑटिज्म में स्पेशलाइजेशन भी है। हालांकि उनकी दावेदारी पर वंशवाद के आरोप लगाए गए। दुनिया भर के 60 से अधिक सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने डब्लूएचओ को पत्र लिख कर क्षेत्रीय निदेशक के चयन में पूरी पारदर्शिता बरतने की अपील की है। साथ ही उम्मीदवारों की शिक्षा एवं योग्यता की पूरी कठोरता से जांच की मांग की गई है। हालांकि पत्र में किसी उम्मीदवार का नाम नहीं लिया गया है। साइमा अगर जीतती हैं तो वे बांग्लादेश की तरफ से दूसरी क्षेत्रीय निदेशक होंगी। उनसे पहले बांग्लादेश के सैयद मुदस्सर अली इस पद पर रह चुके हैं।

नेपाल की तरफ से इस पद के उम्मीदवार डॉ. शंभु प्रसाद आचार्य सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में पीएचडी धारक हैं। उन्होंने डब्लूएचओ के साथ करीब 30 वर्षों तक काम किया है। डॉ. आचार्य डब्लूएचओ के जेनेवा मुख्यालय में महासचिव कार्यालय में कंट्री स्ट्रैटिजी एंड सपोर्ट के डायरेक्टर हैं। उन्होंने अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए पिछले दिनों काठमांडू में एसईएआरओ के सदस्य देशों के राजदूतों की बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी के लिए रूप में अपनी सेवाओं एवं अनुभव पर प्रजेंटेशन देते हुए चुनाव के लिए सहयोग व समर्थन मांगा। वे डब्लूएचओ अधिकारी के रूप में 1992-1997 तक ढाका एवं 1997-1999 तक दिल्ली में सेवाएं दे चुके हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के 194 सदस्य देश हैं और यह संगठन छह क्षेत्रों अफ्रीका, यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी भूमध्यसागर, वेस्टर्न पैसिफिक और अमेरिका में बंटा हुआ है। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में आने वाले भारत का इस संगठन में विशेष महत्व रहा है। खासतौर पर वैक्सीन डिप्लोमेसी के नजरिये से। इस पद पर भारत अपने उम्मीदवार को लेकर पिछली बार सर्वसम्मति बनाने में सफल रहा था लेकिन इस बार भारत के सामने बांग्लादेश और नेपाल में किसी एक को चुनने की मुश्किल पहेली है। भारत के सामने ऐसी दुविधा नहीं थी लेकिन अब बदली हुई परिस्थिति है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

**स्पीड न्यूज**

## सौंदा बस्ती में संचालन समिति ने सेल प्वाइंट व कांटा घर का किया निरीक्षण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति के सदस्यों ने सयाल डी कोलियरी के सेल प्वांइट व कांटा घर का गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति ने सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार से विस्थापित कार्यालय का स्थान चिन्हित कर जल्द ही कार्यालय बनवाने का आग्रह किया। इस दौरान समिति ने प्रबंधन को आश्वस्त किया कि काफी शांतिपूर्वक और अनुशासन से सेल का सफल संचालन किया जायेगा। जिसपर परियोजन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा की प्रबंधन हर तरह से विस्थापित ग्रामीणों के विकास के प्रति प्रयासरत है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नीतिश कुमार और अंबर कुमार ने प्रबंधन को ग्रामीण का एक सूत्र में बंधे होने और सभी तरह से सहयोग कर सेल का सफल संचालन करने का भरोसा भी दिया। मौके पर अमित कुमार, धनेश प्रसाद, ललन प्रसाद, अजय प्रसाद, सुरेश गिरी, पिंकू राज, रूपेश कुमार, दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्तिथ इच्छापूरण हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति के समन्वयक सुरेश उपाध्याय ने रामगढ़ एसपी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में भुरकुंडा ओपी द्वारा रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी को प्रेषित अप्राथमिक वाद संख्या-8/2023 की विसंगतियों एवं गलतियों पर जांच कर कारवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि खोपड़िया बाबा ने 1960 के करीब परिसर खड़ा किया था। इसके उत्तर पूर्व कोने में दिवाल के बाहरी हिस्से में हनुमान जी की आकृति सीमेन्ट से बनी हुई है। यहां लाल रंग से रंगे आकृति की पूजा होती है। वास्तव में वहां कोई मूर्ति नहीं है। ध्वस्त परिसर के नवनिर्माण को लेकर तत्कालीन ओपी प्रभारी सेवानिवृत एसएन सिंह ने वर्ष 2014 में व्यापारियों की एक समिति बनाई थी। समिति ने सुरेश उपाध्याय को संयोजक बनाया और 5151 फीट का एक हॉल बनाया। जिसकी ऊंचाई 11 फीट है। इसका नाम इच्छापूरण बालाजी हनुमान मन्दिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला रखा गया। पुलिस का यह कहना कि दूसरी मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा विवाद का कारण है। जो सरासर गलत है। वहां एक ही मूर्ति है एक आकृति दिवाल में है। ज्ञापन में मामले की कार्रवाई की मांग की गई है।

## नूतन मंदिर में सीएमडी ने की पूजा



**रजरप्पा ।** रजरप्पा सीसीएल के वर्कशॉप में मां काली के दिव्य नूतन मंदिर का विधिवत पूजा अर्चना और मंत्रोच्चारण के बीच किया गया. नौ कन्या पूजन के पश्चात माता का प्रसाद ग्रहण किया. इस दौरान सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेडी, गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी, जीएम पीएन यादव ने माता रानी से क्षेत्र वासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। मौके पर सीसीएल के अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न दलों के स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद थे।

## ट्रेड यूनियन का सम्मेलन 28 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन का रामगढ़ जिला सम्मेलन 28 अक्टूबर को अरगड्डा सामुदायिक भवन में होगा। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव डॉ आशीष कुमार ने गुरुवार को बताया कि इस जिला सम्मेलन में ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन के प्रदेश महासचिव सुवेंदु सेन शामिल होंगे। जहां मजदूरों के सवालों पर चर्चा की जाएगी। केंद्र सरकार की आर्थिक उदारीकरण नीति, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कोल इंडिया को निजीकरण से बचाने आदि मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। श्री कुमार ने बताया कि ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन का पांचवा झारखंड सम्मेलन 6 और 7 नवंबर को बीएंडके कथारा ऑफिसर क्लब में होगी। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर पर मजदूरों के ज्वलंत सवाल, देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को निजीकरण से रोकने, कोयला क्षेत्र को बचाने पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजीव डिमरी शामिल होंगे।

### विधायक उमा शंकर अकेला ने रानीचुंवा व जरहिया में पुल का किया शिलान्यास

# विकास की पहली पहचान पुल व अच्छी सड़क : अकेला

**दो करोड़ 77 लाख की लागत से बनेगा पुल व पीसीसी रोड**

**पुल के बनने से आने जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पुल का शिलान्यास करते विधायक उमाशंकर अकेला व अन्य।

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्र रानीचुंवा में ग्रामीण विकास विभाग से बनने वाले पुल का शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक श्री अकेला का मांदर व पारंपरिक तरीके से ग्रामीणों ने स्वागत किया। पुल का निर्माण दो करोड़ 77 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से संवेदक बीके इंटरप्राइजेज के द्वारा निर्माण कार्य किया जाना है। श्री अकेला ने कहा कि स्थानीय लोगों की चिरप्रतीक्षित मांग थी कि इस पुल के बन जाने से आने जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी। कहा कि ग्रामीणों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत रानीचुंवा तुरियाटोला में भजिया बेड़ा नदी पर पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। अब जल्द ही इस सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। कहा कि 2019 में चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले रानीचुंवा पंचायत के धोबघट गांव जाकर वहां बिजली बहाल करवाने का काम किया। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव को मुख्य सड़क से जोड़कर मुख्यालय तक संपर्क स्थापित करने की योजना है।उन्होंने बताया कि मजबूत पुल एवं सुन्दर सड़क विकास की रूपरेखा की पहचान है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान उन्हें करें, जो क्षेत्र का विकास करना चाहते है। पिछले चार वर्षों में विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए है और आगामी दिनों में भी छूटे हुए अधूरे कार्यो को पूरा करेंगे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। साथ ही बसरिया पंचायत के जरहिया में डीवीसी तिलैया डैम सीएसआर से प्रदत पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। पीसीसी पथ का निर्माण 289 मीटर किया जाना है। उक्त सड़क प्राक्कलित राशि 9 लाख 74 हजार 715 रुपए से किया जाना है।

जरहिया मंदिर परिसर में लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री अकेला ने कहा कि आजादी के बाद बरही विधानसभा में कई जगहों पर सड़क और बिजली नही पहुंच पाया था लेकिन विधानसभा की जनता ने उन्हें निर्वाचित कर विधानसभा भेजने का काम किया। जिसके बाद क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्हें मत स्वरूप अपना मत देकर उन्हें विजयी बनाने का काम करें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कांग्रेस युवा अध्यक्ष मनोहर यादव ने कहा कि विकास चाहते है तो आगामी चुनाव में विधायक उमाशंकर अकेला को मत देकर विजयी बनाएं। मौके पर डीवीसी डीजीएम हरीश चन्द्र सिंह, एक्सक्यूटिव सलीम अख्तर, कुलदीप राम, सुरेंद्र मोदी, संवेदक बबलू प्रसाद, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, स्पेशल डिवीजन के जेई धनंजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, वारिस अंसारी, असलम, बिरेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि बासुदेव यादव, बिरेन्द्र यादव, कांग्रेस युवा नेता शशि जायसवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बरही में सात व पदमा में एक सड़क जल्द बनेगी

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने बताया कि उनके अथक प्रयास से प्रखण्ड के सात एवं पदमा प्रखण्ड के एक सड़क का जीर्णोद्धार के लिये झारखंड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण से निविदा प्रकाशित किया गया है।जिसके तहत प्रखंड अंतर्गत आरईओ रोड से माधोपुर तक पथ की सुदृढ़ीकरण लम्बाई 5.2 किलोमीटर, जी.टी. रोड से गडलाही तक पथ की सुदृढ़ीकरण लंबाई 2.1 किलोमीटर, जी.टी. रोड से जरहिया तक पथ की सुदृढ़ीकरण लंबाई 2.8 किलोमीटर, जी.टी. रोड से लसकरी मोड़ से आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ की सुदृढ़ीकरण लम्बाई 1.0 किलोमीटर, जी.टी. रोड दूधपनिया मोड़ से आरईओ रोड तक पथ की सुदृढ़ीकरण लंबाई 1.0 किलोमीटर, विजैया से खुटवाटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण लंबाई 1.9 किलोमीटर, जी.टी. रोड से धुरगरगी तक पथ सुदृढ़ीकरण लंबाई 3.2 किलोमीटर व प्रखण्ड पदमा के कुटीपीसी नावाडीह से सरैया तक पथ का सुदृढ़ीकरण लंबाई 5.3 किलोमीटर शामिल है।

# ग्लास फैक्ट्री में भक्ति जागरण

**ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में आती है खुशहाली : आनंद दुबे**



भुरकुंडा (रामगढ़)। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति आईएजी कंपनी लिमिटेड भदानीनगर के तत्वाधान में ग्लास फैक्ट्री में बुधवार की रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इस दौरान अलंकार म्यूजिकल भजन मंडली के मनोज, दिलीप, तपन, सिद्धार्थ, बबली, बासुदेव और बबली कुमारी आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत और भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को झुमाए रखा। जागरण देखने के लिए ग्लास फैक्ट्री सहित आसपास क्षेत्रों के सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। मौके पर मुखिया आनंद दुबे ने कहा की भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली खुशहाली का आगमन होता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डूबने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार भी बढ़ता है।मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, पंसस रेखा देवी, जगदीश बेदिया सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष रणवीर सिंह, सचिव सह लपंगा पंचायत के मुखिया आनंद दुबे, कोषाध्यक्ष आरके पारीक, सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडे, शुभम सिंह, क्रांति किशोर, चंदन डूबे, संजय सिंह, कविंद्र राय, विद्या सागर ओझा, अनुप ठाकुर, राजू प्रसाद, दयाल राम, क्रांति सिंह, सौरभ कुमार, विजय कुमार, शशि विश्वकर्मा, भीम महतो, चौबे जी, मंजीत चौधरी, उपाध्याय जी, साहिल ठाकुर, अली इमाम, कुणाल सिंह, जलील खान, राजन पाठक, पवन लाल, जयप्रकाश आदि का विशेष योगदान रहा।

## हजारीबाग की युवती का शव जगदीशपुर में कुएं से बरामद

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर में एक कुआं से गुरुवार को 18 वर्षीय युवती का शव बरामद किया गया। बताया जाता है कि युवती विजयदशमी की रात से ही लापता थी। परिजन और गांव वाले उसे ढूंढते ढूंढ़ते परेशान थे। गुरुवार को अहले सुबह ग्रामीणों ने कुएं में तैरते हुए एक महिला के शव को देखा। इसके बाद जगदीशपुर गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुफ्फसिल थाना पुलिस को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि अभी तक परिजनों ने इस संबंध में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कुजू : टूटी झरना शिव मंदिर में रघुवर दास की पत्नी ने की पूजा

**कुजू।** प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना में गुरूवार को ओड़िशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास की धर्मपत्नी रुक्मणी देवी, पुत्रवधु पूर्णिमा दास, दामाद यशपाल साहू, पुत्री और पारिवारिक सदस्यो ने विधिवत पूजा अर्चना किया। साथ ही भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। कुछ दिन पूर्व ही पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। जिसके बाद से उनके समर्थकों में काफी हर्ष का माहौल है। इसके लिए परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। मंदिर के पुजारी उमेश पांडेय ने पूरे विधि विधान से पूजा करवाया। मौके पर बीजेपी नेता राजीव जयसवाल, रविंद्र प्रसाद साहू, पवन साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।



मंदिर परिसर में रघुवर दास की पत्नी व अन्य।

**एक नजर में**

## त्रिवेणी सैनिक में 40 कर्मियों को दी गयी ट्रेनिंग



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के लंगातु में त्रिवेणी सैनिक के बैनर तले दो दिवसीय प्रेरणात्मक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना प्रभावित गांव सिंधवारी, चैपाकला,सोनबरसा के त्रिवेणी सैनिक में काम करने वाले नवनियुक्त 40 कर्मियों को शामिल किया गया। जिसमें पहले दिन 20 कर्मियों को प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित मोटीवेशनल वक्ता अमिताभ प्रकाश ने कहा कि जीवन में सभी को साकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। अपने सकारात्मक व्यवहार बनाकर रखने की आवश्यकता है तभी हम अपने कार्य में सफल और अपने भविष्य को सुदृढ़ कर सकेंगे। वही त्रिवेणी सैनिक पदाधिकारी उत्तम झा ने बताया कि कंपनी में कार्य करने के पूर्व नवनियुक्त कर्मियों को कंपनी की ओर से पूर्ण रूप से प्रशिक्षण दिलाया जाता है तभी उन्हें कार्यभार के लिए लगाया जाता है। प्रशिक्षण दिलाने का मुख्य मकसद है कि कर्मियों को अपने कार्य क्षेत्र में कार्य करने के दौरान उन्हें कार्य करने के सारे गुण प्राप्त हो किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। मौके पर परियोजना प्रमुख संजय कुमार खटोड़, सीईओ अमृतांशु प्रसाद, वित्त प्रमुख अर्जुन सिंह राठौर, एचआर हेड प्रशांत दास, प्रशिक्षक अमिताभ प्रकाश, उत्तम झा ,गौतम मिश्रा के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## सांसद ने काशी दर्शन के लिए बस किया रवाना



**हजारीबाग।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बहनों को महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में बस से काशी दर्शन हेतु प्रस्थान कराया। इस यात्रा के लिए महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू सहित यात्रा में सम्मिलित सभी महिलाओं ने सांसद जयंत सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जयंत भैया ने हम महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं को रक्षाबंधन के लिए उपहार स्वरूप काशी दर्शन करवाने के लिए जो व्यवस्था प्रदान किया है, इसके लिए हम सब महिला बहने उनको कोटि-कोटि धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव विशेष रूप से उपस्थित होकर पार्टी का झंडा दिखाकर उन सब को काशी दर्शन के लिए विदा किया। अशोक यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विगत दिनों महिला सशक्तिकरण के लिए जो मजबूत कदम उठाया है, उसी का एक छोटा सा रूप के रूप में सांसद जयंत सिन्हा ने महिलाओं को आगे करने के लिए काशी दर्शन के लिए बस के माध्यम से व्यवस्था किया। उन्होंने आगे कहा कि महिला मोर्चा के कार्यकताओं ने हर विपदा के काल में आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते आ रही हैं। सांसद ने अपने संदेश में महिला मोर्चा के कार्यकताओं को सुखद काशी दर्शन की मंगल कामना किया। सांसद जयंत सिन्हा ने उसे उन्हें भरोसा दिलाया कि इस तरह की यात्राओं की व्यवस्था आगे भविष्य में भी मेरी ओर से जारी रहेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि आनंद देव सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार बिगन, सांसद प्रतिनिधि ज्योति कुमार गुड्डू,सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा, सांसद के निजी सचिव हिमांशु कुमार, सनी सिंह, वेद प्रकाश, सत्यजीत, सुबोध कुमार सहित दर्जनों पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।उक्त जानकारी सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

## रघुवर दास की पत्नी, पुत्रवधू, बेटी और दामाद ने मां छिन्नमस्तिका मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रजरप्पा ।** ओड़िशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास की पत्नी रुक्मणि देवी, पुत्रवधु पूर्णिमा ललित दास, उनकी बेटी ओर दामाद सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने मां छिन्नमस्तिका के दरबार रजरप्पा में पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। माता के दरबार पहुंचने पर भाजपा युवा नेता राजीव जायसवाल ने छिन्नमस्तिका की स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## कुजू में शांतिपूर्वक दुर्गा पूजा संपन्न



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा मंगलवार को पूरे धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। दुर्गा पूजा को लेकर श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कुजू द्वारा पब्लिक हाई स्कूल के मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मां दुर्गा की प्रतिमा मैदान पहुंचते ही रावण का पुतला दहन कर दिया गया। रावण दहन को लेकर मैदान में भव्य मेला भी लगाया गया था। इससे पूर्व मंदिर से मां दुर्गा की प्रतिमा को सुसज्जित वाहन पर सवार कर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। बाद में मैदान पहुंचकर रावण दहन के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थानीय तालाब में विसर्जित कर दिया गया। इधर मुरपा पूजा समिति द्वारा भी प्रतिमा नगर भ्रमण कराया गया। रावण दहन के दौरान जमकर आतिशबाजी की गयी। जिससे पूरा आसमान सतरंगी हो गया। क्षेत्र के कुजू, तोपा, ओरला, मुरपा, आरा, सारूबेड़ा, दिगवार, बोंगावार, करमा, रतवे, छोटकी डूंडी, सांडी आदि स्थानों में धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो गया।

## कुजू में बाइक सवार गिरा, गंभीर रूप से घायल



कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के कोयरीखेत बोंगावार फोरलेन के समीप गुरूवार को असंतुलित होकर बाइक सवार सड़क पर गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि लकड़ीगेट कुजू निवासी झुमका रविदास का 20 वर्षीय पुत्र सोनू रविदास बाइक संख्या जेएच 02 एजेड-5456 से रांची से लौट रहा था। इसी बीच कोयरी खेत के पास वह असंतुलित होकर फोरलेन सड़क पर गिर गया। बाद में उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

# सौंदा डी में दुर्गा पूजा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**ऐसे कार्यक्रमों से लोगों को मनोरंजन करने का मौका मिलता है : रोशन लाल चौधरी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**भुरकुंडा।** दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर सौंदा डी दुर्गा मंडप प्रांगण में बुधवार की रात्रि रंगारंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने किया। ऑर्केस्ट्रा के कलाकारों ने हिन्दी, नागपुरी व भोजपुरी गीतों पर एक से एक बढ़कर एक डांस प्रस्तुत कर श्रोताओं को झुमाए रखा। कार्यक्रम देखने के लिए सौंदा डी आसपास क्षेत्रों के सैंकड़ों महिला-पुरूष व बच्चों की भीड़ उमड़ी रही। चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को मनोरंजन करने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि लोगों के लिए मनोरंजन के उद्देश्य से समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

श्री चौधरी ने दुर्गा मंडप में मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। मंच संचालन ऑर्केस्ट्रा मंडली के उत्तम दस ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के सचिव संजय यादव, कोषाध्यक्ष सुरेश खरवार, दीपक सिंह, राजगिरी चौधरी, अरविंद प्रसाद, प्रवीर चैटर्जी, मधु भंडारी, प्रदीप, संतोष पांडेय, रंजीत शर्मा, बबलू शर्मा, श्रीकांत शर्मा, संतोष शर्मा, चंदन, रिशु जयसवाल, गुड्डू झा, पप्पू शर्मा सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा। मौके पर सौंदा डी पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा, समाजसेवी अनिल सिंह, दशरथ कुर्मी, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, अशोक शर्मा, राकेश सिन्हा, सलील मोहन सिन्हा, राकेश पासवान, शशि मोहन महतो सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# बहुत खतरनाक है सिस्ट की बीमारी

## ऐसे पहुंचती है शरीर में सिस्ट

हमारे देश में गंदगी, कीचड़ व नाले की भरमार है। मलमूत्र व कचरा जमीन पर खुलेआम पड़ा होता है। कुत्ते जहां-तहां मलमूत्र त्याग कर देते हैं, जिससे जमीन और वातावरण दूषित होता है। कहने का मतलब यह है कि मिट्टी, पानी व हवा में इस कीड़े (इकाइनोकोकस) के अंडों की भरमार है और ऐसी गंदी जगहों पर खोमचे वाले, चाट वाले, फलों का रस निकालने वाले, भेलपुरी बेचने वाले लाइन लगा कर खड़े होते हैं। जाहिर है कि खुले वातावरण में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का इन कीड़ों के अंडों से मिश्रित हवा व पानी से आच्छादित होना निश्चित है। इसमें कोई शक नहीं कि जब आप परिवार या मित्रों के साथ तफरीह के लिए निकलेंगे तो भला इन खुले आसमान में सड़कों के किनारे हवा के झोंकों से टकराते लुभावने भारतीय फूड का आनंद उठाने से पीछे नहीं हटेंगे। जब गरमागरम मसालेदार खाना आप के पेट में पहुंचेगा तो वह अकेला नहीं होगा बल्कि अपने साथ सिस्ट बनाने वाले अंडे भी समेटे होगा। आप को पता ही नहीं चलेगा क्योंकि ये कीड़े के अंडे इतने बारीक होते हैं कि आंख से दिखते ही नहीं।

## फेफड़े में सिस्ट

पेट में अंडे पहुंचने के बाद उसके अंदर का कीड़ा बाहर निकल आता है और आंत की दीवार को छेद कर आंतों में स्थित खून की नलियों के जरिए जिगर में पहुंच जाता है और वहां से फिर शरीर के अन्य अंगों को प्रस्थान कर जाता है। शरीर में प्रमुख रूप से यह जिगर यानी लिवर और फेफड़े में अपना स्थायी पड़ाव डाल लेता है। अपने पड़ाव पर पहुंच कर यह बढ़ना शुरू कर देता है और अपने चारों ओर एक कवच का निर्माण कर 'हाइडेटिड सिस्ट' को जन्म देता है और यह धीरे-धीरे आकार में बढ़ना शुरू कर देती है। सिस्ट बन जाने पर कवच के अंदर सुरक्षित कीड़ा अपने बच्चों को जन्म देने लगता है और कुछ समय के बाद इन की संख्या काफी मात्रा में हो जाती है जिन्हें मेडिकल भाषा में 'डॉटर सिस्ट' कहते हैं।

## ऐसे हो सकती है सिस्ट

अगर आप ऐसे इलाके में निवास करते हैं जहां भेड़ों व बकरियों को पालने व बेचने का धंधा होता है या फिर आप या आपके बच्चे गली-नुक्कड़ में पाए जाने वाले आवारा कुत्तों के साथ खेलते हैं या उन को स्पर्श करते हैं। या फिर आप ने जो घर पर कुत्ता पाल रखा है उस को न तो नियमित इंजेक्शन लगाते हों और न ही उसकी समुचित सफाई का ध्यान रखे हों और वह पालतू कुत्ता घर के अंदर ज्यादा समय बिताने के बजाय बाहर की गंदी नालियों में मुंह मारता घूमता हो, तो सिस्ट रोग हो सकता है।

अगर आप व आपके बच्चे खाना खाने के पहले अपने हाथों को साबुन से न साफ करते हों, जमीन व मिट्टी को स्पर्श करने के बाद बगैर हाथ धोए सीधा खाना खाने लगते हों। अगर आप व आपके बच्चों के गंदे व लंबे नाखून हैं जिनमें मिट्टी भरी रहती है। अगर आप सड़कों पर खुली हवा में रखे फ्रूट चाट व अन्य फास्ट फूड खाने के शौकीन हैं तो आपको और आपके बच्चों का फेफड़े या जिगर के सिस्ट रोग हो सकते हैं। अगर आप सड़क छाप घटिया ढाबे में नॉनवेज खाने के शौकीन हैं तो संभावना इस बात की ज्यादा है कि सिस्ट के कीड़े के अंडों से भरपूर मीट का अधपका टुकड़ा आपके पेट के अंदर जाकर सिस्ट बना सकता है।

अगर आप खांसी, बलगम, छाती दर्द, इस्नोफीलिया से ग्रस्त हैं तथा कभी-कभी खांसी के साथ खून भी आ जाता है तो संभावना हो सकती है कि आप छाती के सिस्ट रोग से पीड़ित हों। अगर पेट के दाहिने हिस्से में दर्द होता है और उसी हिस्से में गांठ भी मालूम पड़ती है तो हो सकता है कि जिगर यानी लिवर में सिस्ट विराजमान हो।








## सस्ती व सरल है सिस्ट की जांच

फेफड़े के सिस्ट रोग से पीड़ित मरीज को चाहिए कि वह किसी अनुभवी थोरेसिक सर्जन से परामर्श करे और उनकी निगरानी में जल्द से जल्द इलाज शुरू कर दे वरना फेफड़े की सिस्ट फट जाने पर पीड़ित मरीज को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। छाती का एक्सरे सिस्ट की उपस्थिति को प्रमाणित करने वाली सबसे सस्ती व सरल जांच है।

इसके अलावा सिस्ट का आकार, उपस्थित होने का स्थान और इलाज का निर्धारण करने के लिए अन्य आधुनिक जांचें जैसे छाती का मल्टीस्लाइड सीटी स्कैन और एमआरआई की जरूरत पड़ती है। इसलिए हमेशा ऐसे अस्पतालों में जाएं जहां इन सब जांचों की सुविधा हो और एक अनुभवी थोरेसिक सर्जन की उपलब्धता हो। कुछ विशेष अत्यधुनिक खून की जांचों की आवश्यकता भी पड़ सकती है।

सिस्ट के इलाज के निर्धारण में कई बातों का ध्यान रखना पड़ता है, जैसे सिस्ट का आकार, छाती के अंदर उस का निवास स्थान और मरीज की शारीरिक अवस्था। फेफड़े की सिस्ट का सबसे उत्तम और आदर्श इलाज ऑपरेशन ही है। सिस्ट से ग्रस्त मरीज को चाहिए जितनी जल्दी हो सके, ऑपरेशन के जरिए फेफड़े की सिस्ट को निकलवा दे। ऑपरेशन में सिस्ट के साथ फेफड़े का कुछ भाग निकालना पड़ सकता है।

## चुनें अत्याधुनिक अस्पताल

ऑपरेशन में विशेष तकनीक अपनानी पड़ती है जिसमें सिस्ट निकालने के पहले ही विशेष दवाएं डाल कर सिस्ट के अंदर पाए जाने वाले तरल पदार्थ में उपस्थित जिंदा कीड़ों को मार कर उन्हें निष्क्रिय करना पड़ता है वरना ऑपरेशन के बाद भी और नई-नई सिस्ट के बनने का खतरा बना रहता है। तरल पदार्थ को छाती के अंदर बगैर गिराए, हिफाजत से निकालना पड़ता है।

एक विशेष दवा अल्बेंडाजोल ऑपरेशन के पहले व बाद में दी जाती है। इसलिए ऐसे मरीजों को चाहिए कि किसी बड़े अस्पताल में, जहां अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर व आईसीयू की सुविधा हो और जहां फेफड़े के ऑपरेशन नियमित रूप से होते हों, अपना इलाज कराएं। इस तरह के ऑपरेशन के लिए एक अनुभवी थोरेसिक सर्जन का होना बहुत जरूरी है।

कभी-कभी ऑपरेशन के बजाय सूई डाल कर फेफड़े की सिस्ट का पानी निकाल कर उसमें दवा भरनी पड़ती है। पर यह स्थायी इलाज नहीं है और दूसरे, सूई से निकालते समय सिस्ट के अंदर का पानी छाती के अंदर फैलने का डर रहता है जिससे छाती व दूसरे अंगों में और नई-नई अनगिनत सिस्ट के बनने का खतरा पैदा हो जाता है। इसलिए सूई द्वारा इलाज कुछ विशेष परिस्थितियों में ही मजबूरन करना पड़ता है, जहां मरीज की अवस्था ठीक न हो।

# एओर्टिक स्टेनोसिस : 20 लाख लोग पीड़ित




### क्या आप जानते हैं?

- भारत में लगभग 20 लाख लोग गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस से पीड़ित हैं। उनमें से 4.5 लाख रोगी सर्जरी के लिए अनफिट हैं।
- अगर समय पर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेस न किए जाएं तो पाया गया है कि 50 फीसदी एओर्टिक स्टेनोसिस रोगी दिल का दौरा पड़ने पर 2 साल और छाती में दर्द के साथ 5 साल तक ही जीवित रह पाते हैं।डायबिटीज रोगी 77 साल के बिपिन चंद्रा की जिंदगी अब थोड़ी सुकून भरी है लेकिन साल 2014 में उनकी स्थिति काफी तकलीफदेह हो गई थी। किडनी की बीमारी से जूझ रहे बिपिन चंद्रा की बाईपास सर्जरी हो चुकी थी। उम्र के इस पड़ाव में उनका चलना-फिरना या काम करना मुश्किल हो गया था। थोड़ा चलने पर ही वे हांफने लगते। उनकी बढ़ती समस्या को देखते हुए डाक्टर से परामर्श लिया गया।

डाक्टर ने उनके कुछ टेस्ट किए जिनमें एमएससीटी (इस तकनीक में हृदय और वेसल्स की 3डी इमेज बनाने के लिए एक्सरे बीम तथा लिक्विड डाई का इस्तेमाल किया जाता है) भी शामिल है. टैस्ट के बाद खुलासा हुआ कि वे गंभीररूप से एओर्टिक स्टेनोसिस से पीड़ित थे। बिपिन चंद्रा की सर्जरी हुए 2 साल हो गए हैं और अब वे बेहतरीन जिंदगी जी रहे हैं।

### एओर्टिक स्टेनोसिस क्या है?

जब हृदय पंप करता है तो दिल के वॉल्व खुल जाते हैं जिससे रक्त आगे जाता है और हृदय की धड़कनों के बीच तुरंत ही वे बंद हो जाते हैं ताकि रक्त पीछे की तरफ वापस न आ सके। एओर्टिक वॉल्व रक्त को बाएं लोअर चैंबर (बायां वैंट्रिकल) से एओर्टिक में जाने के निर्देश देते हैं।

एओर्टिक मुख्य रक्तवाहिका है जो बाएं लोअर चैंबर से निकल कर शरीर के बाकी हिस्सों में जाती है। अगर सामान्य प्रवाह में व्यवधान पड़ जाए तो हृदय प्रभावी तरीके से पंप नहीं कर पाता। गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस यानी एएस में एओर्टिक वॉल्व ठीक से खुल नहीं पाते। मेदांता अस्पताल के कार्डियोलौजिस्ट डा. प्रवीण चंद्रा कहते हैं कि गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस की स्थिति में आपके हृदय को शरीर में रक्त पहुंचाने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। समय के साथ इस वजह से दिल कमजोर हो जाता है। यह पूरे शरीर को प्रभावित करता है और इस वजह से सामान्य गतिविधियां करने में दिक्कत होती है। जटिल एएस बहुत गंभीर समस्या है। अगर इसका इलाज न किया जाए तो इससे जिंदगी को खतरा हो सकता है। यह हार्ट फेल्योर व अचानक कार्डिएक मृत्यु का कारण बन सकता है।

### लक्षण पहचानें

एओर्टिक स्टेनोसिस के कई मामलों में लक्षण तब तक नजर नहीं आते जब तक रक्त का प्रवाह तेजी से गिरने नहीं लगता। इसलिए यह बीमारी काफी खतरनाक है। हालांकि यह बेहतर रहता है कि बुजुर्गों में सामने आने वाले विशिष्ट लक्षणों पर खासतौर से नजर रखनी चाहिए। ये लक्षण छाती में दर्द, दबाव या जकड़न, सांस लेने में तकलीफ, बेहोशी, कार्य करने में स्तर गिरना, घबराहट या भारीपन महसूस होना और तेज या धीमी दिल की धड़कन होना हैं।

बुजुर्ग लोगों को एओर्टिक स्टेनोसिस का बहुत रिस्क रहता है क्योंकि इसका काफी समय तक शुरुआती लक्षण नहीं दिखता। जब तक लक्षण, जैसे कि छाती में दर्द या तकलीफ, बेहोशी या सांस लेने में तकलीफ, विकसित होने लगते हैं तब तक मरीज की जीने की उम्र सीमित हो जाती है। ऐसी स्थिति में इसका इलाज सिर्फ वॉल्व का रिप्लेसमेंट करना ही बचता है। हाल ही में विकसित ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वौल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) तकनीक की मदद से गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस रोगियों का इलाज प्रभावी तरीके से किया जा सकता है जिनकी सर्जरी करने में बहुत ज्यादा जोखिम होता है।

### एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट

टीएवीआर से उन एओर्टिक स्टेनोसिस रोगियों को बहुत लाभ मिलेगा जिन्हें ओपन हार्ट सर्जरी करने के लिए अनफिट माना गया है। इस उपचार की सलाह उन मरीजों को दी जाती है जिनका ऑपरेशन रिस्क भरा होता है। इससे उनके जीने और कार्यक्षमता में बहुत सुधार होता है।

गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस में जान जाने का खतरा रहता है और अधिकतर मामलों में सर्जरी की ही जरूरत पड़ती है। कुछ सालों तक इस बीमारी का इलाज ओपन हार्ट सर्जरी ही थी। लेकिन टीएवीआर के आने से अब काफी बदलाव हो रहे हैं। टीएवीआर मिनिमल इंवेसिव सर्जिकल रिप्लेसमेंट प्रक्रिया है जो गंभीर रूप से पीड़ित एओर्टिक स्टेनोसिस रोगियों और ओपन हार्ट सर्जरी के लिए रिस्की माने जाने वाले रोगियों के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा जो रोगी कई तरह की बीमारियों से घिरे हुए हैं, उनके लिए भी यह काफी प्रभावी और सुरक्षित प्रक्रिया है।

### टीएवीआर ने दी नई जिंदगी

देहरादून के 53 साल के संजीव कुमार का वजन 140 किलो था और वे हाइपरटेंशन व डायबिटीज से पीड़ित थे। इसके साथ उन्हें अनस्टेबल एंजाइना की समस्या थी जिसमें रोगी को अचानक छाती में दर्द होता है और अकसर यह दर्द आराम करते समय महसूस होता है।

संजीव को कई और बीमारियां जैसे कि नॉन क्रिटिकल क्रोनोरी आर्टरी बीमारी (सीएडी), ऑबस्ट्रेक्टिव स्लीप अपनिया (सोते समय सांस लेने में तकलीफ), उच्च रक्तचाप, क्रोनिक वीनस इनसफिशिएंसी (बाएं पैर), ग्रेड 2 फैटी लीवर (कमजोर लीवर), हर्निया और गंभीर एलवी डायफंक्शन के साथ खराब इंजेक्शन फ्रेक्शन 25 फीसदी (हृदय के पंपिग करने की कार्यक्षमता) थीं।

संजीव की स्थिति दिन ब दिन गंभीर होती जा रही थी और उन का पल्स रेट 98 प्रति मिनट (सामान्य से काफी ज्यादा) था। सीटी स्कैन और अन्य परीक्षणों के बाद खुलासा हुआ कि वे गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस से भी पीड़ित थे। इतनी बीमारियों के कारण डाक्टर ने मोटापे से ग्रस्त संजीव का इलाज ट्रांसकेथेटर एओर्टिक वौल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) से किया।

### समय पर चेकअप जरूरी

गौरतलब है कि एएस की बीमारी आमतौर पर जब तक गंभीर रूप नहीं ले लेती तब तक इस बीमारी के लक्षणों का पता नहीं चलता। इसलिए नियमित चेकअप कराने की सलाह दी जाती है। उम्र बढ़ने के साथ एएस के मामले भी बढ़ते जाते हैं। इसलिए बुजुर्ग रोगियों को वॉल्व फंक्शन टेस्ट के बारे में डाक्टर से पूछना चाहिए और गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस के इलाज की आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी लेते रहना चाहिए।

# यूरिक एसिट पर कैसे करें कंट्रोल



### विटामिन सी

शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा को कम करने के लिए रोज अपनी डाइट में विटामन सी लें। एक दो महीने में यूरिक एसिड काफी कम हो जाएगा। संतरा,आंवला विटामिन सी के अच्छे स्त्रोत हैं।

**›› हाइ फाइबर फूड**

अपनी डाइट में ज्यादा फाइबर वाला फूड लेने से डाइट्री फाइबर खून से यूरिक एसिड को सोख लेता है और इसे किडनी के जरिए बाहर निकाल देता है। इसलिए जहां तक हो सके इसबगोल, ओट्स, पालक और ब्रोकली का सेवन करें। इससे यूरिक एसिड के लेवल को कम करने में मदद मिलती है।

**›› जैतून का तेल**

खाना बनाने के लिए बटर या वेजीटेबल आयल की जगह कोल्ड प्रैस्ड जैतून के तेल का इस्तेमाल करें। जैतून के तेल के इस्तेमाल से शरीर में अतिरिक्त यूरिक एसिड नहीं बनेगा।

**›› ओमेगा-3 फैटी एसिड से बचें**

यूरिक एसिड को कम करने के लिए आप ओमेगा-3 फैटी एसिड से दूरी बना लें। यह आमतौर पर मछलियों और इनके तेलों में पाया जाता है। मछली में अधिक मात्रा में प्यूरिन पाया जाता है और प्यूरिन ही शरीर में ज्यादा यूरिक एसिड पैदा करता है।

**›› बेकरी के उत्पाद से बचें**

सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट से भरपूर केक, पेस्ट्री, कुकी आदि को अपनी डाइट का हिस्सा न बनने दें। क्यों कि इससे यूरिक एसिड ज्यादा होने का खतरा रहता है।

**›› भरपूर मात्रा में पानी**

यदि शरीर में पानी की मात्रा पूरी होगी तो शरीर में मौजूद यूरिक एसिड यूरीन के रास्ते बाहर निकल जाता है। इसलिए थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहना चाहिए।

इन सबके साथ आप किसी न किसी योग्य डॉक्टर की चिकित्सा में अवश्य रहें। साथ ही आप शारीरिक श्रम से न भागे। छोटे-मोटे काम और शारीरिक हरकत अवश्य करते रहें। अधिक सोना और अधिक भोजन दोनों से बचने की आवश्यकता है।परहेज अवश्य करें क्योंकि इसके लिए सबसे बड़ी दवा यही है। जहां तक उम्र का सवाल है यह पचास साल के बाद अधिक परेशान करता है।

# बीमारी को खत्म करती है थेरैपी

**सोमा घोष**

इनाया का जन्म आम बच्चे की तरह हुआ था। लेकिन जन्म के पहले सप्ताह में उसके माता-पिता ने पाया कि उसकी कलाइयां मुड़ी सी लग रही हैं। उसके पांव भी मुड़े पाए। 3 महीने होते-होते उसकी आंखों और गरदन का हिलना झटके से होने लगा। यह देख कर माता-पिता हैरान हो गए और फिर डाक्टर के पास ले गए। डाक्टर ने कई दवाएं दीं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 6 महीने की आयु में उसे मिरगी के दौरे भी पड़ने लगे। जब भी दौरा पड़ता उसके हाथ-पांव पूरी तरह मुड़ जाते।

डाक्टर का इस बारे में कहना है कि कम उम्र में इस थेरैपी के प्रयोग से पहले काफी जांचें करनी पड़ती हैं। मेसेनकिमल स्टेम सेल्स प्रक्रिया में इतनी क्षमता होती है कि वह कठिन रोगों को ठीक कर सकती है। इस बच्ची को 21 दिनों के लिए सैल्युलर थेरैपी 3 सत्रों में दी गई। इससे उसे काफी लाभ पहुंचा। वह बहुत हद तक नॉर्मल हो चुकी है।

एक सेल यानी कोशिका से जीवन बनता है। क्या आपने कभी सोचा कि इसी सेल से ही असाध्य रोगों का इलाज संभव है? मुंबई के सेवन हिल्स हॉस्पिटल में जहां अब तक करीब 2 हजार मरीज अपना इलाज करवा चुके हैं, की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डा. रुचा पोंक्शे बताती हैं कि स्टेम सेल का प्रयोग सालों से होता आ रहा है। जिस रोगी को और्गन कैंसर होता था वहां उसके शरीर से स्टेम सेल निकाल कर कीमोथेरैपी के साथ दिए जाते थे ताकि कीमोथेरैपी अच्छी तरह से रोगी सह सके और उसका परिणाम अच्छा हो। कभी बीमारी ठीक हुई तो कभी नहीं, क्योंकि इसे कस्टमाइज्ड नहीं किया गया।

## संभव है इलाज

पिछले 10 सालों से बच्चों के जन्म के बाद उसकी नाल को रखने की विधि चलन में आई है। उसमें अधिक से अधिक स्टेम सेल पाए जाते हैं, जिनका प्रयोग किसी कठिन रोग के इलाज के लिए किया जाता है। स्टेम सेल का इलाज मुंबई में पिछले 4 साल से हो रहा है।

बड़े होने पर भी हमारे अंदर 'मदरसेल' रहते हैं, जो जीवन के अंत तक रहते हैं। उनका प्रयोग इंटरनली रिपेयर, वियर ऐंड टियर में होता रहता है, जिसमें नहाना, पेट के अंदर के सेल का बदलना, इन सब में स्टेम सेल का हाथ रहता है। इस पेशी का एक लाइफटाइम पहले से होता है, जो आपकी आयु को बताती है। जैसे ही उम्र का बढ़ना चालू होता है वैसे ही स्टेम सेल की शक्ति कम होती जाती है। हम यहां उन व्यक्तियों के लिए काम करते हैं जिन्हें हाइपरटेंशन, मधुमेह आदि बीमारियां हो गई हों। ऐसे में उस शरीर के सेल्स को लेकर उस जगह पर डाल कर इलाज कर सकते हैं। परेशानी होने पर जल्दी डाक्टर के पास जाने से अच्छा रिजल्ट मिलता है। इसके अधिक उपयोगी होने की वजह यह है कि इसे रोगी के शरीर से निकाल कर उसे अच्छी तरह प्रोसेस कर फिर रोगी के अंदर डाला जाता है।



**एक सेल यानी कोशिका से जीवन बनता है। क्या आपने कभी सोचा कि इसी सेल से ही असाध्य रोगों का इलाज संभव है? बड़े होने पर भी हमारे अंदर 'मदरसेल' रहते हैं, जो जीवन के अंत तक रहते हैं। उनका प्रयोग इंटरनली रिपेयर, वियर ऐंड टियर में होता रहता है, जिसमें नहाना, पेट के अंदर के सेल का बदलना, इन सब में स्टेम सेल का हाथ रहता है। इस पेशी का एक लाइफटाइम पहले से होता है, जो आपकी आयु को बताती है। जैसे ही उम्र का बढ़ना चालू होता है वैसे ही स्टेम सेल की शक्ति कम होती जाती है।**

>> पहले रोगी की काउंसलिंग कर उसे समझाया जाता है। अगर वह राजी हुआ तो इलाज शुरू किया जाता है।

>> 'बोनमैरो' में हमेशा सेल्स तैयार होते रहते हैं। यह मशीनरी है, जो सेल्स तैयार करती है।

>> स्टेम सेल्स हर व्यक्ति किसी भी उम्र में देकर अपना इलाज करवा सकता है।

>> स्टेम सेल्स को बोनमैरो या बॉडी के ऊपर जो फैट रहता है उसमें से ऐनेस्थीसिया कर निकाला जाता है, जिस तरह की बीमारी है उस तरह का कौंबिनेशन बनाया जाता है। सेल्स का भी वैसा ही कौंबिनेशन बनाना जरूरी होता है ताकि अच्छी तरह के स्टेम सेल्स निकलें। इस प्रक्रिया में 2-3 घंटे का समय लगता है।

>> कई लोगों में आईवी के जरीए नौर्मल डोज दी जाती है। किसी में अगर हड्डियों की बीमारी है तो ब्रेन या स्पाइनल कॉर्ड में इंजेक्शन देना आवश्यक होता है।

>> 'मस्कुलर डिस्ट्रोफी' होने पर उनमें जो कमजोर मांसपेशी है उसे पहचान कर वहां पर इंजेक्शन दिया जाता है।

>> अगर किसी को 'गैगरीन' जैसी बीमारी है जिसमें पांव काटना पड़ रहा है तो उस घाव के आसपास के एरिया में इंजेक्शन देते हैं।

>> डोज का भी बंटवारा रोग के आधार पर पहले से ही तय करना पड़ता है।

यह थेरैपी अभी तक लोगों में अधिक प्रचलित नहीं है। यह साधारण चिकित्सा नहीं है। यह कस्टमाइज्ड विधि है। एक बीमारी के साथ कई बीमारियां होती हैं, इसलिए सबका पता कर फिर इलाज किया जाता है। यह ट्रीटमेंट दिन में 1 या 2 ही किया जा सकता है। नी रिप्लेसमेंट, हिप रिप्लेसमेंट, कैंसर, मधुमेह, किडनी का खराब हो जाना, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी, गठिया के दर्द आदि सभी का इलाज संभव है। आगे जाकर कई जैनेटिक डिस ऑर्डर को भी यह थेरैपी ठीक कर सकेगी। जन्म से पहले अगर बच्चे की कमी को जान कर मां को पहले ही उस कम हुई सेल्स का इंजेक्शन दे दिया जाए तो बच्चे की स्वस्थ डिलिवरी भी हो सकेगी। थोड़े दिनों में स्टेम सेल ड्रग डिलिवरी का काम करेगी।

इलाज के बाद सावधानी के बारे में पूछे जाने पर डा. महाजन का कहना है कि इसमें सबसे पहले लाइफस्टाइल को ठीक करना पड़ता है, जिसमें खासकर डाइट पर ध्यान देना पड़ता है। इसके अलावा व्यक्ति का मिलनसार होना जरूरी है, जिसमें घर-परिवार दोस्तों का होना जरूरी है ताकि वह अपने भाव को शेयर कर सके।

टाइप वन डायबिटीज बच्चों में हो या बड़ों में, उस में 100% उस व्यक्ति को लाभ होता है। उसकी इंसुलिन लगाने की प्रक्रिया पूरी तरह खत्म हो जाती है। गलत तरीके से इलाज करने पर इसका परिणाम गलत होता है, इसलिए जानकार डाक्टर के पास जाना ही सही रहता है। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता के अलावा दुबई, मसकट, कनाडा, अमेरिका, नाईजीरिया आदि से भी लोग इलाज के लिए यहां आते हैं।

# पीवीटीजी समुदाय के लोगों के विकास के लिए 11 गांवों में लगे विशेष शिविर

■ 30 से अधिक पीवीटीजी ग्रामों के लोगों ने शिविर में लिया भाग
■ राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड को लिया गया आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिले भर में चिन्हित 166 पीवीटीजी ग्रामों अंतर्गत रहने वाले आदिम जनजातीय समुदाय के 3522 परिवारों के लगभग 16000 से अधिक सदस्यों के लिए निकटतम 126 पीवीटीजी ग्रामों व पंचायतों का चयन किया गया। जहां विशेष शिविर का आयोजन कर पीवीटीजी समुदाय के लोगों को राशन, पेंशन, आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड जैसे विभिन्न दस्तावेजों के निर्माण एवं विभिन्न योजनाओं से अच्छादित करने हेतु सहायता प्रदान किया जा रहा एवं ऑन द स्पॉट ऑनलाइन आवेदन भरने का कार्य किया जाना है।

इस विशेष शिविर की शुरूआत गुरूवार से की गयी है। उक्त शिविर का आयोजन जिले के चिन्हित 11 पंचायतों में किया गया। जिसमें निकटतम 30 पीवीटीजी ग्रामों के लोगों ने शिविर में भाग लेकर इसका लाभ उठाया। जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक शिविर में लगभग 200 से अधिक लोगों की भीड़ देखने को मिली।

उपायुक्त के निर्देशानुसार शिविर के माध्यम से पीवीटीजी समुदाय के लोगों का मुख्यतः राशन, पेंशन, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण करने का कार्य किया जा रहा है। शिविर में सबसे अधिक आवेदन राशन कार्ड एवं पेंशन कार्ड बनाने हेतु प्राप्त हुआ है। उन्होंने आज आयोजित हुए शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि आज जिले के पालकोट प्रखंड अंतर्गत जलडेगा पंचायत, कामडारा स्थिति रेडवा बिरहोर टोली, इसी प्रकार गुमला स्थिति आंजन एवं तेतर डीपा, काटासारू, विशुनपुर के टुटवापानी, चैनपुर के पंचायत भवन कांतिंग एवं पंचायत भवन मालम, डुमरी अंतर्गत पंचायत भवन मानझगांव एवं टोपेटोली, जारी प्रखंड अंतर्गत भीखमपुर बाजार टांड़ में इस विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें हजार से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं एवं सरकारी दस्तावेजों से अच्छादित करने हेतु ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किया गया है एवं ऑन द स्पॉट ऑनलाइन आवेदन भरा गया।


शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे जिला कल्याण पदाधिकारी।

### 11 से 5 बजे तक लगेंगे शिविर

पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 5 बजे तक आयोजित शिविर में सभी स्थानों मे उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रतिनियुक पदाधिकारी, कर्मी, पर्यवेक्षक एवं जिला के पदाधिकारी मौजूद रहें। डीडब्ल्यूओ ने बताया कि इस शिविर का आयोजन 10 नवंबर तक लगातार विभिन्न प्रखंडों के ग्रामों में किया जायेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य शत प्रतिशत आदिम जनजाति के लोगों को सरकार की मुख्य योजनाओं से आच्छादित करना एवं उनके मुख्य दस्तावेजों का निर्माण करते हुए समुदाय का विकास करना है।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त ने चंदाली में निर्माणाधीन नये समाहरणालय भवन का किया निरीक्षण



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने चंदाली स्थित निर्माणाधीन नये समाहरणलय भवन का गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने भवन निर्माण में उपयोग किये जाने वाले सामग्री की गुणवत्ता जांच की। वहीं उन्होंने समाहरणालय भवन के डिजाइन को भी देखा। उन्होंने स्वयं सभी कमरों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक बदलाव एवं त्रुटियों में सुधार के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कुछ कमरों के निर्माण में बदलाव भी करने के निर्देश दिये। वहीं प्रत्येक फ्लोर में बने कमरों में कौन से विभाग का कार्यालय बनाया जायेगा। उससे संबंधित भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने इस दौरान भवन निर्माण में उपयोग होने वाले ईंटों की मशीनी जांच कर क्वालिटी टेस्ट किया। उपायुक्त ने समाहरणालय भवन के आस पास बने भवनों को भी देखा। उन्होंने चंदाली पुलिस लेन में बने बैरेक्स के पुनः निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त हेमंत सती सहित संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक कार्यपालक अभियंता एवं अन्य कर्मी मौजूद रहें।

### बर्री कोयल नदी से हो रहा बालू का उठाव



**सिसई।** प्रखंड के बर्री कोयल नदी घाट से पिछले कई महीनों से अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा है। लेकिन खनन विभाग के कान मे जूं तक नही रेंग रहा है। प्रखंड प्रशासन बालू के अवैध उठाव पर रोक नहीं लगा रहा है। जिसका फायदा उठाकर बालू माफिया बालू का अवैध उठाव कर दूसरे जिलों में भेज कर मालामाल हो रहा है। प्रशासन के कार्रवाई को देखते हुए बालू माफिया भी नये तरीके से काम कर रहे हैं। दिन भर दर्जनों ट्रैक्टर से अवैध बालू का ढुलाई कराया जा जाता है और रात होते ही हाईवा में लोडकर कर झारखंड राज्य के कई हिस्सों में बालू भेज कर तस्कर मोटी रकम कमा रहे हैं। जिसे सरकार को लाखो रूपए राजस्व का क्षति हो रही है। अवैध बालू तस्करी से सबसे बड़ा खतरा प्राकृतिक पर पड़ने लगा है। नदी की सौन्दर्यता से खिलवाड़ किया जा रहा है।

### सरस्वती यात्रा में सीखे वैज्ञानिक प्रयोग



**लोहरदगा।** विद्या भारती में बालिका शिक्षा विभाग के सरस्वती यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग सीखे। यात्रा में 11 छात्र-छात्राओं के एक दल ने मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण किया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को विज्ञान के विभिन्न विषयों की प्रयोगशालाओं में संबंधित शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा न सिर्फ प्रयोग उपकरणों से परिचय कराया गया बल्कि कई वैज्ञानिक प्रयोग भी कराए गए। जीव विज्ञान की आचार्या यशोदा कुमारी ने माइक्रोस्कोप देखना व स्लाइड बनाना सिखाया। भौतिकी की आचार्या ऋद्धि मिश्रा ने उत्तल लेंस, अवतल लेंस, प्रिज्म आदि के बारे में जानकारी दी और रासायन की आचार्या स्नेहा शर्मा ने एसिड और बेस का ढल्ह मापना और उपकरणो के बारे में जानकारी दी भैया-बहनों में सुभद्रा कुमारी, अर्चना कुमारी, संतोषी कुमारी, संध्या कुमारी, दिव्या उरांव, अर्पण कुजूर, नीतीश कुमार, आदित्य कुमार, राहुल बैठा, अक्षत ईश्वर सहाय, सुरजीत उरांव और संरक्षक आचार्यो में राजकिशोर उरांव और डोली कविता उपस्थित थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, सेन्हा विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट करके सम्मानित किया गयो कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### एसडीओ ने दिये कई आवश्यक निर्देश

**लोहरदगा।** एसडीओ अमित कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को सभी बीडीओ, सीओ, सभी बीएलओ सुपरवाईजर के साथ आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। जिसमें मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के अंतर्गत 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर तक घर-घर भ्रमण सर्वेक्षण कार्यक्रम संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी और आवश्यक निर्देश दिये गये। जिन घरों में मतदाता की उम्र 18 वर्ष पूरी हो गई है या होनेवाली है उनका नाम आवश्यक रूप से मतदाता सूची में जोड़ा जायेगा। 28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलेगा।

### 31 को सीएम जायेंगे पलामू, युवाओं को सौपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 31 अक्टूबर को पलामू दौरे पर रहेंगे। पलामू में आयोजित प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला में भाग लेंगे और सैकड़ों युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। सीएम के दौरे को लेकर पलामू जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर गुरुवार को पलामू डीसी शशि रंजन ने जिले के सभी आला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन भी मौजूद रहीं। बैठक के बाद अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का भी जायजा लिया। दरअसल, पलामू पुलिस स्टेडियम में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में पलामू, गढ़वा और लातेहार के युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नियुक्त किया जायेगा। नियुक्ति पत्र सीएम हेमंत खुद उन युवाओं को सौपेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, सीएम पलामू के चियांकि हवाई अड्डा पर हेलीकॉप्टर से उतरेंगे। उसके बाद सड़क मार्ग से पुलिस लाइन स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री की सुरक्षा में 3000 से भी अधिक जवानों को तैनात किया जाएगा. पलामू पुलिस लाइन में सीएम के आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण :** राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग डीसी ने की बैठक

# घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं का पुनरीक्षण करेंगे बीएलओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर तक आयोजित होने वाले घर-घर भ्रमण सर्वेक्षण कार्यक्रम संबंधी आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई।

बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गयी कि उक्त अवधि में बीएलओ द्वारा छूटे हुए मतदाताओं का पुनरीक्षण किया जायेगा। इस दौरान दावा आपत्तियां ली जायेंगी व उनका निराकरण भी किया जायेगा। इस वर्ष प्रथम चरण के अभियान में काफी अच्छी संख्या में नये मतदाताओं का जोड़ा गया। इस अभियान से जो मतदाता सूची तैयारी होगी उसके फिर संशोधन नहीं होगा। आप भी अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर आश्वस्त हो लें कि किसी मतदाता का नाम छूटा तो नहीं है।


बैठक में शामिल डीसी व अन्य।

**खास बातें :** एसडीओ अमित कुमार ने जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि विद्यालयों में जो प्री फील्ड फॉर्म-06 दिये गये हैं। उन्हें पूर्ण रूप से भर कर सभी प्रखंड मुख्यालय में जल्द भेजा जाये ताकि तय समय में कार्य पूर्ण हो सके। उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा प्रथम चरण के अभियान में जोड़े गये मतदाता, अपने मतदान केंद्र में बीएलओ के साथ सेल्फी लेने संबंधी जानकारी दी गयी। बताया गया कि इस वर्ष 28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलेगा। 28 नवंबर आदिम जनजाति समूह, 29 नवंबर को गृहविहीन व्यक्तियों के लिए, 30 नवंबर को 80 वर्ष की उम्र से अधिक एव वरिष्ठ नागरिकों के लिए अभियान चलाया जायेगा।

# किसान देश की आन, बान और शान : खुशमन नायक

■ रुकरूम गांव में फसल प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के सिलम पंचायत के रुकरूम गांव में सिजेंटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फसल प्रदर्शनी सह जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों को दो नम्बर खेत के लिए उपयुक्त होने वाले एस 4003 धान बीज के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं किसानों को संबोधित करते हुए कहा किसान देश के आन बान और शान हैं। किसान भाई बहन लोग अपने खेत में कड़ी मेहनत और पसीना बहाकर देश के लोगों का पेट भरते हैं। खुशमन नायक ने सिजेंटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कार्यों की सराहना करते हुए कहा इस तरह का कार्यक्रम आयोजन करने से किसानों का मनोबल बढ़ता है। इस दौरान श्री नायक ने प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि सहित केंद्र सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और प्रशासन एवं सरकार से मांग कि है कि वे किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा, तकनीकी जानकारी, क्वालिटी युक्त खाद बीज सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराये।



जागरूकता रैली में शामिल महिलाएं व खुशमन नायक।

## नवंबर के पहले हफ्ते में बन सकती है भाजपा की नयी प्रदेश कार्यसमिति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नवंबर के पहले हफ्ते में भाजपा की नयी प्रदेश कार्यसमिति का गठन होने की संभावना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 28 अक्टूबर को संकल्प यात्रा खत्म करने के बाद अपनी नई टीम की घोषणा कर सकते हैं। भाजपा ऑफिस के सूत्रों के मुताबिक, नई कार्यसमिति में शामिल किये जाने वाले नेताओं की लिस्ट लगभग तैयार है। थोड़ी-बहुत बदलाव के बाद बाबूलाल मरांडी की सहमति के बाद नई कार्यसमिति की घोषणा हो जाएगी। नई कार्यसमिति में अधिकांश नये चेहरे नजर आएंगे। कई जिलाध्यक्षों के बदले जाने की भी चर्चा है।

भाजपा ने जुलाई महीने में बाबूलाल मरांडी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। लेकिन 4 महीने बाद भी उन्होंने अपनी नई टीम की घोषणा नहीं की है। पार्टी की कमान संभालने के बाद अगस्त से ही वे संकल्प यात्रा में निकल गये। उनकी व्यस्तता के कारण नई कार्यसमिति का गठन नहीं हो पाया है। 28 के बाद वे अपनी यात्रा से फ्री होकर सांगठनिक कार्यों और संगठन को दुरुस्त करने में अपनी ऊर्जा लगाएंगे। इस बीच वे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में होने वाले चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने जाएंगे।

### आइएचएम के शिक्षाविदों की लिखी पुस्तक का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विमोचन



**रांची।** एचसीएचएमसीटी, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 26 से 27 अक्टूबर तक सोशल इकनॉमिक एंड जेंडर इनक्लूसिवनेस इन टूरिज्मर थीम पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में, पर्यावरण अध्ययन विषय पर आईएचएम रांची के शिक्षाविदों द्वारा लिखित नई पाठ्यपुस्तक का अनावरण हुआ। इस अवसर पर ज्ञान भूषण, आईईएस, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार एवं सीईओ एचसीएचएमसीटी,प्रोफेसर कार्तिक नमसिवायम, स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी बिजनेस, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी, संयुक्त राज्य अमेरिका, डॉ. कॉलीन टेलर सेन, भारतीय व्यंजन पर विशेषज्ञता रखने वाली इतिहासकार, और मेविन सीबह, मैरिएट मॉरिशस होटल्स के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, मॉरिशस, समेत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और प्रतिभागियों की मौजूदगी रही। डॉ. भूपेश कुमार, प्राचार्य, आईएचएम और रवि कुमार, वरिष्ठ व्याख्याता, आईएचएम के द्वारा लिखी गई यह पाठ्यपुस्तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और केटरिंग प्रौद्योगिकी परिषद के सिलेबस के अनुरूप है।

### बुंडू रेंजर ने किया हाथी प्रभावित गांवों का दौरा

**सोनाहातू।** राहे प्रखंड ओर सोनाहातू प्रखंड क्षेत्र के हाथी प्रभावित गांवों का दौरा बुंडू रेंजर संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ किया। रेंजर के टीम ने ग्रामीणों की स्थिति को समझा। फसल नुकसान पर दुख प्रगट किये और आश्वस्त किये कि समय पर उचित मुआवजा दिया जायेगा। हाथी भगाने के लिए ग्रामीणों को सहयोग करने को कहा गया। साथ ही कोई भी ग्रामीण यदि हाथी भागने में एक्सपर्ट हैं तो उसकी सेवा लेने की बात कही गयी। ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि हाथी भागने के लिये वन विभाग प्रयासरत है। इस दौरान ग्रामीणों के बीच टॉर्च और फटाखे का वितरण किया गया। दौरे के क्रम में गलऊ पंचायत के मुखिया सावना महली, आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रामाणिक, वनपाल राजू महतो, आजसू नेता दिलीप कोईरी आदि साथ थे।

### तमाड़ विधानसभा क्षेत्र का हर गांव मुख्य पथ से जुड़ेगा : विकास मुंडा

**बुंडू।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र का हर गांव मुख्य पथ से जुड़ेगा। विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश गांव मुख्य पथ से जुड़ चुके हैं। बंचित गांव एक वर्ष के भीतर मुख्य पथ से जुड़ेंगे। पथ निर्माण की कई योजनाएं टेंडर की प्रक्रियात में है, जहां शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उक्त बातें स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने कही। वे गुरुवार को बुंडू प्रखंड के दलकडीह गांव में 42 लाख की लागत से 3000 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ग्रामीणों के हित में सभी क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। विधायक विकास कुमार मुंडा ने ग्रामीण से मिलकर उनकी समस्याओं से रू-ब-रू हुए और उनकी मांगों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर कालेश्वर मुंडा, उमेश महतो ,शिबू प्रजापति, प्रदीप मुंडा, गुड्डू जायसवाल, अरविंद कुमार, मोनू जायसवाल, बाला महतो, प्रदीप महतो, गुला महतो, मुन्ना महतो, मालिन महतो, बसु सेठ आदि मौजूद थे।

### राजाउलातू और लाली जाकर बीडीओ ने ली विकास कार्यों की जानकारी

**नामकुम।** गांव-टू-गांव कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार द्वारा राजाउलातू एवं लाली पंचायत का भ्रमण किये। इस दौरान बीडीओ डॉ कुमार ने एक-एक करके सभी विकास योजनाओं जैसे मनरेगा के तहत बिरसा सिंचाई कूप, वीर शहीद हो पोटो खेल मैदान, दीदी बाड़ी योजना, 15वें वित्त की योजना, आवास योजनां, सर्वजन पेंशन योजना आदि की जानकारी ली और मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को इनका लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ ने डीलरों द्वारा कम राशन देने, पीने के पानी की समस्या, आंगनबाड़ी भवन का निर्माण करने आदि समस्याओं से अवगत हुए और उनके त्वरित निवारण करने का आश्वासन भी दिया।

## अलग-अलग सड़क हादसे में चार घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** नरकोपी व बेड़ो थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात लगभग साढ़े सात बजे दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना नरकोपी थाना क्षेत्र के पांडेपारा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में 21 वर्षीय जोसेफ मिंज, पिता रंजीत मिंज, 19 वर्षीय संदीप उरांव, पिता कईला उरांव व 18 वर्षीय राजू उरांव, पिता सोमा उरांव तीनों लोयो मांडर निवासी हैं। वहीं दूसरी घटना बेड़ो थाना क्षेत्र के करांजी पेट्रोल के समीप इडरी बेड़ो गांव निवासी 18 वर्षीय नागेंद्र गोप, पिता नुरेश गोप बाइक के असंतुलित होकर गिरने से घायल हो गए। चारों घायलों को ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया, जहां डॉ काजल सिंह की देखरेख में इलाज किया गया।




### बाइक दुर्घटना में एक युवक जख्मी

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी में बुधवार की शाम एक बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में सिकिदिरी निवासी युवक सूरज कुमार मुंडा (25 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल सूरज को ओरमांझी के चकला मोड़ स्थित वेल क्यौर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की दोपहर बेहतर ईलाज के लिए उसे मां रामप्यारी अस्पताल रांची रेफर किया गया है। फिलहाल गंभीर अवस्था में उसका इलाज चल रहा है।

### बच्चों के अधिकार को होप हमेशा अग्रसर : एक्का

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के अरकोसा उच्च विद्यालय में होप एवं माई चॉइसेस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान सुरक्षित गांव कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा किशोर किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु, गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, मानव दुर्व्यपार आदि से बचाना है। मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बच्चों के चार अधिकार, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से बताया, मुसीबत पड़ने पर किन टॉल फ्री नंबरों का उपयोग करना है।

# जतरा समारोह जनजातियों की परंपरा व संस्कृति : बिंदेश्वर उरांव

■ ऐतिहासिक चट्टी जतरा संपन्न, सांस्कृतिक कार्यक्रम का लोगों ने उठाया लुत्फ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के चट्टी गांव में विजयादशमी के दूसरे दिन लगने वाला ऐतिहासिक चट्टी जतरा गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। जतरा में झारखंड के पारंपरिक सांस्कृतिक का अनूठा झलक देखने को मिला। जतरा में भंडरा प्रखंड के चट्टी एवं आसपास के गांवों से पहुंचे खोड़हा समूह द्वारा प्रस्तुत खोड़हा नृत्य ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर जतरा आयोजन समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में रांची से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत के साथ नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जतरा समारोह में शामिल हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव,आजसू नेत्री निरू शांति भगत व अन्य अतिथियों ने फीता काटकर जतरा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जतरा आयोजन समिति की ओर से अतिथि का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। जतरा समारोह में प्रखंड के दर्जनों गांवों के खोड़हा मंडलियों ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि जतरा समारोह जनजातियों की परंपरा संस्कृति एवं इतिहास को याद करने का प्रयास है। जतरा, सरहुल, खोड़हा नृत्य आदिवासी एकता का प्रतीक है। यह समाज को एक सूत्र में बांधे रखता है। मेला के आयोजन से समाज में एकता बढ़ती है।


कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

## 'गौसे पिया मुझपे रख्यो नजरिया, रख्यो नजरिया मोपे करयो नजरिया...' पर झूमे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा फिरदौस नगर स्तिथ खानकाह मजहरिया मुनअमिया मे गायरवी शरीफ के मौके पर गुरुवार को दो दिवसीय उर्स ए गौस ए आजम की शुरूवात हुआ ।उर्स का आयोजन खानकाह के सज्जादा नशी मौलाना सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी साहब के जानिब से किया गया जा रहा है। खानकाह में उर्स की शुरूवार गुरुवार की सुबह बाद नमाजे फजर कुरान खानी से हुई। उसके बाद बाद नमाजे असर शाम 4 बजे गागर शरीफ का आयोजन हुआ। बाद नमाजे मगरिब शाम 6 बजे से फातिहा गौस ए पाक व रात 8 बजे से पटना से आए खानकाही कव्वाल अनीस खान और उनकी टीम ने गौसे पिया मुझपे रख्यो नजरिया रख्यो नजरिया मोपे करयो नजरिया सहित अए। बता दें उर्स के दूसरे दिन यानी आज सुबह 9 बजे से मिलादुन्नबी का आयोजन किया जायेगा। मौके पर मौलाना सैय्यद अय्याजुर रब अर्शी,सैय्यद अबू राफे तीबरानी, सैय्यद आरिज सिमनानी, सैय्यद अदनान, सैय्यद आफताब आलम, सैय्यद अबू जरा हम्मादी, सैय्यद जैन कादरी, सैय्यद जयान, डीजीपी झारखंड अजय कुमार सिंह, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, पूर्व डीजीपी डी.के पांडे, डीआईजी शम्स तबरेज,हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शहदेव, हलीमुद्दीन, कांग्रेसी नेता विनय सिन्हा दीपू, आलोक दुबे,रिसालदार बाबा मजार कमिटी के अध्यक्ष अय्यूब गद्दी, जावेद अनवर, रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, उपसचिव जुल्फेकार व अन्य मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### सड़क हादसे में एक की मौत

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परियोजना पल्स टू उच्च विद्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर बिते बुधवार रात्रि बाईक से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बरछिया ग्राम निवासी जगेश्वर उरांव (45) वर्ष पिता धांसी उरांव अपने बाईक जेएच 13 सी 7733 से सवार होकर टोंटी पंचायतके इटके ग्राम स्थित कटहलटोला अपने ससुराल गया था। बुधवार संध्या बाईक से अपने घर बरछिया लौट रहा था। इसी क्रम में परियोजना पल्स टू उच्च विद्यालय के समीप एनएच मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल गया। घटना की सूचना बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी को मिलते ही सह दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को तत्काल इलाज के लिए बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहाँ चिकित्सक धुर्व कुमार ने जांच के पश्चात मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौंप दिया।

### सुदूरवर्ती गोली गांव में बजरंग बलि मंदिर का हुआ भूमिपूजन



भूमि पूजन करते लोग।

**चंदवा।** प्रखण्ड के सुदूरवर्ती लाधुप पंचायत अंतर्गत गोली ग्राम में गुरुवार को बजरंग मंदिर का विधिवत भूमि पूजन हुआ। ग्राम पुरोहित जितेंद्र पाठक उर्फ डब्लू पाठक सानिध्य में ग्राम प्रधान गेंदा पाहन, मंदिर समिति के अध्यक्ष संतोष यादव, सचिव देव ठाकुर, कोषाध्यक्ष रामकुमार महतो व अन्य ने विधिवत भूमि पूजन के पश्चात मंदिर की नींव रखी। मौके पर दीपक कुमार ठाकुर रामकृष्ण ठाकुर प्रमोद पाल विशेश्वर महतो राजदेव ठाकुर लाल अमरेंद्र सिवोद, प्रकाश, मधु, पप्पू, अजय विजेंद्र, देवेंद्र समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर बसिया ग्राम के पास गुरुवार को एक अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े बाईक सवार को टक्कर मार दिया और खुद भी गिर पड़ा। जिससे दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बैजनाथ उरांव 36 वर्ष पिता स्व. बीरबल उराँव ग्राम कटईटोला डाढ़ा थाना बारियातु निवासी बसिया ग्राम के पास सड़क किनारे बाइक में खड़ा था। इसी दौरान खलारी से बालूमाथ की ओर आ रहे जितेंद्र कुमार 40वर्ष पिता रामेश्वर नोनिया ग्राम डकरा जिला रांची निवासी ने अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं दोनो घायलो की गम्भीर स्तिथि को देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### अज्ञात वाहन के धक्के से महिला घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन के धक्के से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गंदोरी देवी 40 वर्ष पति स्व. राजेंद्र नायक ग्राम कासियाडीह थाना बालूमाथ निवासी बसिया ग्राम से अपने घर पैदल वापस लौट रही थी। इसी दौरान बसिया ओवरब्रिज के समीप एक अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया और फरार हो गया। घटना के बाद राहगीरों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार की देखरेख में महिला का प्राथमिक उपचार किया गया।

### शराब दुकान में वसूली जा रही प्रिंट रेट से अधिक कीमत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के बालूमाथ और मुरपा स्तिथ सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में ग्राहकों से प्रिंट रेट से अधिक कीमत में शराब बेची जा रही है। जिससे आये दिन दुकानदार और ग्राहकों में नोकझोंक होती रहती है। मुरपा ग्राम निवासी सतीश यादव ने बताया कि दुकानदार द्वारा अंग्रेजी शराब की निभ पर 20 रुपये हाफ बोतल पर 40 रुपये और फूल बोतल पर 80 रुपये अधिक लिया जा रहा है। दुकानदार से कारण पूछा जाता है तो वह ऊपर में 7%कमीशन देने की बात कहा जाता है। साथ ही कहा जाता है कि जहां शिकायत करना है कर दो हमको सब जगह पैसा खिलाते है। पूर्व में बालूमाथ शराब दुकान में मिलावटी शराब और प्रिंट रेट से अधिक कीमत में शराब बेचने की शिकायत के बाद कई स्टाफ को उत्पाद विभाग द्वारा पकड़ा जा चुका है। बता दें कि बालूमाथ में संचालित सभी शराब दुकान में प्रिंट रेट का न तो चार्ट लगाया गया है। साथ ही नियोजनालय द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को शराब दुकान में बहाली करना था। बावजूद इसके नियमो को धता बताते हुए कंपनी द्वारा बाहरी लोगों काम पर रख लिया गया है। इसके अलावा अंग्रेजी शराब दुकान के अलावा किसी भी ढाबा या किराना दुकान को शराब बेचने का अधिकार नहीं बावजूद इसके ढाबा एवं किराना दुकान में धड़ल्ले से नकली शराब की बिक्री की जा रही है।

## मानव तस्करी पर रोक लगाने को जिला प्रशासन चला रहा है विशेष अभियान : अंजनी अंजन

# स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने नौ बच्चियों को किया रेस्क्यू

▶▶ दिल्ली, चंडीगढ़ और पानीपत में तस्करों ने की थी बच्चियों की सप्लाई



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के द्वारा मानव तस्करी पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कप्तान के द्वारा गठित टीम ने विभिन्न महानगरों से 9 बच्चियों जो रेस्क्यू करने में सफलता हासिल की है। गुरुवार को प्रेसवार्ता करते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि मानव तस्करी एक जघन्य अपराध है। खासकर झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्र में गरीबी एवं अशिक्षा के कारण मानव तस्करों द्वारा ग्रामीणों को बहला फुसलाकर और रुपए का लालच देकर नाबालिक बच्चियों - बच्चों को महानगरों में घरेलू कार्य हेतु पहुंचाते हैं। इस तरह की घटना लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में होती रही है। इसी संदर्भ में लातेहार जिला अंतर्गत थाना कांड संख्या 95/2022, दिनांक 8 नवंबर 2022, धारा 370(4)34 भा.द.वि दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ की बच्चियों को तस्करों द्वारा महानगर दिल्ली, चंडीगढ़ एवं पानीपत राज्य में बाहर ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चियों की बरामदगी हेतु एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन कर टीम को दिल्ली, चंडीगढ़ और पानीपत भेजा गया। जहां से 9 बच्चियों को रेस्क्यू कर घर वापस लाया गया है। यह बच्चियों झारखण्ड राज्य के लातेहार जिला और छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला को रहने वाली हैं। रेस्क्यू की गई ज्यादातर बच्चियों सुदूरवर्ती क्षेत्र के आदिम जनजाति समाज से हैं।

**झारखण्ड में मानव तस्करों की एक श्रृंखला कर रही है कार्य**

पुलिस कप्तान ने बताया कि अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आई है कि मानव तस्करों की एक श्रृंखला है जो कि इन सुदूरवर्ती क्षेत्र से महानगरों को जोड़ती है। इस श्रृंखला की पहली कड़ी एजेंट है, जो अपने आसपास के गांव से आदिम जनजाति के गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें पैसा एवं काम दिलाने का लालच देकर बच्चियों को महानगरों में स्थित दूसरी फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी तक फ्लाइट, ट्रेन और बस के माध्यम से पहुंचाने को काम करते हैं। बच्चियों को प्लेसमेंट एजेंसीज में ले जाकर एक दो हफ्ते रखा जाता है। जिस दौरान बच्चों काम के बारे में सिखाया जाता है। अथवा उसके पुराने पहचान पत्र एवं मोबाइल को वहां जमा करवा दिया जाता है। जिससे वह अपने परिजनों के संपर्क में न रह सके। इसी दौरान बच्चों का नाम पता बदलकर एक फर्जी पहचान पत्र बनवा दिया जाता है। जिससे लड़कियों को पहचानने में मुश्किल हो। श्रृंखला की तीसरी कड़ी प्लेसर्स बच्चियों को क्लाइंट के पास भेजते हैं, एवं इसके एवज में कमीशन के तौर पर मोटी रकम लेते हैं। श्रृंखला की अंतिम कड़ी क्लाइंट जहां बच्चों को बिना वेतन दिए एवं बच्चों को बिना सत्यापन के काम पर रख लेते हैं। ज्यादातर यह देखा गया है की बच्चियों से दिन भर घर के सारे काम कराए जाते हैं और ठीक से खाना या कपड़ा भी नहीं दिया जाता है, और उनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार भी किया जाता है।

**जिला प्रशासन कर रही है बच्चियों के शिक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था**

पुलिस कप्तान ने बताया कि मानव तस्करी से बच्चों को बचाने हेतु तथा संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लातेहार पुलिस द्वारा टीम का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न तरीकों से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बताया कि सभी कानूनी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए रेस्क्यू किए गए बच्चियों एवं बच्चों को शिक्षा एवं पुनर्वास की व्यवस्था लातेहार प्रशासन द्वारा की जा रही है।

## वन शक्ति मंदिर में विधायक वैद्यनाथ राम ने किया महाभंडारे का उद्घाटन



फीता काट कर महाभंडारे का शुभारंभ करते विधायक वैद्यनाथ राम।

▶▶ धार्मिक क्रियाकलापों में युवाओं का आगे आना सुखद संदेश : वैद्यनाथ राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** शारदीय नवरात्र के महानवमी के मौके पर एनएच 75 मार्ग पर स्थित चंदवा के वन शक्ति मंदिर में अन्नपूर्णा बीज भंडार चंदवा के प्रोपराइटर अंकित कुमार के द्वारा महा भंडारा का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, सिकनी ट्रक ऑनर एसो. अध्यक्ष लाल रंजन नाथ शाहदेव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर महाभंडारा का उद्घाटन किया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के बीच भंडारा का प्रसाद का भी वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया। उद्घाटन को उपरांत रुद, सासंग, ब्राह्मणी, चेतर, रखात समेत आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए वैद्यनाथ राम ने कहा कि वर्तमान समय मे युवाओं का धार्मिक क्रियाकलापों में आगे आना सुखद संदेश है। अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रो. अंकित कुमार का धार्मिक आयोजनों में हमेशा बढ़-चढ़ कर योगदान रहता है। युवकों को इनसे सिख लेनी चाहिए। मौके पर राजकुमार साहू, अंकित पांडेय, केतन गुप्ता, विकास कुमार, मोनी गुप्ता, सरदार सिंह, सोनू गुप्ता, निहाल कुमार अग्रवाल, राहुल कुमार, संजय कुमार, शयाम अग्रवाल, आदित्य राम, विकाश कुमार, प्रवीण अग्रवाल, शंकर साव, बसंत प्रसाद, संदीप साव, रोहित कुमार, मनोज साहू समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक ने किशोरी के अपहरण मामले का किया खुलासा

### अपहरण नहीं, परिजनों से प्रताड़ित होकर घर से भागी थी नाबालिग

▶▶ नाबालिग लड़की को छुपा कर रखने के आरोप में कामेश्वर प्रजापति को गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने किशोरी के अपहरण मामले का खुलासा किया। अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि वादी मो. शहनवाज खान पिता स्व. हालीम खान बालूमाथ के द्वारा अपनी नाबालिक पुत्री को एक किशोर एवं उसके दोस्तो के द्वारा छेड़छाड़ करने एवं अपहरण कर ले जाने के आरोप में बालूमाथ थाना काण्ड संख्या 142/2023 दिनांक सात अक्टुबर 2023 धारा 363/365/354/506/34 भादवि एवं 8 पोस्को एक्ट के अन्तर्गत काण्ड दर्ज किया गया था। जिसके आलोक में मामले को गंभीरता से लेते हुए एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व बालूमाथ थानेदार धर्मेंद्र महतो और इंस्पेक्टर कर रहे थे। इस टीम में विशेष अनुसंधान एवं छापेमारी दल के द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर उक्त कांड को देखते हुए नाबालिक अपहर्ता को रांची के विद्यानगर रोड कृष्ण मोहल्ला से शकुशल बरामद कर लिया गया है। नाबालिग लड़की को छुपा कर रखने के आरोप में कामेश्वर प्रजापति को अपराधी मानते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पूछताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आया कि अपहर्ता छात्रा को अपने फूफा हमेशा मारपीट एवं डांट फटकार करते थे एवं स्कूल जाने से मना करते थे। साथ ही कहते थे कि ज्यादा बदमाशी करोगे तो दसवीं के बाद शादी कर देंगे। अपहर्ता को उनके परिजन हमेशा मारपीट तथा डांट फटकार करते थे। स्कूल नहीं जाने देते थे। जिससे अपहर्ता प्रताड़ित होकर अपने घर से निकलकर भाग गई थी। एवं सहेली के मदद से बालूमाथ से ऑटो में बैठकर मकईयाताड़ पहुंची थी और मकईयाताड़ से बस में बैठकर रांची खुद ही चली गई। ज्ञात होगी इस कांड को लेकर बालूमाथ शहर में काफी तनाव व्याप्त था। परंतु लातेहार एसपी अंजनी अंजन के अथक प्रयास से अंततः इस कांड को उद्भेदन कर मामला को उजागर कर दिया गया।

**छापामारी दल में शामिल अधिकारी**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ दिलु लोहरा, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार साव, पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, बालूमाथ अंचल थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, पुअनि कैलाश बाडा, धीरज कुमार, नितीश कुमार, कुबेर साव, दुति कृष्ण महतो एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने पलामू किले का किया निरीक्षण



बदहाल अवस्था में लाखों रुपयों के वाच टॉवर।

▶▶ वाच टॉवर के नाम सिर्फ सरकारी पैसे का हुआ है दुरुपयोग : अजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने भाजपा के अन्य कार्यकताओं के साथ गुरुवार को राजा मेदिनिराय के प्राचीन किले और कमलदह झील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किले के विभिन्न स्थानों पर व्याप्त कमियों को देखकर नाराजगी जताई। कमलदह झील के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन विभाग के द्वारा बनाए गए वाच टावर का जायजा लिया। अजय सोनी ने बताया कि ऐसा कई जगहों पर देखा जा रहा है कि वाच टावर के नाम पर वन विभाग ने सिर्फ सरकारी पैसे का दुरुपयोग करने का काम किया है। इसकी उच्चस्तरीय कमेटी बनाकर जांच कराने की मांग सरकार और सांसद महोदय से करने का काम करेंगे। कहा कि कमलदह झील के पास वर्षो पूर्व लाखों की लागत से बनाया गया वाच टावर भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण है। क्योंकि बनने के बाद से ही इसकी स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई थी जो आज तक सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर बेकार पड़ा हुआ है। इसकी शीघ्र मरम्मती अगर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं कराई जाती है तो पर्यटकों के साथ कभी भी अनहोनी घटना हो सकती है, क्योंकि हर वर्ष छठ पूजा के अवसर पर पलामू किले में भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमें लाखों की संख्या में आसपास के क्षेत्रों के लोग और विदेशी पर्यटक आते है। वहीं नए साल पर देशी विदेशी सैलानियों का जमावड़ा भी यहां होता है। बावजूद वन विभाग इन महत्वपूर्ण स्थलों के सौंदर्यीकरण की बजाय निजी स्वार्थ में डूबी रहती है। उन्होंने मामले को लेकर सांसद महोदय को पत्र लिखने की बात कही है।

## पुलिस अभिरक्षा कक्ष में चोरी के शक में लाये गये युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कैलाश सिंह (फाइल फोटो)।

**चंदवा।** चंदवा थाना अभिरक्षा कक्ष में ट्रक की बैटरी चोरी के शक में लाये गए युवक कैलाश सिंह की संदेहास्पद मौत होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कैलाश सिंह को गुरवार की सुबह लोगो के द्वारा ट्रक से बैटरी चोरी के शक में पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया था। सूत्रों की माने तो अभिरक्षा कक्ष में युवक ने शर्ट को फंदा बनाकर आत्महत्या का प्रयास किया। लगभग 3:45 बजे कैलाश सिंह पिता कांता सिंह (विजयनगर बिजौलिया रामगढ़) नामक युवक गम्भीर रूप से घायलावस्था में उसे पुलिस पदाधिकारी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया, जहां डॉ तरुण जोश लकड़ा ने इलाज के बाद गम्भीर स्थित को देखते हुए रिम्स रांची रेफर कर दिया। जिसके बाद उसे आनन-फानन में रांची ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस पदाधिकारी पुनः लगभग 6 बजे दुबारा युवक को जांच के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अभिरक्षा कक्ष में युवक की मौत की सूचना के बाद एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार अस्पताल पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। फिलहाल मृतक का शव चंदवा अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। मामले को लेकर कई अधिकारियों से पूछने का प्रयास किया गया लेकिन कुछ भी बोलने से अधिकारियों ने इंकार कर दिया। हालांकि युवक की मौत कैसे हुई इस पर अभी संशय बरकरार है। मामले को लेकर एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि युवक को चोरी संबंधी मामले में लाया था, घटना की जानकारी मिली है। टीम गठित कर जांच कराई जाएगी।

## एक नजर में

### पूर्व मुखिया ने किसानों के साथ की बैठक



चर्चा करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के फुलसु पंचायत भवन परिसर में पूर्व मुखिया अर्जुन उरांव के अध्यक्षता मे कृषकों के साथ बैठक की गई। बैठक मे क्षेत्र के कई किसान शामिल हुए। जहां मुख्य रूप से जिला बिससूत्री सदस्य आफताब आलम, कृषि विभाग के राज्यस्तरीय तकनीकी सलाहकार डॉ. भीडीएस मुंडा उप प्रमुख निशा शाहदेव, समाजसेवी लाल आशीष नाथ शाहदेव, वार्ड सदस्य विजय सिंह, दीपक भोक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम मे उपस्थित कृषकों को सम्बोधित करते हुए मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार छोटे बड़े सभी किसानों के लिए हरसंभव सहयोग के लिए तात्पर्य है। धान की खेती नहीं होने पर लातेहार जिला के लिए टमाटर, मटर, गोभी, बैगन, मिर्ची आदि सभी प्रकार के बीज उपलब्ध किया जाएगा। जिले में 1373 हेक्टेयर के लिए बीज मांग किया गया है। सभी किसानों को फॉर्म भरने के पश्चात बीज मिल पायेगा। वहीं आफताब आलम ने कहा कि राज्य के कृषि मंत्री लातेहार के लिए हमेशा सकारात्मक सोच रखते हैं। किसानों का जो मांग होगा अवश्य पूरा करेंगे। अभी कुछ दिन पूर्व ही ट्रैक्टर, बीज सहित अन्य कृषि से सम्बंधित उपकरण किसानों के बीच वितरण किये थे। कार्यक्रम के दौरान आफताब आलम ने कृषि ऋण, सर्वजन पेंशन, डीप बोरिंग, गव्य एवं गव्य विकास से मिलने वाले फायदे के विषय मे बताया साथ ही बारियातू प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज बनाने की बात कही। उन्होंने बताया कि मंत्री जी से इस विषय मे बात हुआ है जल्द ही प्रक्रिया में लाया जाएगा। मौके पर भूमि संरक्षण जेई दिलशाद, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष टिंकु सहित काफी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

### ट्रक की दो बैटरी व एक जैक के साथ युवक को लोगों ने पकड़ा, किया पुलिस के हवाले



युवक को ले जाती पुलिस।

**चंदवा।** चंदवा शहर से सटे कंचन नगरी मुहल्ला बाईपास मार्ग से गुरुवार की सुबह स्थानीय लोगो ने संदिग्ध अवस्था मे घूम रहे एक युवक को ट्रक का दो बैटरी व एक जैक के साथ पकड़ लिया। ग्रामीणों के द्वारा जैक व बैटरी के सम्बंध में पूछे जाने पर संतुष्ट जवाब नही मिलने के बाद स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना चंदवा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार को दी। जिसके बाद चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को अपने कब्जे में ले लिया। पूछताछ के क्रम में युवक अपना नाम कैलाश सिंह पिता स्व. कांता सिंह (रामगढ़) बता रहा था। वही बैटरी व जैक के बारे पूछताछ करने पर वह स्पष्ट रूप से सही-सही कुछ भी नहीं बता रहा था। जिस कारण लोगों को शक हुई की उक्त युवक बैटरी की चोरी कर बेचने पहुंचा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि विगत कुछ महीनों में दर्जनभर ट्रकों से बैटरी की चोरी द्वारा की गई है, इसके बाद से लोग सतर्क हैं। इधर मामले को लेकर इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि युवक से जांच पड़ताल की जा रही है। जांचोपरांत अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

# भक्तों ने नम आंखों के साथ मां अम्बे को दी विदाई

▶▶ महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर माता रानी को किया विदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** शारदीय नवरात्र तक माता सेवा में लगे भक्तों ने बुधवार को नम आंखों से माता को विदाई दी। प्रखण्ड मुख्यालय के पंचमुखी शिव मंदिर, दुर्गा मण्डप, गढ़वाटांड और रेलवे क्लब आदि स्थानों पर विराजित मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। नौ दिनों के अनुष्ठान के बाद बुधवार को जब माता के विदाई की बेला आई, तो मां से दूर होने का गम कमोबेश हर भक्तों के अश्रुपूरित आंखें स्पष्ट बता रही थी। वहीं मां की भक्ति में झूमते गाते हुए भक्त मां अम्बे की शोभा यात्रा निकालकर शहर भ्रमण किये। जिसके बाद पूरे विधि विधान और आरती पूजा के साथ छठ घाट में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।



सिंदूर खेलती सुहागिन महिलाएं।

**शोभायात्रा में सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम**

विसर्जन को लेकर पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। बीडीओ राकेश सहाय, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह खुद पूरे दल-बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे।

**विदाई के वक्त सिंदूर खेल की रस्म निभाई गई**

मां की विदाई के पूर्व महिलाओं ने दुर्गा पूजा पंडालो में सिंदूर खेला की परंपरा का आयोजन किया। पंचमुखी दुगार्पूजा पंडाल में हर वर्ष सिंदूर खेला की परंपरा को देवी की विदाई के वक्त पूरी की जाती है। विवाहित महिलाएं विधि- विधान के साथ एक दूसरे को सिन्दूर लगाकर और गीत गाकर मां को नम आंखों से विदा करती है। वहीं दुर्गा पूजा की सप्तमी से गरबा डांडिया नाईट का आयोजन भी पंचमुखी मंदिर पंडाल में किया जाता है। जहां सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और युवतियां उपस्थित होकर डांडिया नृत्य करती है। वहीं कल शुक्रवार से यूपी के विंध्याचल से आए रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का आयोजन किया जायेगा।

# श्रीलंका ने निकाली वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड की अकड़

## वर्ल्ड कप क्रिकेट 2023

## इंग्लिश टीम को आठ विकेट से रौंदकर मुश्किल किया सेमीफाइनल का सफर

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** श्रीलंका ने गुरुवार रात डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को करारी शिकस्त देते हुए वर्ल्ड कप 2023 का एक और उलटफेर कर दिया। इंग्लैंड को 156 रन पर समेटने के बाद श्रीलंका ने दो विकेट खोकर मैदान मार लिया। इस हार के बाद अब अंग्रेजों का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल लग रहा है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के छोटे से मैदान पर हाई स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद थी। मगर बड़े हिटर्स से सजी इंग्लिश टीम सूखी और सपाट पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 34वें ओवर में सिर्फ 156 रन पर ही सिमट गयी। अपने गेंदबाजों के जानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए बल्लेबाज भी हावी हो गये। इस तरह श्रीलंका ने 25.4 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पाथुम निसंका 77 तो सदीरा समीराविक्रमा 65 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले गेंदबाजी में लाहिरु कुमारा ने तीन विकेट झटके। श्रीलंका की ये पांच मैच में दूसरी जीत तो इंग्लैंड की इतने ही मुकाबलों में चौथी हार है। मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड अपने पांच मैच खेलने के बाद सिर्फ दो अंक और -1.63 के खराब नेट रन रेट के चलते नौवें स्थान पर मजबूती से टिकी हुई है। श्रीलंका के खिलाफ हार ने उसके सारे समीकरण बिगाड़ दिये। उसके चार मैच अभी बाकी हैं। ऐसे में अब कोई चमत्कार ही इंग्लैंड को नॉकआउट की दौड़ में बरकरार रख सकता है। मतलब चैंपियन टीम को यहां से सिर्फ जीत नहीं बल्कि दूसरी टीमों के नजीतों पर भी नजर बनाए रखनी होगी।

श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच वर्ल्ड कप की पहली टक्कर साल 1983 में हुई। इसके बाद से 1999 वर्ल्ड कप तक इंग्लैंड ही जीतते रहे,



लेकिन कैरेबियाई सरजमीं पर खेले गए 2007 विश्व कप में पहली बार श्रीलंका को जीत मिली। तब से लेकर आज तक एशियाई टीम का विजय रथ जारी है। 2011, 2015, 2019 के बाद अब 2023 में भी श्रीलंका ने इंग्लैंड को हरा दिया। इस तरह विश्व कप के 12 मैच में हिसाब अब 6-6 पर आ चुका है।

मौजूदा वर्ल्ड कप इंग्लैंड के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा। डिफेंडिंग चैंपियन टीम हर मोर्चे पर फेल रही। विशेषकर उनके बैटर्स अपने अति आक्रामकता के चक्कर में निपटते गये। खोई फॉर्म तलाशने के लिए उन्हें एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से बेहतर बैटिंग फ्रैंडली विकेट नहीं मिलता। डाविड मलान और जो रूट को छोड़कर इंग्लैंड का कोई भी बैटर अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया। गेंदबाजी में भी निरंतरता की कमी साफ देखी जा सकती है। जोस बटलर बतौर कप्तान और बल्लेबाज बुरी तरह विफल रहे। टीम कभी परफेक्ट कॉम्बिनेशन ही नहीं तलाश पायी।

पिछले मैच में नीदरलैंड्स पर पांच विकेट की जीत के दौरान काफी परेशानियों का सामना करने वाली श्रीलंका के लिए टूनामेंट कोई खास अच्छा नहीं जा रहा। टीम ने चोट के कारण कप्तान दासुन शनाका और युवा तेज गेंदबाज मथीषा पथिराना को गंवा दिया है। अनुभवी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज को पथिराना के बैकअप के रूप में स्क्वॉड में शामिल किया गया और टूर्नामेंट का पहला मैच खेलते हुए उन्होंने खासा प्रभाव छोड़ा। पांच ओवर में सिर्फ 14 रन देकर दो विकेट झटके तो एक रन आउट में भी उनका योगदान था। मैथ्यूज के आने से टीम में आत्मविश्वास भी आया।

### प्वाइंट्स टेबल का पूरा गणित और समीकरण

डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड का वर्ल्ड कप अभियान खराब से बेहद खराब वाली कैटेगरी में जा चुका है। इंग्लैंड ने मौजूदा टूनार्मेंट का अपना चौथा मैच गंवा दिया। अब पांच मैच में एक जीत के साथ अंग्रेज विश्व कप से बाहर होने की कगार पर खड़े हैं। नौवें पोजिशन में खड़ी इंग्लैंड सिर्फ नीदरलैंड्स से ही आगे है। इंग्लैंड को नॉकआउट राउंड से पहले अब सिर्फ चार मैच और खेलने हैं। अब यहां से इंग्लैंड अगर अपने चारों बचे मैच जीत भी जाता है तो उसके 10 अंक ही होंगे। इतने पॉइंट्स तो भारत पांच मैच में ही लेकर बैठा है। पिछले वर्ल्ड कप में तो न्यूजीलैंड 11 पॉइंट्स के साथ ही क्वालीफाई कर गया था जबकि पाकिस्तान इतने ही पॉइंट्स होने के बावजूद सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा था। तब चार मुकाबले बारिश की वजह से रद्द हुए थे। मगर इस बार ऐसी कोई संभावना नजर नहीं आती। अगर स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो इंग्लैंड का सेमीफाइनल में पहुंचना अब उनके हाथ में नहीं है। जोस बटलर एंड कंपनी को अब किस्मत का साथ चाहिए। सारे मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। इसके अलावा दूसरी टीमो के नतीजों पर टकटकी लगानी होगी। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि उनका नेट रनरेट सुधर जाये जो अभी माइनस में चल रहा है। इंग्लैंड का अगला मैच 29 अक्टूबर को भारत से लखनऊ में होगा। इसके बाद 4 नवंबर को अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया से टक्कर है। 8 नवंबर को पुणे में नीदरलैंड्स से भिड़ना है तो पाकिस्तान के खिलाफ 11 नवंबर को कोलकाता में मैच है।

स्पीड न्यूज

### वर्ल्ड चैंपियनशिप में धनबाद के राज सांचू रजवार ले रहे भाग



**धनबाद।** न्यू बिशुनपुर धनबाद निवासी राज संचू रजवार 24-29 अक्टूबर को बुडापेस्ट (हंगरी) में आयोजित सीनियर वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वो संपूर्ण झारखंड एवं बिहार के पहले व एक मात्र खिलाड़ी है। रजवार का चयन राष्ट्रीय टीम में 'टीम काता' स्पर्धा में किया गया। रजवार अपनी ट्रेनिंग कप्तान और कोच अनिकेत गुप्ता की निगरानी में दिल्ली में कर रहे है। पेशे से एक सिविल इंजीनियर होने के बावजूद उन्होंने स्पोर्ट्स का रास्ता चुनते हुए देश जगत में अपनी पहचान बनाई है। आज उनके स्टूडेंट्स भी देश विदेश से भारत के लिए पदक ला रहे। उनकी इस उपलब्धि पर शिहान भारत शर्मा और नेशनल फेडरेशन सेक्रेटरी संजीव झांगरा उनके वर्ल्ड चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही परिवार वालों और उनके चाहने वालो में भी काफी हर्ष का माहोल है।

### रॉड से मारकर भाई ने भाई को किया घायल

**बोकारो।** पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के चापाटांड गांव में सगे बड़े भाई ने अपने छोटे भाई पर लोहे के रॉड से जानलेवा हमला किया। हमले में छोटा भाई कुंडल तिवारी बुरी तरह से जख्मी हो गया है। जख्मी कुंडल तिवारी ने बताया कि उनकी पत्नी और भाभी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद मामला शांत हो गया, लेकिन शाम को बड़े भाई ने जब पिता को टारगेट कर हमला करना चाहा तो कुंडल तिवारी ने विरोध किया। बड़े भाई ने अपने परिवार के साथ मिलकर लोहे के रॉड से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया है।

### सीमेंट बोरा लदा वैगन बेपटरी, कोई नुकसान नहीं

**सिंदरी।** हर्ल खाद कारखाना साइडिंग के पास गुरुवार की अहले सुबह लगभग साढ़े चार बजे अदानी एसीसी सिमेंट लोड दो वैगन बेपटरी हो गई। वैगन बेपटरी होने की खबर से एसीसी के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। त्वरित कार्यवाही करते हुए इसकी सूचना रेलवे के अधिकारियों को दी गई। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल रूप से सिंदरी स्टेशन मास्टर राजकुमार सिंह ने इसे वापस पटरी पर लाया और वैगन को गंतव्य के लिए रवाना किया।

## नदी में छाई बहाने पर डीवीसी के एचओपी पर गिरी गाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/बोकारो थर्मल।** प्लांट से छाई बहाने के मामले पर डीवीसी के आला अधिकारियों ने बड़ी कार्यवाही करते हुए डीवीसी बोकारो थर्मल के एचओपी नंदकिशोर चौधरी बोकारो थर्मल से हटा दिया गया हैं। उनको ओएसएंडयू कोलकाता बनाये गया गया हैंए वहींए मीजिया के आनंद मोहन प्रसाद बोकारो थर्मल के नए एचओपी बनाये गये हैं। इधर ओएंडएम के सीनियर जीएम एसएन प्रसाद एफजीडी के सीनियर जीएम बनाये गये हैंए एस भट्टाचार्य ओएंडएम के जीएम व एस भद्रा सीएसई एंड सीएंडआई के जीएम बनाये गये हैंए यह तबादला डीवीसी कोलकाता एचआर के सीनियर जीएम एनवी रमन्ना के पत्रांक संख्या 1923 के आधार पर किया गया है।

### क्या है मामला

मिली जानकारी के अनुसार बोकारो थर्मल प्लांट से कोनार नदी में छाई बहाने के मामले को लेकर प्लांट करीब 50 घंटे बंद रहा थाए जिसके कारण दो इंजीनियरों पर कोलकाता मुख्यालय द्वारा कार्रवाई की गई थी। बोकारो थर्मल पावर प्लांट ऐश हैंडलिंग के डिप्टी चीफ इंजीनियर अभिजीत दुले और पॉल्यूशन कंट्रोल के डिप्टी चीफ इंजीनियर सोमेन मंडल को कोनार नदी में छाई बहाने के मामले में सस्पेंड किया गया था। इस मामले को लेकर कोलकाता मुख्यालय से प्लांट के प्रोजेक्ट हेड पर भी गाज गिराते हुए उन्हें मुख्यालय बुला लिया गया है। कहा गया कि पर्यावरण से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पीड़ित के परिजन से मिलीं रागिनी सिंह सिटी एसपी से की कार्रवाई की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के दुहाटांड़ आदिवासी मुहल्ला निवासी मुन्ना शर्मा के मौत मामले में परिजन इंसाफ के लिए दर दर भटक रहें है।पीड़ित परिजन बुधवार को सरायढेला स्थित सिंह मैंशन आवास पहुंचकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह से मिलकर अपना दुखड़ा बताया और मामले में न्याय दिलाने के लिए सहयोग की अपील की।बताया जाता है कि दुगार्पूजा के दौरान रविवार को मुन्ना के एक दोस्त ने फोन करके मेला घुमाने के नाम पर बुलाया।उसके बाद पता चला कि पंपू तलाब के पास गाड़ी से साइड देने और हॉर्न बजाने के मामूली विवाद में कुछ लोगों ने मुन्ना और उसके साथियों पर हमला बोल दिया और सभी की पिटाई कर दी।गंभीर हालत में मुन्ना को अशर्फी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मुन्ना की जान चली गई। मृतक के परिजनों ने धनसार थाना में लिखित शिकायत दर्ज करा दिया है और मारपीट में शामिल लोगो के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।बावजूद पुलिस ने अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है।पीड़ित परिजनों के अनुसार दूसरे पक्ष के लोग दबंग किस्म के है और वे लोग केस को रफा दफा करने के लिए 02लाख रुपया देने का प्रस्ताव भेज चुके है।आरोपी पक्ष केस को मैनेज करने का प्रयास कर रहें है।वहीं स्थानीय पार्षद ने भी इस मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर चिंता जताई है।इधर भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा इस मामले में उन्होंने सिटी एसपी अजीत कुमार से बात किया है।पुलिस ने दो दिनों के भीतर रिजल्ट देने का आश्वासन दिया है।

एक नजर में

### सफाई कर्मी को जीएनएम पूजा समिति ने किया सम्मानित




**कतरास।** बुधवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान कतरास के द्वारा धनबाद नगर निगम के जांबाज सफाई कर्मचारियों को टी शर्ट एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने का काम समिति के द्वारा किया गया। धनबाद नगर निगम के इन्हीं जांबाज कर्मचारियों के द्वारा मेला में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रहती है और लोग बेझिझक मेला घूमने का आनंद उठाते हैं। जिन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया उनमें मुख्य रूप से बजरंगी भुंइया अक्षय भुंइया बजरंगी कुमार,राधे हाडी,रोहित कुमार, आदि को सम्मानित किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष सचिव एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

### कोटपा के तहत 57 दुकानों में छापामारी

**बोकारो।** नियमित जांच अभियान एवं कोटपा की धारा 4 व 6ए 6बी तथा ई सिगरेट के तहत बोकारो स्टील सिटी थाना क्षेत्र के नया मोड़ दुन्दी मार्केट व बोकारो बस स्टैण्ड में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान कुल 57 दुकानों की जांच की गई । कुल 16 दुकानों व व्यक्तियों का चालान काटकर 2140 रू अर्थदन्ड की वसूली की गई। जिला परामर्शी द्वारा बताया गया कि कोटपा 2003 की धारा 6ए का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु छापामारी की जा रही है। जिला परामर्शी के अनुसार वैसे सभी विक्रेता दुकानदार जिन्होंने कोटपा 2003 की धारा 6 ए में वर्णित प्रावधानों के आलोक में वैधानिक चेतावनी वाले बोर्ड नही लगाये है उन्हें 200 रु तक का चालान किया जा सकता है। इस लिये सभी दुकानदारो को चेतावनी दी जाती है कि सिंगल सिगरेट की बिक्री न करें अन्यथा कोटपा 2003 के तहत कार्रवाई की जायेगी। जिला परामर्शी द्वारा बताया गया कि कोटपा 2003 की धारा 5 के अन्तर्गत किसी भी तम्बाकू उत्पाद का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विज्ञापन करना प्रतिबन्धित है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम मो असलम तथा सिटी थाना का गश्ती बल उपस्थित रहा।

## विधायक ने दी रघुनाथ महतो को श्रद्धांजलि

### श्रद्धांजलि सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** गुरुवार को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दुमदुमी के नरकोपी में स्वर्गीय रघुनाथ महतो का पुण्यतिथि सह श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा शोषण, विभिन्न समाज निर्माण के लिए जीवन भर संघर्ष किए, उनको समाज के प्रति किए महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मेरा हार्दिक नमन है। कार्यक्रम का नेतृत्व रघुनाथ महतो स्मारक समिति अध्यक्ष सह युवा नेता सदानंद महतो ने किया। सभी ने बारी-बारी से माल्यार्पण तथा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। सदानंद महतो ने कहा कि स्वर्गीय रघुनाथ महतो का आज छठवीं पुण्यतिथि है। रघुनाथ महतो महान दार्शनिक, लेखक, साहित्यकार व सामाजिक कार्यकर्ता थे। वे विनोद बाबू के सपाठी थे। उन्होंने शोषण मुक्त समाज के विरोध कई बार आवाज उठाई थी। रघुनाथ महतो 1942 ईस्वी में मैट्रिक पास की थी।उच्च शिक्षा आरएसपी कॉलेज झरिया से किया था।वे कई भाषा के अनुवादक थे। 14 भाषा बोल व लिख सकते थे। झारखंड आंदोलन में भी उनका अहम भूमिका रही है।वहीं मौके पर हलधर महतो ने कहा कि तोपचांची के पूर्व मुखिया तथा समाज के अग्रणी नेता भी थे। उनके दिखाएं मार्ग पर आज के युवाओं को चलने की जरूरत है.वहीं आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि रघुनाथ महतो का पूरा जीवन संघर्षपूर्ण रहा है। इनके जीवन से हमें सीखने की आवश्यकता है।

### श्रद्धांजलि सभा में ये लोग थे शामिल

इस मौके पर सरयू प्रसाद महतो, कुलदीप प्रमाणिक, विमल महतो, अनंत लाल महतो, गिरधारी महतो, तुलसी महतो, बिंदेश्वर प्रसाद महतो, ओमप्रकाश महतो, मोनी देवी,गीता देवी, सनज्योति देवी, कमली देवी, विकास महतो विनोद महतो आदि लोग मौजूद थे।

## बीएलओ के उत्साहवर्धन को लेकर विशेष अभियान आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने जिले के सभी मतदाताओं से 27 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर बीएलओ का उत्साहवर्धन करने के लिए बीएलओ के साथ सेल्फी या फोटो लेकर के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की अपील की है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की पहल और निर्देश पर फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक घंटे का विशेष ₹हैश टैग अभियान₹ 27 अक्टूबर को सुबह 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच चलाया जाना निर्धारित है। ₹मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है₹ की थीम पर उक्त एक घंटे का अनूठा कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए 27 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान चलाया जाना है।

## सिंदरी : बंद घर के दरवाजे की कुंडी काट की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी थाना क्षेत्र के एफसीआईएल आवास संख्या एल 309 निवासी अवधेश कुमार ठाकुर तथा एल 225 निवासी राजू कुमार के घरों में गुरुवार की सुबह चोरी का मामला प्रकाश में आया है। अवधेश के रिश्तेदार रवि शर्मा ने बताया कि घर से लगभग दो हजार रुपए नकदी की चोरी हुई है। अवधेश ठाकुर विगत 20 अक्टूबर से दिल्ली गए हुए हैं। वहीं राजू के पड़ोसियों ने कुंडी काटने व कपड़े बिखरे होने की जानकारी दी है। सिंदरी पुलिस ने घटनास्थलों पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। अवधेश के पड़ोसियों ने बताया कि अवधेश ठाकुर अपनी माँ शारदा देवी के साथ उक्त आवास में रह रहे हैं। वह कुछ दिनों से अपने बच्चों के पास दिल्ली गए हुए हैं। गुरुवार की सुबह बगल की महिला ने देखा कि घर का ताला खुला हुआ है। उन्होंने नजदीक जाकर देखा तो पाया कि सभी दरवाजों के कुंडी काटे गए हैं। उन्होंने इसकी सूचना दिल्ली गए अवधेश ठाकुर को फोन पर दी। उन्होंने रिश्तेदारों और पुलिस को सूचना दी। रिश्तेदार रवि शर्मा ने बताया कि घर के सभी कुंडी काटकर चोरों ने घर में प्रवेश किया होगा। आलमारी के सामान और कपड़े बिखरे पड़े हैं और लगभग दो हजार रुपए की नकदी की चोरी हुई है। वहीं एल 225 निवासी राजू के पड़ोसियों ने बताया कि पिता त्रिभुवन मंडल की मई 2023 में मृत्यु के बाद माँ प्रतिमा देवी को जून 2023 में घर बंद कर इंजीनियर राजू अपने साथ हैदराबाद ले गया है। राजू की माँ उक्त आवास में जन शिक्षण संस्थान एनजीओ के तहत महिलाओं को सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण देती थीं। घर की देखरेख कर रही महिला ने बताया कि देखा तो पाया कि मुख्य दरवाजे की कुंडी काटा हुआ है। घर के अंदर प्रवेश करने पर पता चला कि सभी दरवाजों की कुंडी कटी हुई है और बक्से में रखे कपड़े बिखरे हैं। उन्होंने बताया कि चोरी कितने की हुई है, यह स्पष्ट नहीं बताया जा सकता है। सूचना के आधार पर पहुँची सिंदरी पुलिस ने दोनों घटनास्थल पर पहुँचकर पड़ोसियों और रिश्तेदार से जानकारी प्राप्त की। सिंदरी थाना प्रभार प्रभारी आदर्श कुमार ने बताया कि उक्त दोनों घरों में चोरी की घटना संज्ञान में है। लिखित शिकायत आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### श्री श्याम जन्मोत्सव को लेकर बैठक

**चांडिल।** आगामी 23 नवंबर को होने वाले 27वां श्री श्याम जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर श्रवण जालान की अध्यक्षता मे एक बैठक श्री श्याम मंदिर परिसर चांडिल मे हुई। जिसमें जन्मोत्सव के आयोजन पर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति का पुनर्गठन हुआ। बैठक मे सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार संजय चौधरी को अध्यक्ष, संजय शर्मा को संयोजक, दुर्गा चौधरी एवं संजय बगड़िया को सह संयोजक, परमानंद पसरी सचिव एवं रोहित चौधरी कोषाध्यक्ष बनाये गये हैं।

## सिंदरी रावण दहन समिति के सदस्यों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी के ऐतिहासिक रावण दहन कार्यक्रम को विजयादशमी की शाम सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर भाजपा नेता लक्की सिंह ने कार्यक्रम संयोजक दिनेश सिंह सहित समिति के सदस्यों को गुरुवार को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। विगत 65 वर्षों के इतिहास में यह पहला मौका है।



जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री सह भाजपा नेता लक्की सिंह ने बताया कि शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में लाखों लोगों के बीच रावण दहन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराना रावण दहन समिति की दुर्लभ कार्य है। कई वर्षों से इस समिति ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। इस खुशी में समिति सदस्यों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया है। वहीं समिति संयोजक सह शिव मंदिर कमेटी सचिव दिनेश सिंह ने खुशी का इजहार करते हुए बताया कि कई वर्षों से समिति रावण दहन कार्यक्रम संपन्न कराती आ रही है।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

रावण दहन समिति के सदस्यों में सचिव सह पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, भाजपा कार्यसमिति सदस्य बृजेश सिंह, कामेश्वर सिंह, संजय सिंह, रासबिहारी सिंह, विदेशी सिंह, सुनील सिंह, सुरेश सिंह, राहुल सिंह, रमेश सिंह शामिल थे। मौके पर जश्रसं संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह, विमल सिंह, गुड्डू सिंह, राजू सिंह, मनोज दुबे, बसंत सिंह, सुभम सिंह, अमृत सिंह, पंकज सिंह, दीपक सिंह, गोविंदा सिंह, सुनील उपाध्याय आदि मौजूद थे।

### पेज 3 का शेष

#### हमारे लिए हर खिलाड़ी...

**27 अक्टूबर से हॉकी का रोमांच :** रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक पहली बार इंटरनेशनल लेवल की हॉकी प्रतियोगिता (झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023) आयोजित होने जा रही है। भारतीय महिला टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 को थाईलैंड के खिलाफ शुरू करेगी। इसके बाद भारतीय टीम 28 को मलेशिया, 30 को चीन और 31 को जापान के साथ खेलेगी। उसका अंतिम पूल गेम कोरिया के खिलाफ 2 नवंबर को होगा। 4 नवंबर को सेमीफाइनल और 5 को फाइनल मैच खेला जाना है। **उद्घाटन मैच जापान और मलेशिया के बीच :** चैंपियंस ट्रॉफी का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन जापान और मलेशिया के बीच होना है। गुरुवार को जापान, मलेशिया और साउथ कोरिया की टीमों ने मैदान पर जमकर पसीना बहाया।

#### पीटीआर में दिखा बाघ...

सुरक्षा कारणों से बाघ के वास्तविक लोकेशन की जानकारी शेयर नहीं किया जा रहा है। बाघ के मूवमेंट पर निगरानी रखी जा रही है। कुछ दिनों पहले नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ने बाघों की गिनती का आंकड़ा जारी किया था, जिसमें पीटीआर के इलाके में एक बाघ होने की बात कही थी। पीटीआर 1129 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसका कॉरिडोर सतपुडा से जुड़ा हुआ है।

#### सीमा पर सेना ने...

तलाशी अभियान जारी है। अग्रिम इलाकों का दौरा करने वाले जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान अभी जारी है। **बर्फबारी से पहले घुसपैठ की साजिश अधिक :** दिलबाग सिंह ने कहा कि दूसरे पक्ष की कोशिश भारी बर्फबारी से पहले अधिक से अधिक आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की थी। उन्होंने कहा, सर्दियों की शुरुआत से पहले पाकिस्तान के लॉन्चिंग पैड से आतंकवादियों को राजौरी-पुंछ और कुपवाड़ा-बारामूला सेक्टरों में भेजने की कोशिश की जा रही है। इनमें से कई प्रयास विफल कर दिये गये। सीमा पर सफल ऑपरेशन हुए हैं और कई आतंकी घुसपैठ करते हुए मारे गये हैं। पहले यह संख्या लगभग 40 थी और इन सफल अभियानों ने घुसपैठ की कोशिशों को काफी हद तक विफल कर दिया है। इसके बावजूद कुछ लोग घुसपैठ करने में कामयाब हो जाते हैं लेकिन अंदरूनी इलाकों में ऑपरेशन के दौरान उनको भी निपटा दिया जाता है। उन्होंने कहा, पुलिस और अन्य बलों को बड़ी सफलता मिली है। लोगों ने राहत महसूस की है क्योंकि आतंकवादियों का सफाया हो गया है...आतंकवादियों की संख्या बहुत बड़ी नहीं है और आने वाले दिनों में उनमें और कमी आयेगी।

# भारत की वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करें : राजनाथ

## शीर्ष कमांडरों की बैठक में रक्षा मंत्री बोले- इजराइल-हमास और रूस-यूक्रेन से सबक लेना जरूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वायु सेना की अभियानगत तैयारियां बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए गुरुवार को सेना के शीर्ष कमांडरों से कहा कि वे तेजी से बदलती वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति की समीक्षा करें और भारत के संदर्भ में उसका आकलन करें। सिंह ने वायुसेना कमांडरों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बल के शीर्ष अधिकारियों से देश की वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने और ड्रोन के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवाई युद्ध के क्षेत्र में नए चलन सामने आ रहे हैं। समझा जाता है कि कमांडर हमास-इजराइल संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध में विभिन्न हवाई प्रणालियों के उपयोग का व्यापक विश्लेषण कर रहे हैं। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी और अन्य कमांडर चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा पर सुरक्षा स्थिति की व्यापक समीक्षा कर रहे हैं, विशेष रूप से लद्दाख सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास के क्षेत्रों में चीन की वायु सेना द्वारा सैन्य बुनियादी ढांचे में तेजी से किये गये विस्तार की। सिंह ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के कारण नयी चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। हमें उनसे निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

सिंह ने अपने संबोधन में अभियानगत तैयारियों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और तीनों सेवाओं द्वारा अभियानों की मिलकर योजना बनाने तथा उनके कार्यान्वयन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने वायुसेना के कमांडरों से आग्रह किया कि वे तेजी से बदलती हुई वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति पर गौर करें और भारतीय संदर्भ में उनका मूल्यांकन करें। उन्होंने यह भी बताया कि हवाई युद्ध के क्षेत्र में नए रुझान सामने आए हैं और रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए उनका विश्लेषण करने और उनसे सीखने की जरूरत है। मंत्रालय के अनुसार रक्षा मंत्री ने भारतीय वायुसेना से भारत के वायु क्षेत्र की सुरक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने, ड्रोन के उपयोग और एयरोस्पेस के क्षेत्र में प्रगति करने का आह्वान किया। उसने कहा कि सिंह ने वायुसेना द्वारा हाल में हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) मिशन के दौरान निभाई गई अहम भूमिका के लिए बल की सराहना की। उन्होंने प्रयागराज में वायु सेना दिवस परेड और ह्यएयर डिस्प्लेह्व के सफल आयोजन के लिए भी वायुसेना को बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित थे।



## जमीनी युद्ध महत्वपूर्ण रहेगा : सेना प्रमुख

**नयी दिल्ली।** थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भूमि युद्ध के महत्व की पुष्टि की है और यह क्षेत्र भारत के साथ-साथ सीमा विवाद वाले देशों के मामले में बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि चीन के साथ एलएसी पर स्थिति स्थिर बनी हुई है और सेना भविष्य की किसी भी सुरक्षा चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अपनी समग्र युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। थलसेना प्रमुख ने कहा कि सेना ने रूस-यूक्रेन संघर्ष से जो महत्वपूर्ण सबक सीखा है, वह यह है कि वह सैन्य उपकरणों के आयात पर भरोसा नहीं कर सकती है ।

## स्पीड न्यूज

### मानहानि मामले में उद्धव ठाकरे और राउत की याचिका खारिज

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने मानहानि के एक मामले में आरोपमुक्त करने के अनुरोध वाली शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और पार्टी सांसद संजय राउत की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। ठाकरे और राउत ने उक्त याचिका शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुट के नेता राहुल शेवाले द्वारा उनके खिलाफ मानहानि के एक मामले में दायर की थी।

### प्रधानमंत्री आज मोबाइल कांग्रेस का करेंगे उद्घाटन

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 7वें भारतीय मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री देशभर में शैक्षणिक संस्थानों को 100 5जी यूज केस लैब्स प्रदान करेंगे।

### भ्रष्टाचार मामले में नवाज की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख नवाज शरीफ की अल-अजीजिया और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामलों में उनकी दोषसिद्धि के खिलाफ दायर अपील की बहाली संबंधी अर्जी पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। लगभग चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद 21 अक्टूबर को लंदन से पाकिस्तान लौटने के बाद शरीफ अपने छोटे भाई और पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ के साथ दूसरी बार उच्च न्यायालय में पेश हुए।

### पूर्व सांसद प्रभातसिंह चौहान का निधन

**गोधरा।** गुजरात के पंचमहल से लोकसभा के सदस्य रहे प्रभातसिंह चौहान का संक्षिप्त बीमारी के बाद बृहस्पतिवार को 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी। चौहान के संबंधी ने बताया कि पंचमहल जिले के गोधरा तालुका में पैतृक गांव महेलोल में दोपहर उनका निधन हुआ। उन्होंने बताया कि चौहान का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा।

### बेटे ने बुजुर्ग मां को जिंदा जलाया, गिरफ्तार

**अलीबाग।** महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के एक गांव में किसी बात पर कहासुनी होने पर एक बेटे ने अपनी 67 वर्षीय मां को कथित रूप से जलाकर मार डाला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना अलीबाग तालुका के नवखार सुदकोली गांव में मंगलवार को हुई और उसके अगले दिन आरोपी जयेश खोट (27) को गिरफ्तार किया गया।

### धार्मिक उपदेशक सातारकर का निधन

**ठाणे।** प्रख्यात कीर्तनकार बाबा महाराज सातारकर का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को महाराष्ट्र में नवी मुंबई के नेरुल में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सातारकर महाराष्ट्र के अलावा विदेशों में धार्मिक प्रवचन देते थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शोक संदेश में कहा कि सातारकर का निधन राज्य के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि बाबा महाराज की सुरीली आवाज और प्रस्तुतिकरण का उनका तरीका बेहद मधुर था।

### भारतवंशी वैज्ञानिक को मिला फैराडे पदक

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के प्रसिद्ध अमेरिकी वैज्ञानिक आरोग्यस्वामी पॉलराज को उनकी खोज ह्यएमआईएमओ वायरलैसह्व के लिए फैराडे पदक से सम्मानित किया गया है। एमआईएमओ वायरलैस 4जी और 5जी मोबाइल के साथ-साथ वाई-फाई वायरलेस नेटवर्क में मदद करने वाली प्रौद्योगिकी है। पॉलराज को पिछले सप्ताह लंदन में पदक दिया गया, वह इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाले 100वें व्यक्ति बन गए।

# कतर में भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को फांसी की सजा

## सभी कानूनी विकल्प तलाश रहा भारतीय विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कतर की अदालत ने गुरुवार को अल दहरा कंपनी के 8 भारतीय कर्मचारियों को मौत की सजा सुनाई है। विदेश मंत्रालय ने फैसले पर हैरान और परेशान कर देने वाला बताया है। साथ ही कहा है कि हम परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम के साथ संपर्क में हैं और सभी कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि हम इस मामले को बहुत महत्व देते हैं और इस पर

**▶▶ अगस्त 2022 से कतर की जेल में बंद हैं सभी, इन पर जासूसी का लगा है आरोप**

बारीकी से नजर रख रहे हैं। हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम फैसले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाएंगे। इस मामले की कार्यवाही की गोपनीय प्रकृति के कारण इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। कतर के दोहा की अदालत ने आठ भारतीय पूर्व नौसेना अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई है। वे अब बंद हो चुकी दहरा ग्लोबल से जुड़े थे। अगस्त 2022 से कतर की जेल में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारी बंद हैं। इन पूर्व अधिकारियों पर जासूसी का आरोप लगा है। इन आठों पूर्व नौसैनिकों के नाम हैं कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर अमित नागपाल, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कमांडर सुगुनाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता और सेलर रागेश। इन सभी को जासूसी के आरोप में पूछताछ करने के लिए इनके स्थानीय निवास से गिरफ्तार कर लिया गया था।



# अमेरिका में अंधाधुंध फायरिंग में 22 की मौत, 50 से अधिक घायल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के लेविस्टन शहर में बुधवार रात एक व्यक्ति द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में 22 लोगों की मौत हो गई। साथ ही 50 से अधिक लोग घायल हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। हमलावर अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। एंड्रोस्कोगिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने हमलावर की तस्वीर जारी कर लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात एक शूटर ने अंधाधुंध फायरिंग कर 22 लोगों की जान ले ली। फायरिंग की चपेट में आने वाले 50 से अधिक लोग घायल हैं जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावर की तलाश कर रही है। पुलिस ने हमलावर की तस्वीर जारी कर लोगों से मदद मांगी है। पुलिस को एक वाहन की भी तलाश है जिस पर हमलावर सवार था। लेविस्टन, एंड्रोस्कोगिन काउंडी का हिस्सा है। एंड्रोस्कोगिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बयान जारी कर कहा है कि मामले की जांच की जा रही है और भी व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद करने की गई है।





शिरडी स्थित श्री साईबाबा समाधि मंदिर में गुरुवार को पूजा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब कल्याण : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि गरीबों का कल्याण डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार सच्ची नीयत से गरीब और किसानों को सशक्त करने में जुटी है। प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज यहां साईं बाबा के आशीर्वाद से साढ़े 07 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। महाराष्ट्र को पांच दशक से जिस निलवंडे डैम का इंतजार था, वो काम भी पूरा

**प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में किया कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास**

हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सच्ची नीयत से किसानों के सशक्तीकरण में जुटे हैं, लेकिन कुछ लोगों ने महाराष्ट्र में किसानों के नाम पर सिर्फ राजनीति की है। महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ नेता काफी समय तक केंद्र सरकार में कृषि मंत्री रहे हैं, लेकिन उन्होंने 07 साल के अपने कार्यकाल में देशभर के किसानों से एमएसपी पर सिर्फ साढ़े 03 लाख करोड़ रुपये का अनाज खरीदा। जबकि हमारी सरकार 07 वर्षों में एमएसपी के रूप में साढ़े 13 लाख करोड़ रुपये किसानों को दे चुकी है। मोदी ने कहा कि पहले किसानों की सुध कोई नहीं लेता था। हमने पीएम किसान सम्मान निधि शुरू की, जिसकी मदद से देशभर के करोड़ों छोटे किसानों को 02 लाख 60 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। महाराष्ट्र के छोटे किसानों के बैंक खातों में भी सीधे 26 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए हैं। मोदी ने कहा कि हर घर जल पहुंचाने के लिए भी अब तक करीब 02 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। पीएम स्वनिधि योजना के जरिए रेहड़ी, ठेले और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले साथियों को हजारों रुपयों की मदद मिल रही है। इससे सुथार, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार जैसे लाखों परिवारों को पहली बार सरकार से मदद सुनिश्चित हुई है।

## आचार समिति ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को 31 अक्टूबर को बुलाया

**नयी दिल्ली।** लोकसभा की आचार समिति ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को उनके खिलाफ लगे पैसे लेकर सदन में सवाल पूछने के आरोप में 31 अक्टूबर को समक्ष पेश होने के लिए कहा है। समिति की बैठक के बाद गुरुवार को भाजपा के सांसद विनोद कुमार सोनकर ने कहा कि वे तृणमूल सांसद के खिलाफ आरोपों की जांच में गृह और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों से सहायता मांगेंगे। सोनकर ने कहा कि मोइत्रा को 31 अक्टूबर को समिति के सामने पेश होने के लिए कहा है। समिति ने वकील जय अनंत देहाद्रई और सांसद निशिकांत दुबे के बयान दर्ज किए। दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को 15 अक्टूबर को लिखे पत्र में आरोप लगाया है।

**पैसे लेकर सवाल पूछने का मामला**

## गाजा में जमीनी हमला जल्द

एजेंसी

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है और गाजा में जमीनी आक्रमण करने की तैयारियां की जा रही हैं और हमास के सभी सदस्यों की मौत करीब है। उन्होंने बुधवार शाम को राष्ट्र को दिए संबोधन में कहा कि युद्ध के दो मुख्य लक्ष्य हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट कर उसका खात्मा करना और हमारे बंधकों को घर वापस लाने के लिए हरसंभव कदम उठाना है। राष्ट्रीय एकता का आह्वान करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल अपने अस्तित्व की

**अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा इजराइल : नेतन्याहू**



लड़ाई लड़ रहा है। जमीन के ऊपर और नीचे, गाजा के अंदर और बाहर हमास के सभी सदस्यों की मौत करीब है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम हजारों आतंकवादियों का खात्मा कर चुके हैं तथा यह तो बस शुरूआत है। गाजा में निकट भविष्य में जमीनी आक्रमण की अटकलों के बारे में नेतन्याहू ने कहा कि यह जल्द होगा लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कब और कैसे होगा।

# राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष डोटासरा के कई ठिकानों पर इडी का छापा

एजेंसी

**पेपर लीक मामला**

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्थान में कथित परीक्षा पत्र लीक मामले की धन शोधन जांच के सिलसिले में गुरुवार को कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और महुआ विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार ओमप्रकाश हुड़ला के परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्व स्कूली शिक्षा मंत्री डोटासरा के सीकर और जयपुर में स्थित परिसरों और दौसा में महुआ सीट से पार्टी के उम्मीदवार हुड़ला तथा कुछ अन्य के परिसरों की तलाशी ली। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी डोटासरा के परिसरों पर छापे और अपने बेटे वैभव गहलोत को ईडी द्वारा समन भेजे जाने की पुष्टि करते हुए एक्स पर कहा कि राज्य में हर दिन ईडी द्वारा छापे मारे जा रहे हैं क्योंकि भाजपा नहीं चाहती कि कांग्रेसकी गारंटी महिलाओं, किसानों तथा गरीबों तक पहुंचे।

### बंगाल में मंत्री मलिक के आवासों सहित कई स्थानों पर इडी की रेड

**कोलकाता।** इडी के अधिकारियों ने कई करोड़ रुपए के कथित राशन वितरण घोटाले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के परिसरों पर गुरुवार को तड़के छापेमारी की। कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में स्थित राज्य के वन मंत्री मलिक के दो फ्लैट पर केंद्रीय बलों की एक टीम के सहयोग से छापा मारा।

# चुनाव आयोग के राष्ट्रीय आइकन बने राजकुमार राव

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को चुनावों में मतदाता भागीदारी बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय आइकन बनाया है। आकाशवाणी के रंग भवन में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में चुनाव आयोग और अभिनेता के बीच इस संबंध में समझौता ज्ञापन हुआ। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पाण्डेय तथा अरुण गोयल की उपस्थिति में आकाशवाणी रंग भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मैं भारत हूं, हम भारत के मतदाता हैं गीत की प्रस्तुति हुई और साथ ही राजकुमार राव की

**▶▶ अभिनेता राव ने की शहरी लोगों और युवाओं से चुनावों में बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील**

फिल्म न्यूटन के कुछ सीन दिखाये गए। राजकुमार राव ने कहा कि वे आज किसी फिल्म नहीं बल्कि लोकतंत्र में सबसे जरूरी जिम्मेदारी का प्रचार करने आए हैं। वोटिंग हमारा अधिकार है और यह आपको लोकतंत्र में भागीदारी का एक विशिष्ट अनुभव देती है। हमें इस अनुभव को गंवाना नहीं चाहिए। वे देश के मतदाताओं खासकर शहरी और युवा मतदाताओं से चुनावों में बढ़चढ़कर भागीदारी करने की अपील करते हैं। चुनाव आयोग का धन्यवाद करते हुए अभिनेता ने अपनी फिल्म न्यूटन को याद किया। यह फिल्म एक नक्सल प्रभावित इलाके में तैनात चुनाव अधिकारी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि फिल्म करते हुए उन्हें यह अनुभव आया कि देश में मतदान कराने के लिए चुनावी प्रक्रिया में लगे कर्मचारी और अधिकारी कितना परिश्रम करते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि भारत विविधता से भरा देश है। इसी विविधता में सबको साथ लेकर चलने की ताकत है।



### सेंसेक्स 901 अंक लुढ़का

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पैदा हुए दबाव के बीच गुरुवार को भी भारी बिकवाली हुई और घरेलू शेयर बाजार लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स 900.91 अंक यानी 1.41 प्रतिशत टूटकर 64,000 अंक से बहुत नीचे 63,148.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 956.08 अंक तक गिरकर 63,092.98 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 264.90 अंक यानी 1.39 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 18,857.25 पर खिसक आया। यह शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार छठा सत्र रहा।


Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX CASIO PAISTE Fender Gibson ESP DigiTech KORG M-AUDIO Ibanez Zildjian Roland Epiphone GRANADA Cort Givson stranger TAMA
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!